सुप्रभात
रांची, शनिवार
22.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), शुक्ल पक्ष, चतुर्थी/पंचमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 12

12 फिल्म 'अक्षरा' के लीड रोल में होंगी अक्षरा सिंह



युवाओं के सपने हो रहे साकार सारथी बन रही झारखण्ड सरकार

## मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत

# बिरसा योजना

(Block Level Institute for Rural Skill Acquisition)
एवं रोजगार प्रोत्साहन भत्ता/परिवहन भत्ता वितरण का

## शुभारंभ

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

गरिमामयी उपस्थिति

**डॉ महुआ माजी**
माननीया सांसद, राज्यसभा

**श्री संजय सेठ**
माननीय सांसद, लोकसभा, रांची

**श्री सी. पी. सिंह**
माननीय विधायक, रांची

दिनांक : 22 जुलाई, 2023 | समय: अपराह्न 1 बजे
स्थान : आर्यभट्ट सभागार, रांची विश्वविद्यालय



PRNO 302946 (Labour Employment and Training) IPRD 23-24

### योजना हेतु पात्रता (आयु)-
- सामान्य वर्ग: 18-35 वर्ष
- एससी/एसटी/ओबीसी वर्ग: 18-50 वर्ष तक

### बिरसा केंद्र-
- प्रथम चरण में 80 प्रखण्डों में केंद्र की शुरुआत
- प्रखण्ड स्तर पर नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था

### रोजगार प्रोत्साहन भत्ता-
- युवकों को ₹1,000 प्रतिमाह
- युवतियों/दिव्यांग/परलैंगिक को ₹1,500 प्रतिमाह

(प्रशिक्षण के बाद सफल प्रशिक्षणार्थियों को तीन माह के अंदर नियोजन नहीं होने की स्थिति में भत्ता अधिकतम एक वर्ष के लिए DBT के जरिए)

### परिवहन भत्ता-
- ₹1,000 प्रतिमाह

(गैर-आवासीय प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को उनके घर से प्रशिक्षण केंद्र आने-जाने के लिये भत्ता DBT के जरिए)

**टोल फ्री नम्बर: 1800-123-3444**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

## खबर एक नजर में

### सीएम के विभाग से जुड़े सवालों के जवाब देंगे सात मंत्री

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र शुरू हो रहा है। इस दौरान विधानसभा में आने वाले मुख्यमंत्री के विभागों से जुड़े सवालों के जवाब देने की जिम्मेदारी सात मंत्रियों को दी गई है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने अधिसूचना जारी की है।

### वीरेंद्र राम समेत छह आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम, चचेरे भाई आलोक रंजन समेत छह की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। शुक्रवार को जेल में बंद आरोपियों की वीसी के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने दोनों के साथ हवाला कारोबारी नीरज मित्तल, ताराचंद गुप्ता, राम प्रकाश भाटिया एवं हरीश यादव की अगली पेशी की तारीख सात अगस्त निर्धारित की है। ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में 22 फरवरी को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

### टेरर फंडिंग मामले में दिनेश गोप की हुई पेशी

**रांची।** टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में जेल में बंद पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को शुक्रवार को एनआईए की विशेष अदालत के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। पेशी के बाद अदालत ने उसकी हिरासत अवधि नौ अगस्त तक बढ़ा दी है। मामले में एनआईए की ओर से आरोपी को पुलिस पेपर की आपूर्ति करना है। मालूम हो कि एनआईए ने दिनेश गोप को 21 मई को नई दिल्ली स्टेशन से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद 22 मई को अदालत में पेश किया गया। उसकी गिरफ्तारी बेड़ो थाना कांड संख्या 67-2016 मामले में की गई है। जिसे बाद में एनआईए ने 2018 में टेक ओवर करते हुए एनआईए केस संख्या 02-2018 मामला दर्ज किया है।

### सीबीआई ने मधु कोड़ा, कमलेश, भानु, बंधु तिर्की, एनोस, हरिनारायण के खिलाफ हाईकोर्ट में सीलबंद रिपोर्ट सौंपी

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में दुर्गा मुंडा की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता दुर्गा मुंडा के लिए अधिवक्ता अभिषेक कृष्ण गुप्ता और राहुल कुमार मिश्रा ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने अदालत को एक सील बंद रिपोर्ट दी है। अदालत ने सीबीआई और इडी से पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, कमलेश सिंह, भानुप्रताप शाही, बंधु तिर्की, एनोस एक्का, हरिनारायण राय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर दर्ज मामलों और ट्रायल की स्टेटस रिपोर्ट मांगी थी, जिसके बाद इडी ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट को सौंप दी थी और सीबीआई ने समय लिया था। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सीबीआई ने सीलबंद रिपोर्ट अदालत को सौंप दी है। जिसके बाद चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई के लिए एक सितंबर की तिथि निर्धारित की है।

### मेडिकल कॉलेजों, सरकारी और निजी अस्पतालों में फायर फाइटिंग लगाने के मामले में हाईकोर्ट को नहीं मिला जवाब

**रांची।** राज्य के मेडिकल कॉलेजों एवं सरकारी एवं निजी अस्पतालों में फायर फाइटिंग की सुविधा मुहैया कराने को लेकर दाखिल अनुरंजन अशोक की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया। जिस पर कोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग को जवाब दाखिल करने का एक मौका देते हुए सुनवाई की अगती तिथि 1 सितंबर निर्धारित की। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि वर्ष 2016 में मेडिकल कॉलेजों एवं सरकारी और निजी अस्पतालों में फायर फाइटिंग की व्यवस्था करने को लेकर हाईकोर्ट ने आदेश दिया था। जिसके बाद राज्य सरकार ने टेंडर आमंत्रित किया था। इसके बाद टेंडर की कुछ प्रक्रिया भी हुई थी, लेकिन इसके बाद इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

### जमशेदपुर के भाजपा नेता अभय सिंह समेत अन्य को हाईकोर्ट ने दी बेल, दंगा के केस में जेल में हैं बंद

**रांची।** जमशेदपुर में दंगा भड़काने के आरोपी भाजपा नेता अभय सिंह के साथ अन्य की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद और जस्टिस सुभाष चंद की खंडपीठ ने फैसला सुना दिया है। अदालत ने अभय सिंह के साथ जनार्दन पांडे, उमेश सिंह, तहसील राजा, मुकेश मिश्रा और संदीप पांडे, जीतेश कुमार झा, प्रेम कुमार रजक, मो. जावेद शेख, रफीक मंडल, मो.इमरान, सरफराज आलम, नौशाद अहमद, आनंद शाह, मो. नेहालुद्दील सहित अन्य आरोपियों को जमानत की सुविधा प्रदान की है, जिसके बाद अब वह अदालत द्वारा जमानत के लिए दी गई शर्तों का पालन करने के बाद जेल से बाहर आ सकते हैं। इस केस से जुड़े सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने 12 जुलाई को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। सरकार की ओर से की गई बहस में अदालत को बताया गया था कि केस डायरी में अभय सिंह पर दंगा भड़काने की साजिश में शामिल होने की बात सामने आयी है।

### बहुचर्चित चारा घोटाले के आरसी 48ए/96 मामले में फैसला 28 अगस्त को


**सीबीआइ कोर्ट में पूर्व विधायक गुलशन आजमानी समेत 125 आरोपी कर रहे ट्रायल फेस**

**रांची।** चारा घोटाले के 27 साल पुराने एवं आरोपियों की संख्या में सबसे बड़े आरसी 48ए/96 मामले में 125 आरोपियों के किस्मत का फैसला 28 अगस्त को आयेगा। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने शुक्रवार को मामले में अंतिम बहस पूरी होने के बाद फैसले की तारीख निर्धारित की। फैसले के दिन मुकदमे का सामना कर रहे सभी आरोपियों को अदालत में व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहने का निर्देश दिया। सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक रवि शंकर ने बताया कि डोरंडा कोषागार से 36 .58 करोड़ रुपये की अवैध निकासी से जुड़े मामले में 45 आरोपी पशुपालन अधिकारी हैं। साथ ही नौ महिला आरोपी भी ट्रायल फेस कर रही हैं। यह अवैध निकासी साल 1990 से 1995 की अवधि में फर्जी आवंटन पत्र के आधार पर की गई थी। मामले में तत्कालीन आपूर्तिकर्ता सह पूर्व विधायक गुलशन लाल आजमानी, डॉ केएम प्रसाद, मो. सईद का परिवार, डॉ राधा रमन सहाय सहित 125 आरोपी मुकदमे का सामना कर रहे हैं।

### जेएमएम की हजारीबाग समिति भंग

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की गठित जांच कमेटी को दिए गए जांच प्रतिवेदन के आधार पर हजारीबाग जिला समिति समेत सभी स्तर के समितियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। इस बाबत हजारीबाग जिला संयोजक मंडली का गठन किया गया है। इसमें सात लोग शामिल हैं। मुख्य संयोजक संजीव बेदिया, कमल नयन सिंह, टेको चंद महतो, सोना राम मांझी, रामकिशोर मुर्मू, इजहार अंसारी तथा नीलकंठ महतो शामिल है।

### भाजपा भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त : प्रतुल शाहदेव



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि समय और सरकार बनाने का मौका देखकर भाजपा का भ्रष्टाचार के प्रति रवैया ना बदला है ना बदलेगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन पूरे तरीके से एक्सपोज हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जानना चाहा कि वह एक भी किसी दूसरे दल के नेता का नाम बतायें जो एनडीए गठबंधन में आया हो या जो भाजपा में शामिल हुआ हो जिसके ऊपर पहले से चल रहा कोई भी मामला वापस हुआ हो। उन्होंने कहा कि भाजपा मूल्य और सिद्धांत की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार ने सारी सीमाएं तोड़ दी हैं।

### पीएलएफआई के दो नक्सली खूंटी से गिरफ्तार

**खूंटी।** खूंटी पुलिस ने पीएलएफआई के दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के नाम अनुज बोदरा और सुधीर बोदरा है। खूंटी पुलिस को जानकारी मिली थी कि पीएलएफआई के एरिया कमांडर राडुग बोदरा अपने साथियों के साथ लेवी वसूलने के लिए इलाके में भ्रमणशील है, जिसके बाद एक टीम का गठन किया गया और छापेमारी करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया। दोनों गिरफ्तार नक्सली पश्चिमी सिंहभूम के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनलोगों के पास से पांच गोली, पीएलएफआई का पर्चा, चंदा रसीद, तीन मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल बरामद किया है।

## मुख्यमंत्री ने आदिवासी महोत्सव को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक

# आदिवासी महोत्सव से जनजातीय जीवन दर्शन को मिलेगी अलग पहचान : हेमंत

**जनजातीय कला संस्कृति को संरक्षित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड आदिवासी महोत्सव से जनजातीय जीवन दर्शन को अलग पहचान मिलेगी। श्री सोरेन शुक्रवार को आगामी 9 और 10 अगस्त को होने वाले आदिवासी महोत्सव की समीक्षा कर रहे थे। यह बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में किया गया था। उन्होंने कहा कि समृद्ध जनजातीय जीवन दर्शन की खूबसूरती को देश-दुनिया में अलग पहचान दिलाने के लिए पिछले वर्ष विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पहली बार आदिवासी महोत्सव का आयोजन हुआ था। इसी कड़ी में इस वर्ष झारखंड आदिवासी महोत्सव को और भी वृहत स्तर पर भव्य तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने 9 और 10 अगस्त को होने वाले दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव की तैयारियों के सिलसिले में अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, आदिवासी कल्याण आयुक्त लोकेश मिश्र, अपर सचिव अजय नाथ झा और टीआरआई के निदेशक रणेन्द्र कुमार मौजूद थे।

### राज्य का डॉक्यूमेंटेशन होना चाहिये

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्टेट के डॉक्यूमेंटेशन की भी व्यवस्था होनी चाहिये। इसमें यहां के जनजाति समुदायों के इतिहास से लेकर अब तक हुये बदलाव का प्रेजेंटेशन होना चाहिये। उन्होंने कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव सिर्फ एक आयोजन नहीं है यह हमारी समृद्ध आदिवासी संस्कृति की पहचान है। इस पहचान को राज्य के बाहर भी पहचान मिलनी चाहिये। राज्य के अन्य जिलों के साथ देश के बड़े शहरों मे एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक जगहों पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। इसके लिए जगह-जगह पर सेल्फी प्वाइंट बनाया जाये।

### जनयोजनाओं की दी जायेगी जानकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी रांची में झारखंड आदिवासी महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम होगा। वहीं, सभी जिलों में भी आदिवासी महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन कार्यक्रमों में सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को देने की भी व्यवस्था होनी चाहिये। इसमें ट्राईबल रिसर्च इंस्टीट्यूट के द्वारा सेमिनार, पैनल डिस्कशन, ट्राईबल फिल्म फेस्टिवल, ट्राइबल फूड्स फेस्टिवल और पेंटिंग एग्जीबिशन का आयोजन किया जायेगा। इसमें देशभर के आदिवासी साहित्यकार विशेषज्ञ इतिहासकार आदि शामिल होंगे।

### 25 जुलाई तक झारखंड में भारी बारिश की संभावना

**रांची।** मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के अलग-अलग हिस्सों में 25 जुलाई तक गरज के साथ आंधी-बारिश की संभावना जतायी है। मौसम विज्ञान केंद्र ने 25 जुलाई तक वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। राज्य में बारिश के साथ तेज वज्रपात की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 25 जुलाई तक तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। पिछले 24 घंटे के दौरान विभाग ने बताया कि राजधानी रांची में 11.2 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गयी। जमशेदुपर में 4.0 एमएम, सिमडेगा में 4.5 एमएम और पश्चिमी सिंहभूम में 2 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गयी।

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 22 जुलाई को गरज के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की उम्मीद है। 23 जुलाई को भारी बारिश की संभावना है। 24 जुलाई को हल्के बादल छाये रहेंगे। एक या दो बार हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है। बता दें कि पिछले तीन दिनों से राज्य में बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर और ओड़िशा में आये चक्रवाती तूफान का असर देखा जा रहा है।

## पैरा थ्रो बॉल के सात दिव्यांगजन खिलाड़ियों ने सीएम से की मुलाकात

# राज्य सरकार की ओर से खिलाड़ियों को हर संभव मिलेगी सहायता : हेमंत सोरेन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में मलेशिया में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में चयनित सात दिव्यांगजन खिलाड़ियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने खिलाड़ियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि हमारे राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों से चयनित दिव्यांग खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि मलेशिया में आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड से चयनित इन सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने यहां के खिलाड़ियों के विकास के लिए एक बेहतर खेल नीति बनाई है। इस नई खेल नीति का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मदद पहुंचाकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय फलक पर पहचान देना है। पैरा थ्रो बॉल खिलाड़ी प्रतिमा तिर्की, अनीता तिर्की, तारामणि लकड़ा, असुंता टोप्पो, महिमा उरांव, जयश्री, सनोज महतो एवं कोच मुकेश कंचन से मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत परिचय लिया। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों से कहा कि राज्य सरकार की ओर से आप सभी को हर संभव मदद दी जायेगी। उन्होंने कहा कि आप प्रतियोगिता में अपना शत-प्रतिशत दें, राज्य सरकार आपके साथ सदैव खड़ी है। उन्होंने कहा कि आपको आने वाले दिनों में कोई भी समस्या हो तो राज्य सरकार के साथ अवश्य समन्वय बनायें, नई खेल नीति के तहत आपकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक राजेश कच्छप, पैरा थ्रो बॉल एसोसिएशन झारखंड की सचिव सरिता सिन्हा एवं सोदाग पंचायत के मुखिया पतरस तिर्की उपस्थित थे।

### रांची-हावड़ा के बीच जल्द दौड़ेगी वंदे भारत एक्सप्रेस : रेल मंत्री



**रांची।** भाजपा सांसद संजय सेठ शुक्रवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले। इस दौरान रेल मंत्री ने कहा कि रांची-हावड़ा रूट पर बहुत जल्द वंदे भारत ट्रेन दौड़ेगी। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने रांची लोकसभा क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार, नई ट्रेनों के परिचालन और कई ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का आग्रह किया। रेल मंत्री ने सांसद को बताया कि रांची-हावड़ा वंदे भारत चलाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। श्री सेठ ने रांची और बनारस के बीच भी वंदे भारत ट्रेन का परिचालन करने का आग्रह किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा कि बनारस देश की सांस्कृतिक राजधानी और बड़ा व्यवसायिक केंद्र भी है। झारखंड से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग बनारस आवागमन करते हैं।

# झारखंड और बंगाल की घटना पर भी मुंह खोलें: आरती कुजूर

**भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती कुजूर ने झारखंड के सत्ताधारी ठगबंधन दलों पर किया कड़ा प्रहार**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा की नेता आरती कुजूर ने कहा कि मणिपुर की घटना किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है। प्रधानमंत्री ने घटना में शामिल आरोपियों को कड़ी सजा देने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि बहन बेटियां, उनके माता-पिता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जानना चाहते हैं कि राज्य में 5500 से अधिक हुये बलात्कार, महिला उत्पीड़न, हत्या का जिम्मेवार कौन है? उन्होंने कहा कि मैं उन सभी नेताओं और राजनीतिक पार्टी से पूछना चाहती हूं केवल मणिपुर की घटना पर ही आप बोलोगे? इसलिए कि वहां बीजेपी की सरकार है। झारखंड की बेटी रूपा तिर्की की हत्या पर, दुमका की अंकिता पर, नाला की बेटी पर,चतरा की बेटी पर एसिड अटैक पर, रुबिका हत्याकांड पर, जिसमें एक बेटी की बेरहमी से बलात्कार करके हत्या कर दी जाती है और शव को कई टुकड़ों काट दिया जाता है। रांची की संध्या टोपनो की ड्यूटी के दौरान कुचलकर हत्या कर दी जाती है। बंगाल में विधानसभा चुनाव और अभी हाल के दिन में हुये पंचायत चुनाव में आम लोगों की हत्या की जाती है। बहन बेटियों के साथ बलात्कार और हत्या की जाती हैए एफआईआर तक दर्ज नहीं किया जाता उल्टे पीड़ितों को ही प्रशासन के द्वारा धमकी दिया जाता है। तब आप सब कहां चले जाते हैं, चुप क्यों हो जाते हैं।

## अति कुपोषण के उपचार का दिया गया प्रशिक्षण

# सभी जिले कार्य प्रगति में सुधार लायें : राजेश्वरी बी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य पोषण मिशन महानिदेशक राजेश्वरी बी की अध्यक्षता में समर अभियान कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षात्मक एवं तकनीकि प्रशिक्षण के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रोजेक्ट बिल्डिंग के सभागार में किया गया। इस अवसर पर महानिदेशक ने राज्य पोषण मिशन द्वारा जिलों को प्रगति में सुधार लाने का निर्देश दिया। बैठक में समर अभियान कार्यक्रम में नामांकित बच्चे, अति गंभीर कुपोषण श्रेणी से ठीक हुए बच्चों पर चर्चा की गयी। कार्यशाला में राज्य के पांच जिला चतरा, सिमडेगा, प. सिंहभूम, साहेबगंज एवं लातेहार जिला के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका एवं समर अभियान के क्षेत्रीय प्रबंधक को समुदाय स्तर पर अति गंभीर कुपोषण के उपचार, संचार रणनीति, पोषण ट्रेकर आदि पर प्रशिक्षण दिया गया। बैठक अरसद जमाल, अवर सचिवए राज्य पोषण मिशन के कर्मी, युनिसेफ के प्रतिनिधि, रिम्स के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# मणिपुर घटना का विरोध : राजद और आदिवासी संगठनों ने आक्रोश मार्च निकालकर पीएम का पुतला दहन किया



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने का वीडियो वायरल होने के बाद से देशभर में आक्रोश व्याप्त है। इस घटना के खिलाफ झारखंड में भी राजनीतिक दलों, सामाजिक और आदिवासी संगठनों में आक्रोश है। शुक्रवार को राजद ने अल्बर्ट एक्का चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। युवा राष्ट्रीय जनता दल की प्रदेश इकाई द्वारा मणिपुर की घटना के विरोध में किये गए इस प्रदर्शन में राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और मणिपुर की भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल है। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि जिस तरह से पीएम मोदी और महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने चुप्पी साध रखी है और मणिपुर के मुख्यमंत्री अनापशनाप बयान दे रहे हैं, उससे साफ है कि भाजपा की मंशा साफ नहीं है। उन्होंने तत्काल मणिपुर सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर पीएम मोदी ऐसा नहीं करा पाते हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

वहीं प्रदेश युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि मणिपुर की घटना से मानवता शर्मसार हुई है। उन्होंने कहा कि दुःख की बात यह है कि एक राज्य जल रहा है और पीएम मोदी विदेश की यात्रा और फिर राजनीतिक कार्यक्रमों में में व्यस्त रहे।

**आदिवासी संगठनों ने निकाला आक्रोश मार्च :** मणिपुर की घटना के विरोध में शुक्रवार को पोस्टर बैनर और सरना धर्म का झंडा लेकर अलग-अलग आदिवासी संगठन से जुड़े लोगों ने भी आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेंद्र सिंह का पुतला फूंककर उनके इस्तीफे की मांग की। आदिवासी संगठन से जुड़े लोगों ने कहा कि अगर मणिपुर की सरकार को बर्खास्त और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो सभी आदिवासी संगठन एकजुट होकर प्रदर्शन तेज करेंगे।

## रांची जिले में सुरक्षा के लिए 646 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जबकि 536 स्मार्ट सीसीटीवी कैमरे अधिष्ठापित

# राज्य सरकार ने हाईकोर्ट को दी जानकारी- कुल 162 भू-माफियाओं के खिलाफ दर्ज किये गये हैं 190 केस



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में राज्य सरकार ने बताया कि 162 भू-माफियाओं के खिलाफ 190 केस दर्ज किये गये हैं। भू-माफियाओं द्वारा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की जमीन पर बने बाउंड्रीवाल को तोड़े जाने के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से हाइकोर्ट को यह जानकारी दी गयी। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता प्रत्युष चित्रेश ने कोर्ट को रांची शहर की पेट्रोलिंग प्लान की जानकारी दी।

कोर्ट को बताया गया कि शहर में 30 पीसीआर वैन 62 टाइगर मोबाइल, 15 हाई पेट्रोलिंग वाहन, 18 शक्ति कमांडो आदि सुरक्षा की व्यवस्था में लगाये गये हैं। पेट्रोलिंग पार्टी की मॉनिटरिंग भी की जा रही है। साथ ही जगह-जगह पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, पूरी रात नाइट पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। पूरी रांची में 17 जगहों पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग को लेकर बैरिकेडिंग की गयी है। रांची जिले में 646 सीसीटीवी कैमरा लगे हैं, वहीं 536 स्मार्ट सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गये हैं। ट्रैफिक पुलिस सेल को 118 कॉलर कैमरा मुहैया कराया गया है जिसमें एचडी कैमरा एवं ऑडियो विजुअल सुविधाएं सुविधा उपलब्ध करायी गयी हैं। सुरक्षा के मद्देनजर रांची जिले में 30 पीसीआर वैन, 62 टाइगर मोबाइल, 15 हाई पेट्रोलिंग वाहन, 18 शक्ति कमांडो तैनात रहते हैं।

कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 अगस्त निर्धारित करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई में क्राइम रिपोर्टिंग डाटा प्रस्तुत किया जाये। साथ ही सेक्सुअल ऑफेंस की घटनाओं के बारे में भी जानकारी देने को कहा है। मामले में रांची एसएसपी एवं गृह सचिव की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। दरअसल, 25 जून को चर्च रोड के विक्रांत चौक के सामने स्थित सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री वॉल को भूमाफियाओं ने तोड़ दिया। वहां तैनात गार्डों ने बाद में भू-माफियाओं को वहां से खदेड़ दिया। साथ ही लोअर बाजार पुलिस को इसकी सूचना दी थी। भू-माफिया अपने साथ मजदूर गेट, बालू, सीमेंट और ईट लाए थे बाउंड्री वॉल तोड़ कर वह लोग वहां गेट लगाने की तैयारी में थे बाद में पुलिस की देखरेख में बाउंड्रीवाल को ठीक किया गया।

# रिम्स की छोटी-छोटी खामियों को दूर करें : अरुण कु. सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रिम्स में शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के आयोजनकर्ताओं को सम्मानित किया गया। अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने उन्हें उत्कृष्ट कार्य के लिए स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कहा कि रिम्स की छोटी-छोटी खामियों को दूर करें। प्रवेश द्वार पर गेट टूटा हुआ है। नाम नहीं लिखा हुआ है, ये दुर्भाग्यपूर्ण है। डीएमएस कर्नल डॉ शैलेश त्रिपाठी को इन्हीं व्यवस्था पर ध्यान रखने के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन वो भी असहाय हैं।

**रक्तदान अभियान राज्य भर में चले :** अपर मुख्य सचिव ने कहा कि रक्त की आवश्यकता हमेशा होती है। ऐसे में लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना जरूरी है। विभागीय स्तर पर कोशिश होगी कि रक्तदान अभियान राज्य भर में चले।

**कैटेगरी बना कर रक्तदताओं को किया जाएगा सम्मानित :** अरुण सिंह ने कहा कि रिम्स के पास 2500 यूनिट रक्त संग्रह करने की क्षमता है। रक्त दाताओं को कैटेगरी बना कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। राज्य के 193 सीएचसी में ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना करेंगे। रांची और धनबाद सदर अस्पताल को छोड़ कर अन्य जिलों के सदर अस्पताल में ब्लड कंपोनेंट्स सेपरेशन यूनिटी नहीं है, जहां इसे स्थापित किया जाएगा।

**रिम्स की व्यवस्था सुधार के लिए किया जा रहा है काम :** रिम्स निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता कहा कि रिम्स ब्लड बैंक में जितने रक्त की आवश्यकता होती है, उतना रक्तदान नहीं होता है। जिसकी वजह से रक्त की कमी होती है और लोगों को परेशानी होती है। इसलिए ज्यादा रक्तदान शिविर लगाने और जागरूकता लाने की आवश्यकता है।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
22.07.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net श्रावण (मलमास), शुक्ल पक्ष, चतुर्थी/पंचमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 12

12 फिल्म 'अक्षरा' के लीड रोल में होंगी अक्षरा सिंह

### पुलिस अफसरों संग बैठक में सीएम ने कहा, विधि-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

# हर हाल में रोकें अपराध, नहीं तो नपेंगे

- पुलिस अपनी कार्यशैली सुधारे कोताही कतई बर्दाश्त नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि अपराध नियंत्रण पर कोताही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। हर हाल में अपराध पर लगाम लगायें। सीएम ने कहा कि उन्होंने जब पुलिस को काम करने की खुली छूट दे रखी है, तब भी सफलता क्यों नहीं मिल रही है? किसी के दबाव में आने की जरूरत नहीं है। श्री सोरेन शुक्रवार को विधि-व्यवस्था को लेकर वरीय पुलिस अधिकारियों को तलब किया था। उन्होंने वर्तमान समय में राज्य के भीतर हो रही छोटी-बड़ी आपराधिक घटनाओं को लेकर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने अगले 15 दिनों के अंदर विधि-व्यवस्था की स्थिति में सुधार लाने को कहा। सीएम ने सख्त लहजे में चेताया कि पुलिस अधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगायें। स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित पुलिस अधिकारी बख्शे नहीं जायेंगे। कहा कि वर्तमान के साथ-साथ भविष्य में होनेवाली आपराधिक घटनाओं की चुनौती से निपटने की रणनीति तैयार करें। कानून-व्यवस्था में सुधार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**बिना किसी दबाव के अपराध पर अंकुश लगायें :** सीएम ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अपराधियों ने विधि व्यवस्था संधारण को धत्ता बताते हुए कई जघन्य अपराध को अंजाम दिया है। किसी भी हाल में ऐसे अपराध स्वीकार्य नहीं हैं। वर्तमान समय में हो रही अपराधिक घटनाएं राज्य के लिए चिंता का विषय है। पुलिस बिना किसी दबाव के अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करे।

## अपराध के तरीके बदल रहे हैं , उसी अनुरूप तैयारी करें

- पुलिस को काम करने की खुली छूट, किसी के दबाव में आने की जरूरत नहीं
- वर्तमान के साथ भविष्य में होनेवाली घटनाओं की चुनौती से निपटने की रणनीति बनायें



सीएम ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में राज्य के अंदर अपराध के चेहरे हर दिन बदल रहे हैं। नये-नये ढंग अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। कई अपराध सुनियोजित तरीके से किये जा रहे हैं। कुछ लोग राज्य सरकार की छवि को धूमिल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों को सूचना तंत्र को मजबूत करने का कड़ा निर्देश दिया। बैठक में सीएम ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था का संधारण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए।

**सफलता नहीं मिलने से सीएम नाराज :** मुख्यमंत्री ने डीजीपी अजय कुमार सिंह को साफ लहजे में कहा कि आपको अपराध पर नियंत्रण के लिए मैंने खुली छूट दी है। परंतु अपराध नियंत्रण पर सफलता क्यों नहीं मिल रहा है? मौके पर मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के वरीय अधिकारियों से वर्तमान समय में राज्य के भीतर हो रही आपराधिक घटनाओं एवं अपराध नियंत्रण के लिए कानून व्यवस्था की स्थिति की पूरी जानकारी ली और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिये। मौके पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, डीजीपी अजय कुमार सिंह, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद राव लाटकर, आईजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर, एसपी एटीएस सुरेंद्र झा व अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### गारू से 40 किग्रा का आइडी बम बरामद

**लातेहार।** अति नक्सल प्रभावित कुकू थाना क्षेत्र गारू के जंगली और पहाड़ी क्षेत्र सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने करीब 40 किलो का आइडी बम बरामद किया। ये बम सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने लगा रखा था।

### भव्य तरीके से मनेगा आदिवासी महोत्सव

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड के समृद्ध जनजातीय जीवन दर्शन की खूबसूरती को देश-दुनिया में अलग पहचान दिलाने के लिए झारखंड आदिवासी महोत्सव इस बार और भी वृहत स्तर पर भव्य तरीके से रांची में 9-10 अगस्त को मनेगा।

### खूंटी में पीएलएफआइ के दो नक्सली गिरफ्तार

**खूंटी।** पीएलएफआई के दो नक्सलियों को खूंटी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नक्सलियों के नाम अनुज बोदरा और सुधीर बोदरा है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि पीएलएफआई के एरिया कमांडर राडुग बोदरा अपने साथियों के साथ लेवी वसूलने के लिए इलाके में भ्रमणशील है।

### राहुल मामले में अब चार को अगली सुनवाई

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज करने के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ कांग्रेस नेता की अपील पर गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी को नोटिस जारी किया। अगली सुनवाई 4 अगस्त को होगी।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 25 जुलाई को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 25 जुलाई को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, समन्वय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। यह बैठक झारखंड मंत्रालय के मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी।

### औरंगाबाद से इनामी नक्सली गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड सरकार ने कुख्यात नक्सली वीरेंद्र यादव पर 25 लाख का इनाम घोषित किया था। इसके अलावा एनआइए ने 5 लाख का इनाम घोषित किया था। कुख्यात नक्सली वीरेंद्र यादव को औरंगाबाद से गिरफ्तार किया गया है।

### भारत-श्रीलंका के बीच रुपये में व्यापार पर करार

**नयी दिल्ली।** भारत और श्रीलंका ने दीर्घकालिक आर्थिक साझीदारी के विजन के आधार पर आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग समझौता (ईटीसीए) के साथ ही श्रीलंका में डिजीटल आर्थिक कनेक्टिविटी करके यूपीआई के क्रियान्वयन एवं द्विपक्षीय व्यापार भारतीय रुपये में करने का आज फैसला किया।

### मणिपुर पर हंगामा संसद नहीं चली

**नयी दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में मणिपुर हिंसा और दिल्ली अध्यादेश को लेकर हंगामे के कारण कार्यवाही नहीं चल सकी। शुक्रवार को लोकसभा में कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर भारी हंगामा किया। इससे सदन में कोई कामकाज नहीं हो पाया।

### आपत्तिजनक वीडियो हटाने की अपील

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने शुक्रवार को आम जनता और मीडिया घरानों से दो महिलाओं को सड़क पर नग्न घुमाने की भयावह घटना का सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो, पोस्ट और रीपोस्ट को हटाने की अपील की।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

# मनरेगा की लंबित योजनाएं समय पर पूर्ण करें : सीएम

- राज्य के 10 हजार गांव में खेल मैदान बनायें
- महिलाओं को योजना से जोड़ें, हड़िया-दारू बेचती न दिखें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड सरकार लगातार राज्य के विकास और जनहित के कार्यों में तेजी लाने के प्रयास में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत ली हुई सभी लंबित योजनाओं को ससमय पूर्ण करें। श्री सोरेन शुक्रवार को ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा कर रहे थे।

कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक रोजगार सृजन हो सके, इस लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना अंतर्गत राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में जहां कार्य लिया जा सकता है, वैसे क्षेत्रों में मानव दिवस का सृजन करें। उन्होंने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री से मिलकर राज्य के वंचित 8 लाख पीएम आवास के लाभुकों को आवास आवंटन कराने की दिशा में बाते रखने का निर्देश दिया। वैसे पीएम आवास जो किन्हीं कारणवश लंबित हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाये। राज्य में लक्ष्य के अनुरूप 2024 तक पात्र लाभुकों को पीएम आवास से लाभान्वित करने की दिशा में कार्य करें। अधिकारियों से सीएम ने कहा कि कोई भी महिला सड़क किनारे हड़िया-दारू बेचती न दिखे, यह सुनिश्चत करें।

**खेल विकास योजना :** सीएम ने कहा कि वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत सरकार हर पंचायत में खेल मैदान बना रही है।

(शेष पेज 11 पर)

### 50 हजार एकड़ भूमि पर होगा वृक्षारोपण



सीएम ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना संचालित की जा रही है। अधिकारी बिरसा हरित ग्राम योजना के लक्ष्य को बढ़ाकर अब 50 हजार एकड़ भूमि पर वृक्षारोपण कार्य करें। बिरसा हरित ग्राम योजना के लाभुकों को उनके उपयोगिता और इच्छा के अनुसार पौधे दें ताकि उनकी आय बढ़े।

### बांग्लादेश-ए को हरा भारत फाइनल में, अब पाक से भिड़ंत

**कोलंबो।** भारत ए इमर्जिंग एशिया कप 2023 के फाइनल में पहुंच गया। शुक्रवार को कोलंबो स्थित आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गये सेमीफाइनल-2 में बांग्लादेश ए को 51 रनों से हरा दिया। फाइनल व खिताबी मुकाबला में 23 जुलाई को चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से होगा। पाकिस्तान ए की टीम श्रीलंका ए को सेमीफाइनल-1 में हरा कर फाइनल में पहुंची है। शुक्रवार को भारत की लड़खड़ाती पारी को एक छोर से संभालकर 85 गेंद में 6 चौकों की मदद से 66 रन बनाने वाले भारत के कप्तान यश ढुल को प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार से नवाजा गया।


### विराट कोहली ने लगाया 76वां शतक, सचिन को पीछे छोड़ा

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच यहां पोर्ट ऑफ स्पेन के मैदान पर दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अपने 500वें मैच में 76वां अंतर्राष्ट्रीय शतक जड़कर भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के (75 शतक) के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। विराट ने 180 गेंद का सामने करते हुए 10 चौकों की मदद से अपना ऐतिहासिक शतक पूरा किया। कोहली का टेस्ट में यह 29वां शतक भी है।

### ज्ञानवापी प्रकरण पर मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका

# वजूखाने का हिस्सा छोड़ पूरे परिसर का होगा सर्वे

**एजेंसी**



**वाराणसी।** ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वे और श्रृंगार गौरी मामले में परिसर के सर्वे वाली याचिका पर कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। हिंदू पक्ष ने पूरे मस्जिद परिसर के वैज्ञानिक सर्वे की मांग करते हुए याचिका लगायी थी, जिसका मुस्लिम पक्ष विरोध कर रहा था। याचिका में हिंदू पक्ष ने मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वे आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआइ) से कराने की मांग की थी। इसका मुस्लिम पक्ष विरोध कर रहा था।

शुक्रवार को कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए एएसआइ को सर्वे के लिए कहा है। साथ ही अपनी रिपोर्ट चार अगस्त तक कोर्ट में दाखिल करने के आदेश दिये हैं। कोर्ट के इस फैसले से जहां हिंदू पक्ष को राहत मिली है और उनमें खुशी है, वहीं इससे मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस मामले में रडार तकनीक या फिर बिना कोई क्षति पहुंचाये पूरे परिसर का वैज्ञानिक विधि से सर्वे किया जाये। सर्वे से कोर्ट ने वजूखाना के हिस्से अलग रखा है। उस जगह पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने के लिए कहा है। कोर्ट ने दोनों पक्षों से भी बातचीत करने के आदेश दिये हैं। पिछले साल कमीशन की कार्यवाही में वजू खाने में कथित शिवलिंग मिला था।

(शेष पेज 11 पर)

# 50 लाख कैश के साथ अमन श्रीवास्तव का दो गुर्गा धराया

### एटीएस की कार्रवाई, कारोबारी से मांगी थी 50 लाख रंगदारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 50 लाख रुपयों के साथ अमन श्रीवास्तव गिरोह के दो अपराधियों को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। एटीएस की टीम ने रांची पुलिस के सहयोग से कार्रवाई करते हुए कांके से दोनों अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से रंगदारी से वसूले गये 50 लाख रुपये भी बरामद किये गये हैं। दोनों से एटीएस की टीम पूछताछ कर रही है और यह जानने में जुटी हुई है किन किन लोगों से रंगदारी के रूप में यह रुपये वसूले गये हैं। अमन श्रीवास्तव वर्तमान में रांची जेल में बंद है।

**ऐसे हुई अपराधियों की गिरफ्तारी :** एटीएस को यह सूचना मिली थी कि जेल में बंद रहने के बावजूद अमन श्रीवास्तव गिरोह करोड़ों रुपये रंगदारी के जरिये वसूल रहा है। मामले की जानकारी मिलने के बाद एटीएस की टीम ऐसे लोगों पर नजर रखने लगी, जिनसे अमन श्रीवास्तव गिरोह रंगदारी मांग रही थी। इसी बीच एटीएस को यह सूचना मिली कि रांची के एक बड़े कारोबारी से अमन श्रीवास्तव गिरोह से जुड़े दो अपराधी एजाज और एम सिंह लगातार मिल रहे हैं। एटीएस की टीम जब जांच में लगी तो उन्हें यह जानकारी मिल गयी कि रांची के बड़े कारोबारी के द्वारा खौफ की वजह से अमन श्रीवास्तव गिरोह को 50 लाख रुपये की रंगदारी दी जानी है।

(शेष पेज 11 पर)

# 15 के बाद होगी इंडिया की बैठक, तय होगा सबकुछ

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** विपक्षी एकता गठबंधन (इंडिया) की मुंबई में होने वाली अगली बैठक स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त के बाद हो सकती है। अगली बैठक में गठबंधन के संयोजक के नाम पर मुहर लग सकती है। इसके अलावा सीटों के बंटवारे के फॉर्मूले पर भी चर्चा होने की संभावना है। 23 जून को पटना में पहली बैठक के बाद बेंगलुरू में दो दिन के लिए विपक्षी नेता जुटे और गठबंधन का नया नाम इंडिया रखा।

अगले लोकसभा चुनाव में भाजपानीत एनडीए को कड़ी चुनौती देने के प्रयास में जुटे 26 विपक्षी दलों ने मंगलवार को अपने गठबंधन का नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) रखा है। यह संकल्प भी लिया है कि वो देश के सामने एक वैकल्पिक राजनीति और सामाजिक एवं आर्थिक एजेंडा पेश करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इंडिया के घटक दलों की अगली बैठक मुंबई में होगी, जहां गठबंधन के संयोजक और समन्वय समिति के सदस्यों का चयन किया जायेगा।

खड़गे ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमारे गठबंधन का नाम इंडिया रखने को सभी ने एक स्वर में समर्थन किया। यह पूछे जाने पर कि विपक्षी गठबंधन का चेहरा कौन होगा, खड़गे ने कहा कि इस गठबंधन के संयोजक और समन्वय समिति के सदस्यों का फैसला मुंबई में होने वाली अगली बैठक में किया जायेगा। उनका यह भी कहना था कि सीट बंटवारे पर सभी नेताओं, समन्वय समिति के सदस्यों द्वारा परस्पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

# गड्ढे में डूबने से एलकेजी की चार बच्चियों की मौत

### पलामू के रामगढ़ प्रखंड में हुआ हादसा, जांच के आदेश

- मृतकों में दो बहनें थी, चारों उलडंडा की ही रहने वाली थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र रामगढ़ प्रखंड के सरजा गांव में स्थित नीलांबर पीतांबर उच्च विद्यालय में एलकेजी में पढ़ने वाली चार बच्चियों की पानी भरे गड्ढे में डूब जाने मौत हो गयी। इस हृदय विदारक घटना से लोग काफी मर्माहत हैं। गुरुवार को सभी बच्चियां अपने घर से कॉपी किताब लेकर स्कूल गयी थी। स्कूल से तीन बजे छुट्टी के बाद अपने घर को विद्यालय के पीछे के रास्ते से जा रही थी कि अचानक उस गड्ढे में गिर गयी। पानी अधिक रहने के कारण चारों की मौत हो गयी। जिला प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दिये हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### मृतकों में दो एक ही परिवार की बच्ची



मरनेवाली बच्चियों में दो अवधेश उरांव की पुत्री आराधना और अर्चना कुमारी हैं। वहीं छाया खाखा और सलमी कुमारी यह दोनों अलग-अलग परिवार से हैं। घटनास्थल से कापी-किताब व बैग आदि नहीं मिलने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

# फैजान के लैपटॉप से खुले आतंकी साजिश के कई बड़े राज

- मजहबी दलील को बनाया था हथियार
- विदेशी एजेंट्स से मिल कर रच रहा था बड़ी साजिश
- आइएसआइएस एजेंसी का टारगेट पूरा करने में जुटा था

**कुबेर सिंह**

**रांची।** लोहरदगा से एनआइए ने आतंकवादी संगठन आइएसआइएस से जुड़े जिस फैजान अंसारी को गिरफ्तार किया है, वह स्लीपर सेल के तौर पर काम कर रहा था। पहले उसका नाम शाहबाज बताया जा रहा था। लेकिन, अब साफ हो गया है कि उसका नाम फैजान अंसारी है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी समेत देश-विदेश के एजेंट्स से वह डार्कनेट के जरिए जुड़ा हुआ था। अलीगढ़ स्थित मुस्लिम यूनिवर्सिटी में दो साल पहले पढ़ाई के दौरान ही वह आतंकी संगठन के संपर्क में आया था। भारतीय जांच एजेंसियों ने उसे लोहरदगा की मित्तल कॉलोनी स्थित उसके घर से मंगलवार की रात को ही पकड़ा था, लेकिन, उसकी गिरफ्तारी आधिकारिक तौर पर गुरुवार को हुई।

**आइएसआइएस के टारगेट पर एक्टिव था फैजान :** फैजान के पिता फिरोज अंसारी बीएसएनएल में कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी हैं। एनआईए ने उसके पास से कई डिजिटल एविडेंस जब्त किये हैं। अलीगढ़ से लौटने के बाद लोहरदगा में वह पिछले दो महीनों से रह रहा था और अपने घर से ही पूरी तरह सक्रिय भी था।

(शेष पेज 11 पर)



### एनआइए करेगी सात दिनों तक पूछताछ

आतंकवादी संगठन आइएसआइएस के लिए काम कर रहे फैजान अंसारी को एनआईए अपने कब्जे में लेकर सात दिनों तक राज उगलवायेगी। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने शुक्रवार को आंतकी फैजान को सात दिनों की पुलिस रिमांड पर पूछताछ करने की अनुमति दे दी। यह पूछताछ एनआईए कांड संख्या आरसी 2/23 मामले में की जायेगी। फैजान को 24 जुलाई को अपने कब्जे में लेगी। 31 जुलाई को पुलिस रिमांड की अवधि खत्म होने पर अदालत में पेश किया जायेगा। उसे गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। जांच एजेंसियों को अंतरराष्ट्रीय ट्रांजेक्शन से फैजान पर शक हुआ। इसके बाद उसकी गिरफ्तारी की गयी। इसके पास से कई वीडियो क्लिप, पेन ड्राइव के साथ पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से संपर्क के कई सबूत मिला है।

# राज्यसभा में संसदीय समितियों की आठ रिपोर्ट हंगामे के बीच पेश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में हंगामे की आशंका के बीच तीन विभागों से संबंधित संसदीय स्थायी समितियों की आठ प्रमुख रिपोर्ट शुक्रवार को राज्यसभा में पेश की गयी। ये रिपोर्ट रक्षा, कृषि, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण, श्रम, कपड़ा और कौशल विकास संबंधी संसदीय स्थायी समिति की हैं। सुबह 11 बजे राज्यसभा की बैठक शुरू होने के तुरंत बाद रिपोर्ट पेश की गयी। रक्षा विभाग से जुड़े इंटर-सर्विसेज ऑर्गनाइजेशन (कमांड, कंट्रोल एंड डिसिप्लिन) बिल, 2023 पर विभाग-संबंधित रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की 29वीं रिपोर्ट उच्च सदन में पेश की गयी। भाजपा सांसद डीपी वत्स और अशोक बाजपेयी ने रिपोर्ट की अंग्रेजी और हिंदी प्रति सदन में रखी। बाद में कृषि विभाग से संबंधित, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण पर संसदीय स्थायी समिति (2022-23) की दो रिपोर्ट सदन में पेश की गयी। इनमें मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (मत्स्य पालन विभाग) से संबंधित तटीय एक्वाकल्चर प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2023 पर 57वीं रिपोर्ट पेश हुई।

# झारखंड की कला संस्कृति को और भी सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री से होगी बात : राजेश ठाकुर

कांग्रेस कला संस्कृति विभाग के चेयरमैन भानु प्रताप बड़ाईक ने कलाकारों की समृद्धि के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को मांग पत्र सौंपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कला संस्कृति एवं फिल्म विभाग के चेयरमैन भानु प्रताप बड़ाईक ने कहा कि झारखंड राज्य में व्याप्त कला संस्कृति का उदाहरण बेमिशाल है। यहां की कला और संस्कृति काफी समृद्ध है और इसकी गूंज विदेशों तक में सुनाई देती है। इसे और विख्यात करने की जरूरत है। उन्होंने इस संदर्भ में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मिलकर झारखंड के कला संस्कृति से जुड़े 13 सूत्री मांगों से संबधित एक मांग पत्र सौंपा।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को मांग पत्र सौंपते हुए भानू प्रताप बड़ाईक ने कहा कि सरकार के स्तर पर राज्य के कलाकारों के हित में कलाकार कल्याण कोष का गठन किया जाय। जिससे कलाकारों की आर्थिक सहायता, ऋण, अंशदान की सरल प्रक्रिया हो। वहीं जिला एवं प्रखंडों में सांस्कृतिक भवन का निर्माण हो और योग्य संगीत शिक्षकों के द्वारा झारखंड के पारंपारिक वाद्ययंत्र के साथ राग-रागिनी, नृत्य शैली के प्रशिक्षण कि व्यवस्था हो ताकि झारखंड की कला-सांस्कृति बचाया जा सके। झारखंड सरकार के विभागों में कलाकारों को स्थायी एवं अस्थायी नैकरी में आरक्षण का प्रावधान किया जाय। झारखंड सरकार द्वारा आयोजित महोत्सव कार्यक्रम में स्थानीय भाषा के कलाकारों को प्राथमिकता दिया जाय एवं सदस्यों के आधार पर मानदेय बढ़ाया जाए। साथ ही प्रोत्साहन स्वरूप राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाय। फिल्म निर्माण नीति को सरल बनाया जाए ताकि क्षेत्रीय कलाकारों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ रहे अश्लीलता भरे गीत, फिल्म एवं एल्बम को रोकने के लिए सरकार द्वारा एक कमिटी बनायी जाए ताकि झारखंड की संस्कृति को बचाया जा सकें।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने श्री बड़ाईक द्वारा सौंपे गये मांग पत्र को काफी गंभीरता से लेते हुए कहा कि झारखंड की कला संस्कृति आमलोगों को एक सूत्र में बांधने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। यहां के कलाकारों के जज्बे को विश्व भर में सराहा जाता है। कलाकारों की उन्नति और समस्याओं का समाधान के लिए हम जल्द मुख्यमंत्री से बात करेंगे

## ऑटोमेटिक ऐसेइंग लैब मशीन का हुआ लाइव डेमो



**रांची।** झारखण्ड राज्य कृषि विपणन पर्षद रांची के मुख्यालय में ऑटोमेटिक ऐसेइंग मशीन के द्वारा किसानों की सभी प्रकार की उपज अनाज, गुणवत्ता की जांच, अनाज में मिश्रण का औसत जांच, आद्रता की जांच के लिए एक ऑटोमेटिक ऐसेइंग लैब मशीन का लाइव डेमो अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह के समक्ष दिया गया। यह मशीन किसानों के अनाजों की जांच के लिए ई-नाम से जुड़ी विभिन्न बाजार समितियों के पास उपलब्ध है। ऑटोमेटिक ऐसेइंग लैब मशीन के स्थापित होने के फलस्वरूप किसानों को अनाजों का उचित मूल्य प्राप्त होगा। इस लैब से जांच के बाद व्यापारियों को भी अपनी उपज का प्रमाण पत्र प्राप्त होगा और उचित मूल्य भी मिलेगा।

## खबर एक नजर में

### एसआर डीएवी में लगा बाल मेला



**रांची।** एस. आर. डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग में शुक्रवार को नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने बाल-मेला का आयोजन किया। इस मेले में कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों ने तरह-तरह की दुकानें सजाई। उन दुकानों में तरह-तरह के लजीज व्यंजन से लेकर स्वादिष्ट मिठाइयां, खिलौने, सब्जियां आदि बच्चों के द्वारा ही बेचने व खरीदने के नाटक खेले गए। सभी बच्चों के चेहरों पर मेले की खुशी साफ झलक रही थी। प्राचार्य संजीत कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की शिक्षा उन्हें जीवन के अनुभव प्रदान करेगी। क्रिया-कलाप आधारित शिक्षा किताबी बोरियत को दूर करती है। विद्यार्थी खेल-खेल में बहुत कुछ क्रियात्मक ढंग से सीखते हैं, जिनका प्रभाव दूरगामी होता है। नई शिक्षा नीति में भी इसी प्रकार के शिक्षा की अनुशंसा की गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस तरह की अन्य गतिविधियों का आयोजन होता रहेगा, ताकि विद्यार्थी खेल-खेल में अमूल्य शिक्षा सानंद ग्रहण करें। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बच्चों द्वारा आयोजित मेले में उपस्थित होकर उनका मनोबल बढ़ाया।

### केंद्रीय सरना संघर्ष समिति ने आक्रोश मार्च निकाला




**रांची।** केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति ने मणिपुर में महिलाओं से गैंगरेप और निर्वस्त्र परेड के मामले को लेकर शक्रवार को जयपालसिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक आक्रोश मार्च निकालकर व केन्द्र सरकार का पुतलात दहन किया गया। जुलूस का नेतृत्व केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हुई अमानवीय घटना से पूरे देश को शर्मशार होना पड़ा है, इंसानियत को शर्मसार करनी वाली घटना है। देश के लिए काला अध्याय है , मणिपुर की घटना पूरे सभ्य समाज को शर्मशार करने वाली है। इसकी जितनी निंदा की जाय कम है। इस मार्च में मुख्य रूप से अनिता उरांव, संगीता गाडी, शोभा तिर्की, रीता खलखो, पार्वती उरांव, कुलदीप उरांव, गुड्डू उरांव, कुईली उरांव, महादेव उरांव, अन्नु मुंडा, सीटीओ उरांव, निलम उरांव, नुरी तिर्की आदि शामिल थे।

### ईश्वर हमारी जरूरतों को करता है पूरा : बिशप थियोडोर



**रांची।** कुंडपानी पल्ली के संत रफायल पल्ली भवन की आशीष बहुत ही धूमधाम से शुक्रवार को संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मिस्सा बलिदान के द्वारा समारोह की शुरूआत हुई। मुख्य अनुष्ठाता बिशप थियोडोर मस्कारेनहस एस एफ एक्स के द्वारा प्रारंभ हुआ। अपने प्रवचन में बिशप स्वामी ने कहा कि ईश्वर हमारी जरूरत को जानता है और उसे पूरा करता है। इसलिए इस घर में रहकर पुरोहित लोगो का फर्ज बनता है कि उसके मिशन कार्य को पूरा करें। हम सभी विश्वासी लोगो का कर्तव्य होता है कि पुरोहितो के साथ मिलकर प्रभु के काम को करें। मिस्सा के बाद घर की आशीष हुई। सभी उदार लोगो के लिए धन्यवाद दिया गया। समारोह में प्रोजेक्ट इंचार्ज फादर प्रदीप बखला, डाल्टनगंज धर्म प्रांत के शिक्षा निदेशक फादर संजय, फादर मार्टिन, फादर अमरदीप,कुंडपानी पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर सिरिल, संत रफाएल स्कूल के हेडमास्टर फादर पैट्रिक, फादर हेमंत, फादर माइकल और कई धर्म बहने, 20 धर्मबंधु और लगभग 300 विश्वासी गण उपस्थित थे।

### समर्पण शाखा का सावन मेला अगस्त से

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा का तीन दिवसिये सावन मेला 3 अगस्त से अग्रेसन भवन अपर बाजार में लगाया जाएगा। मेला आयोजन को लेकर शुक्रवार को पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष स्वेता भाला ने कहा समर्पण शाखा जरूरतमंदों के लिए हमेशा से कुछ न कुछ करती आई है। इसी सिलसिले को बरकरार रखते हुए हम सावन मेला का आयोजन कर रहे हैं। कुछ महिलाएं होती हैं जिनके अंदर बहुत सा हुनर होता है वह अपने घर में रहकर बहुत कुछ सामान बनाती है जैसे अचार, पापड़, राखी, सजावटी सामान, कपड़े आदि। वे बहुत क्रिएटिविटी करती हैं लेकिन उनको उनके सामान सेल करने के लिए कस्टमर नहीं मिलते तो ऐसी महिलाओं को पहचान दिलाने के लिए हम उन्हें एक प्लेटफार्म देते हैं जिसका नाम सावन मेला है।

## मरीज शांति देवी को हर संभव मदद करेगी संस्था : शिव किशोर



**रांची।** रांची विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच एवं छात्र क्लब ग्रुप के पदाधिकारी आज रिम्स मे ईलाजरत मरीज शांति देवी से मिलकर उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। गोडडा की रहनेवाली 59 वर्षीय मरीज शांति देवी यूटरस के बीमारी से लगभग दो महीनों से पीड़ित है। मरीज के परिजन महेंद्र सिंह ने बताया बेहतर ईलाज के लिए मरीज को रिम्स मे एडमिट किया गया है। उन्हें रिम्स के डॉ.(प्रोफे.)एस.बी.सिंह की देखरेख में इलाज चल रहा है। मरीज की आर्थिक स्थिति ठीक ना रहने के कारण संस्था ने हर संभव मदद करने का वादा किया। मरीज से मिलने वालों मे मुख्यरूप संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर, मुख्य संयोजक संतोष, संरक्षक संतन शर्मा, कुमारी प्रीति, गणेश अग्रवाल, सुबोध कुमार शर्मा आदि शामिल थे।

## मोहर्रम को महीने से नहीं बल्कि इमाम हुसैन से जानते हैं लोग : मौलाना तहजीबुल



**रांची।** मस्जिद जाफरिया रांची में मजलिस जिक्र शहीदाने करबला की दूसरी मजलिस को ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने संबोधित करते हुए कहा कि मोहर्रम किसी पर्व का नाम नहीं बल्कि एक अमल का नाम है। मोहर्रम को लोग महीने से नहीं बल्कि हजरत इमाम हुसैन से जानते हैं। जब आप हिंदू या मुस्लिम से पूछेंगे कि मोहर्रम किस बात को बताता है तो सभी यही कहेंगे यह कुबार्नी इमामे हुसैन की याद है। हजरत इमाम हुसैन की कुबार्नी हुकूमत बचाने के लिए नहीं बल्कि इंसानियत और हक को बचाने के लिए है। इमामे हुसैन की कुबार्नी से यह सबक मिलता है की सच्चाई और हक के रास्ते पर चलकर जान की बाजी लगाना बहादुरी का काम है। इमामे हुसैन का मदीने से चला हुआ काफिला 2 मोहर्रम को करबला पहुंचा और इमाम हुसैन ने जमीन ए कर्बला को उनके मालिक से खरीदा और वहां खेमा (टेंट) लगाया। इमामे हुसैन ने जमीन को खरीद कर जमाने को यह पैगाम(संदेश) दिया कि दूसरों की जायदाद, जमीन पर जबरन कब्जा करना बुजदिली है। नैहा खानी हाशिम अली व कासिम अली ने की। पेश खानी आमोद अब्बास, हसनैन रांची, आगा जफर ने पेश की। यह मजलिस अंजुमन जाफरिया रांची के तत्वधान में किया जा रहा है।

## अल्बर्ट एक्का चौक पर क्लॉक टावर लगाया जायेगा : कमल जैन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अल्बर्ट एक्का चौक पर क्लॉक टावर लगाया जाएगा जिसके लिए नगर निगम ने जगह उपलब्ध करा दी है। ये बातें शक्रवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए लायंस इंटरनेशनल के जिलापाल कमल जैन ने कही। उन्होंने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था लायंस इंटरनेशनल के जिला 322अ के नए पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह पीएमजेएफ लायन कमल जैन के नेतृत्व में रविवार को कांके रोड अवस्थित होटल होलिडे होम में आयोजित की गयी है। इस दिन, जिलापाल कमल जैन के नेतृत्व में प्रथम उप जिलापल लायन सीमा बाजपायी, द्वितीय उप जिलापल लायन संजय कुमार कैबिनेट सचिव लायन सुनील केडिया, कोषाध्यक्ष लायन सुजीत कुमार, जन संपर्क पदाधिकारी लायन मनोज नरेडी सहित पूरी कैबिनेट के लगभग 150 सदस्य शपथ ग्रहण करेंगे। इंस्टालेशन समारोह के चेयरमेन, लायन राजीव लोचन हैं। लायन्स फइंटरनेशनल ले पूर्व अंतर्राष्ट्रीय डाइरेक्टर लायन संजय खेतान पदाधिकारियों को शपथ दिलाने के लिए नेपाल से आ रहे हैं तथा समारोह का उदघाटन पूर्व अंतर्राष्ट्रीय डाइरेक्टर लायन बिष्णु बाजोरिया करेंगे। इस कार्यक्रम में पूरे जिले के 80 से भी ज्यादा क्लबों के लगभग 400 सदस्य कार्यक्रम के साक्षी होंगे ।

जानकारी हो कि जिलपाल का पद पूरे जिले में सर्वोपरि होता है जिसके जिम्मे, झारखंड एवं बिहार के करीब 30 राजस्व जिलों को मिला कर बनाए गए लायन्स जिला 322अ मे लायन्स इंटरनेशनल के मार्गदर्शन में सेवा कार्यों को अंजाम देना होता है। इसी महीने अमेरिका के बोस्टन शहर मे आयोजीत अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पूरे विश्व के लगभग 30 हजार लायन्स सदस्यों की उपस्थिति में इन्होंने शपथ लिया।

## झारखंड छात्र दल ने कुल सचिव को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** झारखंड छात्र दल के कार्यकारी अध्यक्ष पंकज महतो के नेतृत्व में शुक्रवार को कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें हमारे छात्र संगठन की ओर से मांग किया गया कि विश्वविद्यालय में आये दिन कई सारी ऐसी अनहोनी घटना हो रही हैं। जिससे छात्र शिक्षक दोनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। इस संदर्भ में हमारी ओर से कुलसचिव, कुलपति से मांग है कि सभी छात्र संगठन के साथ विश्वविद्यालय प्रशासन का बैठक हो, जिससे हम सभी विश्वविद्यालय को कोई भी ऐसी अनहोनी घटना से बच सके। मौके पर कमलेश महतो, प्रणब गांगुली, रवि रोशन, अनूप, अभिनाश, धनेश्वर, रिशु आदि उपस्थित थे।

## ट्रेड रिटेल उप समिति की बैठक

**रांची।** झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के ट्रेड रिटेल उप समिति की बैठक उप समिति के चेयरमैन योगेन्द्र प्रसाद पोद्दार की अध्यक्षता में शुक्रवार को चैम्बर भवन में हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने व्यवसायी से सम्बंधित कठिनाइयों पर विमर्श किया। ट्रेड लाइसेंस मिलने में हो रही कठिनाइयों पर चर्चा की गई और निगम से इसकी प्रक्रिया के सरलीकरण का आग्रह किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने निगम से प्लास्टिक के प्रति पुनः जागरूकता अभियान चलाये जाने की बात कही। यह भी कहा गया कि इन्फोर्समेंट टीम बाजार में जांच हेतु बिना वर्दी के निकले जिससे दूकानदार भयभीत न हो और जांच में टीम का बिना भयभीत हुए सहयोग भी कर सके यह भी कहा गया कि प्रतिबंधित प्लास्टिक पूरी तरीके से बंद हो इसके लिए बाहर से प्लास्टिक मंगवाकर बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# लायंस इंटरनेशनल जिला 322-ए का इंस्टालेशन समारोह कल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था लायनस इंटरनेशनल के जिला 322 ए के नए पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह पीएमजेएफ लायन कमल जैन के नेतृत्व मे 23 जुलाई को कांके रोड स्थित होटल होलिडे होम में होगा। इस दिन, जिलापाल कमल जैन के नेतृत्व में प्रथम उप जिलापल लायन सीमा बाजपायी, द्वितीय उप जिलापल लायन संजय कुमार, कैबिनेट सचिव लायन सुनील केडिया, कोषाध्यक्ष लायन सुजीत कुमार, जन संपर्क पदाधिकारी लायन मनोज नरेडी सहित पूरी कैबिनेट के लगभाग 150 सदस्य शपथ ग्रहण करेंगे। इन्स्टालेशन समारोह के चेयरमेन, लायन राजीव लोचन हैं।



लायंस इंटरनेशनल ले पूर्व अंतर्राष्ट्रीय डाइरेक्टर लायन संजय खेतान पदाधिकारियों को शपथ दिलाने के लिए नेपाल से आ रहे हैं तथा समारोह का उदघाटन पूर्व अंतर्राष्ट्रीय डाइरेक्टर लायन बिष्णु बाजोरिया करेंगे। इस कार्यक्रम में पूरे जिले के 80 से भी ज्यादा क्लबों के लगभग 400 सदस्य कार्यक्रम के साक्षी होंगे।

ज्ञातव्य हो कि जिलपाल का पद पूरे जिले मे सर्वोपरि होता है जिसके जिम्मे, झारखंड एवं बिहार के करीब 30 राजस्व जिलों को मिला कर बनाए गए। लायन्स जिला 322 ए में, लायन्स इंटरनेशनल के मार्गदर्शन में सेवा कार्यों को अंजाम देना होता है। लायन कमल जैन लायन्स क्लब ऑफ रांची ईस्ट के पूर्व अध्यक्ष सहित कई पदों पर रहते हुए तीन दशक से भी ज्यादा समय से सेवा कार्य करते हुये आज इस पद पर पहुंचे हैं। इसी महीने अमेरिका के बोस्टन शहर मे आयोजीत अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पूरे विश्व के लगभग 30 हजार लायन्स सदस्यों की उपस्थिति में इन्होंने शपथ लिया।

## सरकारी व निजी अस्पतालों में फायर फाइटिंग लगाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग का नहीं आया जवाब

कोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग को जवाब दाखिल करने का एक मौका देते हुए सुनवाई की तिथि 1 सितंबर निर्धारित की है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के मेडिकल कॉलेजों एवं सरकारी एवं निजी अस्पतालों में फायर फाइटिंग की सुविधा मुहैया कराने को लेकर दाखिल अनुरंजन अशोक की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया। जिस पर कोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग को जवाब दाखिल करने का एक मौका देती हुए सुनवाई की तिथि 1 सितंबर निर्धारित की।

हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि वर्ष 2016 में मेडिकल कॉलेजों एवं सरकारी और निजी अस्पतालों में फायर फाइटिंग की व्यवस्था करने को लेकर हाईकोर्ट ने आदेश दिया था। जिसके बाद राज्य सरकार ने टेंडर आमंत्रित किया था। इसके बाद टेंडर की कुछ प्रक्रिया भी हुई थी, लेकिन इसके बाद इस पर ध्यान नहीं दिया गया। बता दें कि प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा है कि राज्य के मेडिकल कॉलेजों एवं सरकारी एवं निजी अस्पतालों में फायर सेफ्टी जरूरी है। इसके लिए फायर एक्सटिंग्विशर सहित अन्य फायर उपकरण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों में लगाया जाए। ताकि अस्पतालों में अप्रिय घटना होने पर आग पर काबू पाया जा सके।

## डॉ राजाराम महतो की पुस्तक कुरमाली भाषा आंदोलन का एक दस्तावेज है : रघुवर दास



**राँची।** डॉ मंजय प्रमाणिक द्वारा संपादित कुरमाली भाषा संस्कृति के साधक राजाराम महतो पुस्तक का विमोचन आज रांची के होटल सिटी पैलेस में पूर्व मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास के द्वारा किया गया। कुरमाली भाषा परिषद के तत्वाधान में विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास उपस्थित थे। आयोजित कार्यक्रम में पुर्व मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने अपने संबोधन में कहा कि कुरमाली भाषा और संस्कृति के साधक डॉ राजाराम महतो की पुस्तक कुरमाली भाषा आंदोलन का एक दस्तावेज है। कुरमाली पूरे झारखंड को एक सूत्र में पिरोने वाली प्राचीन और संपन्न भाषा है। डॉ राजाराम महतो ने कुरमाली साहित्य और संस्कृति के विकास के लिए जो किया है, वह अभिनंदनीय है।

मंच का संचालन कर रहे डॉ कमल बोस ने बताया कि इस पुस्तक में करीब 42 विद्वानों के लेख हैं इसमें डॉ राजाराम महतो के संपूर्ण व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया गया है। इसके साथ ही राजाराम महतो ने भाषा, साहित्य, सांस्कृतिक, राजनीति, समाज सेवा में किस तरह अपनी पहचान बनाई है इसके बारे में विस्तार से बताया गया है।

कार्यक्रम को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा डॉ राजाराम महतो कुरमाली भाषा के बड़े साधक हैं उन्होंने झारखंड के क्षेत्रीय भाषाओं के पहचान के लिए काफी संघर्ष किया है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन शांडिल्य ने भी डॉ राजाराम महतो के व्यक्तित्व एवं उनके संघर्षों पर अपने विचार रखा। कार्यक्रम कार्यक्रम को पूर्व कुलपति अंजनी श्रीवास्तव, झारखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति त्रिवेणी नाथ साहू, साईं नाथ यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुकुल चंद्र मेहता ने किया। मौके पर बाल कलाकार अश्विनी कुमार महतो एवं प्रसिद्ध ढोलक वादक हेमली कुमारी के द्वारा स्वागत गान एवं कुरमाली गीतों से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मौके पर कुरमाली भाषा परिषद के द्वारा कुरमाली कवि एवं लेखकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

पंचायती राज व नगर विकास विभाग के अंतर्गत काम करेगी समिति

# महिलाओं, बच्चों की सुरक्षा, सामाजिक न्याय के लिए बनेगी राज्यभर में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में जल्द ही बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का गठन किया जायेगा। इसका प्रारूप तैयार किया जा रहा है। राज्य बाल संरक्षण संस्थान की निदेशक सह सदस्य सचिव राजेश्वरी बी की अध्यक्षता में इसको लेकर बैठक भी हो चुकी है। इस बैठक में मुख्य रूप से पंचायती राज विभाग व नगर विकास विभाग के अधिकारी भी शामिल थे। बैठक में जिला, प्रखंड, नगर विकास, निगम एवं वार्ड स्तर पर बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के गठन पर चर्चा हुई। मिशन वात्सल्य के तहत देश में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ये समितियां गठित की जायेंगी जो मुख्य रूप से पंचायती राज विभाग व नगर विकास विभाग के अंतर्गत कार्य करेंगी। पंचायती राज विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय समिति में महिलाओं और बच्चों की सामाजिक न्याय, कल्याण के लिए जिला परिषद में उप समिति होगी। इसके अलावा प्रखंड व पंचायत समिति बनायी जायेगी।

### ये मुख्य कार्य होंगे

- बच्चों के अनुकूल माहौल और सुरक्षित सार्वजनिक स्थान सुनिश्चित करना।
- सभी ग्राम पंचायतों को महिलाओं और बच्चों से संबंधित गतिविधियों के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना में शामिल करने की सलाह देना।
- शहरी वार्ड क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों के लिए नगरपालिका बजट का प्रावधान सुनिश्चित करना।
- क्षेत्र में बच्चों के लिए योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का निरीक्षण और मूल्यांकन करना।
- कठिन परिस्थितियों में रहने वाले विशेष आवश्यकता वाले सभी बच्चों, अनाथों, सड़क पर रहने वाले बच्चों का सर्वेक्षण करना ओर उचित कार्रवाई करना ताकि कोई भी बच्चा छूट न जाये।
- लापता, स्कूल छोड़ने वाले, तस्करी के शिकार, प्रवासी बच्चों, भिखारियों, अनाथ बच्चों की स्थिति पर चर्चा करना और उनकी भलाई के लिए उचित कार्रवाई करना।
- बाल अधिकारियों को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाना।
- संवेदनशील हॉटस्पॉट और इसे संबंधित करने के लिए तैयार की गयी रणनीति के बारे में डीसीपीयू के माध्यम से जिला मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट करेंगे।
- बाल पंचायतों का आयोजन करना।

## मेकॉन इस्पात महिला समिति का वार्षिक मेला शुरू



**रांची।** इस्पात महिला विकास सहयोग समिति की ओर से मेकॉन सामुदायिक भवन में आयोजित तीन दिवसीय मेला सह प्रदर्शनी उड़ान का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। मेले का उद्घाटन झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक की चेयरमैन विभा सिंह ने किया। मेले में महिला समिति की पेट्रॉन सोनी वर्मा, अध्यक्ष रश्मि वर्मा, सचिव प्रमिला गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनिता प्रकाश, देवदत्ता साहा, संगीता सिन्हा, मोनिका सिंह, अनीता मीना तथा राधा दास मौजूद थीं। यह मेला सुबह 9 बजे से संध्या 7 बजे तक चलेगा। यह मेला महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक बेहतरीन मंच है। इस बार मेले में 60 से अधिक स्टॉल लगाये गये हैं। मेले में गुजरात, बंगाल, राजस्थान व लखनऊ के हैंडलूम कारीगर द्वारा लगाये गये स्टॉल लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। मेले में हस्तनिर्मित राखियां, वॉल-हैंगिंग, बीन बैग, डिजाईनर शूट, छोटानागपुर के हैंडीक्राफ्ट, स्तंभ, कालीन, हैंडमेड अचार, पापड़, मसाले, केक, चॉकलेट लोगों को खूब भा रहा है। शहर के कोने-कोने से लोग मेले में आ रहे हैं तथा खरीदारी के साथ-साथ यहां के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे हैं।

# एटीएस को सूचना मिली थी कि अमन श्रीवास्तव के दो गुर्गे बड़े कारोबारी से मिलने रांची जायेंगे...

**जेल में बंद रहने के बाद भी अमन श्रीवास्तव वसूल रहा रंगदारी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एटीएस को यह सूचना मिली थी कि जेल में बंद रहने के बावजूद अमन श्रीवास्तव गिरोह करोड़ों रुपए रंगदारी के जरिये वसूल रहा है। मामले की जानकारी मिलने के बाद एटीएस की टीम ऐसे लोगों पर नजर रखने लगी, जिनसे अमन श्रीवास्तव गिरोह के द्वारा रंगदारी मांगी जा रही थी। इसी बीच एटीएस को यह सूचना मिली कि रांची के एक बड़े कारोबारी से अमन श्रीवास्तव गिरोह के दो अपराधी एजाज और एम. सिंह लगातार मिल रहे हैं। एटीएस की टीम जब जांच में लगी तो उन्हें यह जानकारी मिल गई कि रांची के बड़े कारोबारी के द्वारा खौफ की वजह से अमन श्रीवास्तव गिरोह को 50 लाख रुपये की रंगदारी दी जानी है। पैसे लेने के लिए गैंग के दो कुख्यात अपराधी एजाज और सिंह रांची आएंगे। इसकी जानकारी मिलने के बाद एटीएस की टीम दोनों अपराधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी। आखिरकार रांची के गुप्त स्थान पर दोनों अपराधी रांची के बड़े कारोबारी से पैसा लेने पहुंचे और उनसे पैसा लेकर वे कार से कांके रोड होते हुए पिठोरिया की तरफ जाने लगे। इसी दौरान पहले से जाल बिछाये एटीएस की टीम ने दोनों को दबोच लिया। दोनों को पूछताछ के बाद एटीएस की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। जेल में बंद गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के इशारे पर रंगदारी का पैसा उठाने वाला दो अपराधियों में रांची के खलारी का रहने वाला एजाज अंसारी और रामगढ़ के पतरातू का रहने वाला मिंकू खान शामिल है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने रंगदारी से वसूले गए ₹49.83 लाख, एक स्कॉर्पियो और चार मोबाइल फोन बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधी मिंकु खान का पूर्व से अपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ पतरातू थाना में तीन मामले दर्ज हैं। एटीएस की जांच में खुलासा हुआ कि गिरफ्तार हुए दोनों अपराधी अमन श्रीवास्तव, रवि सरदार, फिरोज खान, जहीर अंसारी और नेपाली के इशारे पर रंगदारी का पैसा उठाने का काम करते थे।

# ₹1 करोड़ के लूटकांड में छह आरोपी दोषी करार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के ओबरिया रोड से 12 अप्रैल 2021 को हुए एक करोड़ रुपये लूटकांड मामले अनमोल सिंघानिया समेत छह अभियुक्तों को अदालत ने दोषी करार दिया है। अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने डकैती एवं डकैती के बरामद पैसे के आरोप में अनमोल के साथ वसीम अहमद, नजमी हसन, मनोज कुमार भगत, जसीम अहमद एवं जुल्फेकार उर्फ राजा खान को दोषी पाया है। साथ ही, सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 24 जुलाई की तारीख निर्धारित की है। घटना के बाद महुआ कारोबारी शुभम अग्रवाल ने जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। लूट की घटना की साजिश कारोबारी शुभम अग्रवाल के दोस्त अनमोल सिंघानिया ने ही रची थी। घटना के बाद पुलिस ने अभियुक्तों के ठिकाने से लगभग 90 लाख रुपये बरामद किया था। अनमोलए नजमी व जसीम के पास से लूट की 73,59,750 रुपये पुलिस ने बरामद किया था। जबकि राजा खान से 12,24,600 रुपये बरामद हुआ था।

## खबर एक नजर में

### पार्किंग स्थलों को अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश

**रांची।** शहर के वाहन पड़ाव व पार्किंग स्थलों से रांची नगर निगम अतिक्रमण हटाने वाला है। इसे लेकर अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने इंफोर्समेंट टीम के अफसरों को आदेश दिया है। आदेश में कहा गया है कि कई स्थानों पर ठेला, खोमचा व अन्य दुकानें लगी होने के कारण आमलोगों को वाहन पार्क करने में काफी परेशानी होती है। अगर इन जगहों पर किसी प्रकार की दुकानें लगी मिलती है, तो उसे जब्त किया जाए। वर्तमान में रांची नगर निगम के पास 26 पार्किंग स्थल व वाहन पड़ाव है।

### पड़हा जतरा समारोह को लेकर डीसी ने की बैठक

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को वार्षिक पड़हा जतरा समारोह को राजकीय मेला घोषित करने के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक की। डीसी ने बैठक में इस सिलसिले में संबंधित विभाग को प्रस्ताव बना कर देने का निर्देश अधिकारियों को दिया। बैठक में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, जिला योजना पदाधिकारी विनय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी बेड़ो, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार और संबंधित ग्राम पंचायत मुखिया व अधिकारी मौजूद थे।

### डीआइजी इंद्रजीत महथा और एसपी नौशाद आलम को सलेक्शन ग्रेड में मिली प्रोन्नति

**रांची।** डीआइजी इंद्रजीत महथा और एसपी नौशाद आलम को सलेक्शन ग्रेड में प्रोन्नति मिली है। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक रांची ग्रामीण एसपी के पद पर पदस्थापित नौशाद आलम और एसटीएफ डीआइजी के पद पर पदस्थापित इंद्रजीत महथा को भारतीय पुलिस सेवा के सेलेक्शन ग्रेड के वेतनमाह लेवल-13 पे मैट्रिक्स में प्रोन्नति प्रदान की गई है।

### सीसीएल मुख्यालय में सीसीइबीएफएस की बैठक



**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, रांची में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) और कार्यकारी अध्यक्ष हर्ष नाथ मिश्र की अध्यक्षता में सेंट्रल कोलफील्ड्स एंप्लाइज बेनिवॉलेंट फंड सोसायटी- सीसीईबीएफएस की शासकीय निकाय की बैठक हुई। मौके पर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर लाभकारी निर्णय लिये गए। इनमें मृत्यु लाभ में मिलने वाली राशि को 75 हजार से बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार करने का निर्णय लिया गया। हृदय एवं गुर्दा रोग से ग्रसित सदस्यों के लिए चिकित्सीय सेवा लाभ में शामिल एवं सेवानिवृत्ति के समय मिलने वाले विभागीय उपहार में वृद्धि की गयी। सोसाइटी के प्रति कर्मचारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में भी इसका प्रसार करने पर भी जोर दिया गया। सोसाइटी के नियमों में वांछित एवं लाभकारी संशोधन किए गए।

## टीबी पीड़ित महिला कैदी की रिम्स में मौत

**रांची।** रिम्स में शुक्रवार की सुबह कैदी वार्ड में इलाजरत महिला कैदी की मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार महिला कैदी टीबी, एनीमिया और कुपोषण से ग्रसित थी। महिला कैदी का नाम सीता कुमारी है और उसकी उम्र 30 वर्ष बतायी जा रही है। वह रांची के होटवार जेल में पिछले 9 साल से हत्या के जुर्म में बंद थी। जानकारी के अनुसार, जेल में रहने के दौरान महिला की तबीयत खराब हुई, जिसके बाद उसे 10 जुलाई को जेल प्रबंधन के डॉक्टरों के द्वारा जांच करने के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में लगभग दो दिनों तक इमरजेंसी में सीता का इलाज किया गया। उसके बाद उसे डॉक्टर विद्यापति की निगरानी में कैदी वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। लगभग 10 दिनों तक इलाज के बाद महिला कैदी की 21 जुलाई की सुबह मौत हो गई।

# रांची में कारोबारी से ₹68 लाख की ठगी करने वाला दिल्ली से पकड़ाया

**सोशल मीडिया पर फोटो डालते ही पुलिस ने दबोचा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के एक बड़े कारोबारी से 68 लाख की ठगी करने वाले व्यक्ति को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार सुबह रांची पुलिस की टीम ने विशाल कुमार पांडे नाम के शख्स को दिल्ली पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया है। विशाल कुमार पांडे के खिलाफ रांची के कारोबारी अजय कुमार सिंह ने पंडरा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी।

## लोक जनशक्ति पार्टी में शामिल होने के लिए गया था दिल्ली

**क्या है पूरा मामला** : पूरा मामला साल 2021 का है। रांची में कारोबार करने वाले अजय सिंह से विशाल कुमार पांडे ने रेलवे में ठेके के नाम पर 68 लाख रुपये की ठगी कर ली थी। साथ मिलकर ठेकेदारी करने का दावा करने वाले अजय सिंह को जब पता चला कि विशाल कुमार पांडे ने उनसे ठगी की है तो वह अपने पैसे वापस मांगने लगे, लेकिन विशाल कुमार पांडे हर बार कोई ना कोई बहाना बनाकर मामले को खींचता चला गया। जब अजय कुमार सिंह ने विशाल पर पैसे देने का दबाव और बढ़ा दिया तब वह अजय सिंह को जान से मारने की धमकी देने लगा। जिसके बाद अजय सिंह ने रांची के पंडरा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई। मामले की तफ्तीश के दौरान अजय सिंह के द्वारा पैसों की लेनदेन के जो सबूत पुलिस को दिए गए थे वह जांच में सही निकले। जिसके बाद रांची पुलिस की टीम विशाल की तलाश में जुटी हुई थी। इस दौरान रांची पुलिस ने दर्जनों बाद बिहार के आरा जिले में विशाल के घर पर छापेमारी की लेकिन हर बार वह पुलिस को चकमा देने में कामयाब रहता था।

### फोटो डाल फंसा विशाल

दो दिन पहले ही विशाल पांडे ने चिराग पासवान के साथ अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर डाली। जिसमें उसने लिखा था कि वह दिल्ली में लोजपा ज्वाइन कर रहा है। तस्वीर को देखकर रांची पुलिस को यह जानकारी मिल गई कि विशाल दिल्ली में ही है, जिसके बाद रांची पुलिस की एक टीम दिल्ली के द्वारका पहुंची और वहां दिल्ली पुलिस की मदद से विशाल को धर दबोचा।

### ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया जा रहा

गिरफ्तार विशाल पांडे रांची पुलिस की टीम ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आ रही है। रांची में उसे अदालत में पेश किया जाएगा, जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। पंडरा थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में विशाल का भाई भी आरोपी है। हालांकि वह अभी पुलिस के गिरफ्त में नहीं आ सका है उसकी तलाश भी की जा रही है।

## 79 स्कूली बसों की हुई जांच, कई के पास न तो कागज, न सुरक्षा मानक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिला परिवहन पदाधिकारी रांची प्रवीण कुमार प्रकाश ने शुक्रवार को स्कूली बसों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया। सहजानंद चौक, हरमू क्षेत्र में चलाये गए अभियान में कुल 79 बसों का जांच की गयी।

जांच के क्रम में कुछ स्कूल वाहनों का टैक्स, फिटनेस, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण-पत्र अद्यतन नहीं पाया गया। कुछ वाहन चालकों के पास लाइसेंस नहीं था एवं चालक/सहचालक यूनिफार्म में नहीं थे।

**सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ करने वाले वाहन होंगे जब्त** : जांच अभियान के दौरान स्कूली बसों में बच्चों के रहने के कारण वाहन मालिकों तथा स्कूल प्रबंधन को जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश द्वारा सख्त हिदायत दी गई कि वे वाहन संबंधित सभी दस्तावेज अद्यतन रखें अन्यथा सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ करने वाले वाहनों को किसी भी समय जब्त कर लिया जायेगा।

**स्कूल प्रबंधन और वाहन स्वामियों को नोटिस** : प्रवीण कुमार प्रकाश ने पूर्व में भी जांच



कर सभी स्कूल प्रबंधन एवं स्कूल अंतर्गत संचालित निजी बसों के मालिकों को वाहन संबंधी सभी कागजात अद्यतन रखने हेतु निर्देश दिया था, परंतु इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है।

**अभिभावक और स्कूल प्रबंधन से डीटीओ की अपील** : प्रायः ऐसा देखा जाता है कि नाबालिग बच्चों द्वारा दो पहिया वाहनों का प्रयोग स्कूल आने-जाने के लिए किया जाता है। वैसे बच्चों के अभिभावकों से जिला परिवहन पदाधिकारी ने अनुरोध किया है कि बिना चालक अनुज्ञप्ति/नाबालिग बच्चों को दो पहिया वाहन चलाने की अनुमति न दें। साथ ही उन्होंने स्कूल प्रबंधन से अनुरोध किया है कि नाबालिग बच्चों को दो पहिया वाहन से स्कूल आने की अनुमति प्रदान नहीं करें।

## फर्जीवाड़े के आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी

**रांची।** जमीन हड़पने की धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में सदर थाना क्षेत्र के बांधगाड़ी निवासी शकुंतला देवी, खुशबू जयसवाल, मां-बेटी, न्यू नगर दीपाटोली निवासी रितेश झा एवं अन्य चार-पांच अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। यह आदेश एससी-एसटी मामले के विशेष न्यायाधीश मनीष रंजन की अदालत ने शिकायतवाद की सुनवाई के दौरान दिया। प्रार्थी के वकील विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र की होम्बाई निवासी चरकू पाहन की खतियानी जमीन फर्जीवाड़ा कर हड़पने की कोशिश की जा रही है। आरोपी मौजा होम्बाई नेवरी विकास के प्लाट नंबर 1136, कुल रकबा 31 डिसमिल, मधे रकबा 17.50 डिसमिल जमीन को हड़पना की कोशिश में हैं। आरोपियों ने चरकू के साथ घर में घुसकर मारपीट एवं गाली-गलौज भी की गई थी। घटना के बाद चरकू की पत्नी रजनी देवी ने एक मई को अदालत में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

# कारा में अपराधियों की मदद करने वाले जेल जायेंगे : डीजीपी

**रांची।** राज्य में हो रही बड़ी या छोटी घटनाओं का तार राज्य की जेलों से जुड़ रहा है। राज्य के जेलों में तैनात संतरी, आरक्षी ही चंद रुपयों के लालच में अपराधियों की मदद पहुंचा रहे हैं। इसका खुलासा स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट में इस बात का जिक्र है कि जेल में बंद अपराधियों के वर्दी वाले मददगार जेल में ही मौजूद हैं लेकिन अब वही मददगार पुलिस मुख्यालय के रडार पर हैं। डीजीपी के निर्देश पर वैसे सभी पुलिस और जेलकर्मियों को चिन्हित करने का काम शुरू किया गया है जो लोग जेल में अपराधियों की मदद करते हैं। डीजीपी अजय कुमार सिंह के निर्देश के बाद झारखंड के सभी जेलों में वैसे छोटे-बड़े अपराधी जो जेल कर्मियों के साथ-साथ पुलिस वालों के कृपा पात्र बने हुए हैं उन सब की लिस्ट बनाई जा रही है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**
**ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या– WRD/MIDIV GARHWA/ 03-F2/2023-24

पत्रांक – 593 | गढ़वा / दिनांक – 19.07.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कर्री मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य, प्रखण्ड– रंका, जिला– गढ़वा |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 65,73,283.55 /– (पैंसठ लाख तिहत्तर हजार दो सौ तिरासी रु० पचपन पैसा) मात्र |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि | 10,000.00 (दस हजार रु०) मात्र |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |
| 5 | ई० निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 27.07.2023 12:00 PM |
| 6 | ई० निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.08.2023 12:00 PM |
| 7 | ई० निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 12.08.2023 04:00 PM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.08.2023 01:00 PM |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं० | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।<br>मो०– 9931162912 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई० निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय। | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।<br>2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर।<br>3. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमण्डल, रांची। |
| 11 | ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 302888 Minor Irrigation(23-24)D



**GOVT.OF. JHARKHAND OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Gumla**
**Very Short E-Quotation No. 07/2023-24 (2nd call)**

Rates through e-quotations are invited for Materiel category for (A) repairing and maintenance of 10 HP C/F motor pump set , 17.5 HP VT pump set, S/F Control panel etc. and other allied works at Rural W/S scheme NADIYA (B) Estimate for repairing and maintenance of 50 HP C/F motor pump set No-2, 10 HP VT pump set No-1, FASD starter etc. and other allied works at Rural W/S scheme Kuru (C)Estimate for complete repairing and rewinding of 10 HP and 7.5 HP Submersible motor and pump sets, its panel and other allied works for Raw water supply scheme Senha (D) Estimate for repairing and maintenance of 40 HP VT pump set no-1, 30 HP C/F pump set No-1, ,FASD starter etc. and other allied work at Rural W/S scheme Kairo(E) Estimate for supplying fitting and commissioning 7.5 HP submersible pump motor set and other allied works at Rural W/S scheme Hesal Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 24.07.2023 at 3.30 hrs. to 31.07.2023 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 01.08.2023 at 3.30pm Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Gumla.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Gumla

PR 302969 Water Resource(23-24)D


## रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, पाकुड़ और गिरिडीह में स्लीपर सेल मौजूद

# एनआइए पूछताछ में खुलासा : यूपी से झारखंड में आतंकी नेटवर्क फैलाने का मिला था जिम्मा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एनआइए की टीम ने जिस 19 साल के अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट फैजान अंसारी को आइएसआइएस से कनेक्शन होने का आरोप में गिरफ्तार किया है, उसने एनआइए को बताया कि वह उत्तरप्रदेश में किराए के आवास में रहता था। उससे कुछ लोगों ने संपर्क किया और चूंकि वह झारखंड में रहता है तो उसे आतंकी घटना को अंजाम देने और संगठन बढ़ाने का निर्देश दिया गया। उसने जांच एजेंसी को बताया कि झारखंड के रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग समेत 7 जिलों में आतंकी संगठनों के स्लीपर सेल का ठिकाना बनाने का जिम्मा उसे सौंपा गया था। उसने बताया कि झारखंड के रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग समेत सात जिला आतंकवादी संगठनों के स्लीपर सेल का ठिकाना बना हुआ है। इन सात जिलों में रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, पाकुड़ और गिरिडीह जिला शामिल है। ये सभी जिले आतंकियों के स्लीपर सेल को पनाह देती रही है। यहां कई सालों से आतंकी अपनी गतिविधियों का रोड-मैप व साजिश की रूप-रेखा

### आतंकवादी संगठन में स्लीपर सेल का मतलब बताया

आतंकी संगठन से जुड़े कुछ लोग देश के बाहर रहकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए खास समुदाय के युवाओं को बरगलाने के लिए बार-बार वीडियो संदेश जारी करते हैं। इन वीडियो के जरिए देश और समाज के प्रति नफरत पैदा की जाती है। फिर धीरे-धीरे कट्टरता बढ़ाने वाले वीडियो-संदेश भेजे जाते हैं। इनसे प्रभावित होकर जो युवा कट्टरपंथी बन जाता है, उसे अलग ग्रुप में रखा जाता है। उसके बाद ब्रेनवॉश किया जाता है। जब आतंकी संगठनों को लगता है कि युवा उनके नेटवर्क में जुड़ने के लिए तैयार है, तो वे उसे स्लीपर सेल बना लेते हैं। स्लीपर सेल यानी आतंकियों का वो दस्ता जो आम लोगों के बीच रहता है और आतंकियों के शीर्ष नेतृत्व से आदेश आने के बाद हरकत में आ जाते हैं और आतंकी घटना को अंजाम देते हैं।

### फैजान डार्क नेट के माध्यम से एजेंटों के संपर्क में था एनआइए ने कई डिजिटल एविडेंस भी किये हैं बरामद

अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, फैजान डार्क नेट के माध्यम से देश- विदेश के आईएसआईएस एजेंटों के संपर्क में था। एनआईए के द्वारा फैजान अंसारी के पास से कई डिजिटल एविडेंस बरामद किए गए हैं, जिससे उसके आईएसआईएस से संपर्क होने की पुख्ता जानकारी मिली है। लोहरदगा में वह पिछले दो महीनों से रह रहा था। अपने घर से ही इस्लामिक जिहाद को लेकर सक्रिय था। एनआइए की टीम उस पर पिछले एक सप्ताह से नजर रखे हुए थी। केंद्रीय जांच एजेंसियों ने जब फैजान अंसारी के आईएसआईएस के स्लीपर सेल होने की पुख्ता जानकारी हासिल की, उसके बाद उसे गिरफ्तार किया।

### आतंकवादी एक्टिविटी करने के लिए उकसा रहा था

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का स्टूडेंट फैजान अंसारी भारत में आइएसआइएस के कैडर बेस को मजबूत करने के लिए धर्म परिवर्तन करनेवाले युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के साथ ही उन्हें आतंकवादी एक्टिविटी करने के लिए उकसा रहा था। जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने कहा कि झारखंड के लोहरदगा जिले में फैजान अंसारी के घर और यूपी के अलीगढ़ में किराए के कमरे पर 16 और 17 जुलाई को तलाशी ली गई। तलाशी में कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और आपत्तिजनक सामग्री और दस्तावेज जब्त किये गए थे। अधिकारी ने कहा कि जांच से पता चला कि अंसारी और सहयोगियों ने आइएसआइएस के प्रति अपनी निष्ठा जताई थी। वह विदेश स्थित आइएसआइएस संचालकों के संपर्क में था, जो उसे इस संगठन में नए लड़कों को कैसे शामिल किया जाए, इसकी ट्रेनिंग दे रहे थे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01 / 2023–24 (4th Call), जो समाचार पत्रों में P.R. No. 302744 Drinking Water & Sanitation (23-24) D द्वारा प्रकाशित किया गया था, में निम्न रूप से संशोधन किया जाता है –

| क्र0 | शुद्धि का स्थान | पूर्व में प्रकाशित सूचना / नियम | शुद्धि के उपरान्त सूचना / नियम |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा आमंत्रण सूचना | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.07.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.07.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 2 | निविदा आमंत्रण सूचना | कार्य पूर्ण करने की अवधि – 3 माह | कार्य पूर्ण करने की अवधि – 2 माह |
| 3 | निविदा की आवश्यक शर्तें | कंडिका–20 | विलोपित |
| 4 | Notes to tenderer | 8. TIME OF COMPLETION :- The total work of supply, installation testing and commissioning of all materials / equipments etc should be completed in 03 (three) months positively from the date of agreement. Failing to comply with this time schedule a penalty of 0.5% of the agreement value per day up to maximum of 10% (ten) will be imposed upon you. Even supply order may be cancelled, security money may be forfeited. | 8. TIME OF COMPLETION :- The total work of supply, installation testing and commissioning of all materials / equipments etc should be completed in 02 (two) months positively from the date of agreement. Failing to comply with this time schedule a penalty of 0.5% of the agreement value per day up to maximum of 10% (ten) will be imposed upon you. Even supply order may be cancelled, security money may be forfeited. |
| 5 | Notes to tenderer | 14. ELIGIBILITY :- Only transformer manufacturer and their authorized dealers of Synergy/T Power/PVJ Power make having 33/11 KV Electrical License are eligible for participation in this tender. | 14. ELIGIBILITY :- Only transformer manufacturer and their authorized dealers of Synergy/T Power/PVJ Power make having 33/11 KV Electrical License are eligible for participation in this tender. Out of the make transformer mentioned in this tender, the tenderer should have at least more than one year of experience in that make for which he is participating in this tender. |

निविदा के शेष भाग तथा नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची

PR 302960 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

# टमाटर से सबक ले मार्केट पॉलिसी बनाया जाए


## सर्वे स्वीकार

**यू**पी के वाराणसी जिला कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के अरक सर्वे पर बड़ा फैसला दिया है। हिन्दू पक्ष की ओर से वुजुखाने को छोड़कर पूरे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का एएसआई सर्वे कराने की मांग को वाराणसी जिला अदालत ने स्वीकार कर लिया है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश कोर्ट ने मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद शुक्रवार को दोपहर करीब 4 बजे कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। लंबे समय से यह मामला चलता आ रहा है। हिंदू पक्ष का मानना है कि यह शिव मंदिर ही है जिसे मुगल बादशाह औरंगजेब ने तोड़वा कर मस्जिद बना दिया। वे ज्ञान शब्द को भी संस्कृत का बताते हुए अपने तर्क को मजबूती से रख रहें हैं। वहीं मुस्लिम पक्ष अपने वर्तमान हक और नमाज अता करने की बात कर कर स्थल को मस्जिद ही बता रहा है। वर्तमान समय में कार्बन डेटिंग एक ऐसी पद्धति है जिससे किसी भी पदार्थ या भवन की आयु पता करने में ममद मिलती है। हिंदू पक्ष की ओर से विवादित वुजुखाने के हिस्से को छोड़कर पूरे मस्जिद परिसर की वैज्ञानिक सर्वे यानी एएसआई सर्वे की मांग की गई थी। इस पर तीन दिनों की सुनवाई के बाद 14 जुलाई को फैसला सुरक्षित रखा गया था। फैसले के संबंध में हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि कोर्ट ने हिंदू पक्ष की मांग को जायज बताते हुए उसे स्वीकार कर लिया है। और अब विवादित हिस्से को छोड़कर पूरे परिसर का वैज्ञानिक सर्वे कराने का आदेश दिया है। कोर्ट ने एएसआई सर्वे की इजाजत देते हुए 4 अगस्त तक रिपोर्ट मंगाई है। वैज्ञानिक सर्वे के आधार पर रिपोर्ट आने के बाद कोर्ट में मामले पर आगे की सुनवाई होगी। साथ ही, महिलाओं की ओर से श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा की याचिका पर इसके बाद निर्णय होगा। इसी प्रकार का निर्णय राम मंदिर के पक्ष में भी आया था।

## बढ़ते सड़क हादसे

**स**ड़क हादसों की बढ़ती संख्या के बीच आई ताजा रिपोर्ट सचमुच चिंतित करने वाली है, जिसमें कहा गया है कि इन हादसों में हर साल अकेले भारत में 15 लाख लोगों की जान चली जाती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक सड़क हादसों में मौतों के मामले में भारत, दुनिया में पहले नम्बर पर है। तमाम उपायों के बावजूद न तो सड़क हादसों पर लगाम लग पा रही है और न ही इन हादसों में मरने वालों की संख्या में कमी हो पा रही है। सड़क हादसों की बढ़ती संख्या के बीच आई ताजा रिपोर्ट सचमुच चिंतित करने वाली है, जिसमें कहा गया है कि इन हादसों में हर साल अकेले भारत में 15 लाख लोगों की जान चली जाती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक सड़क हादसों में मौतों के मामले में भारत, दुनिया में पहले नम्बर पर है। यह रिपोर्ट रोड सेफ्टी इन इंडिया द्र नेविगेट थ्रू नुआंसेस शीर्षक से जारी हुई है। इसमें बताया गया है कि हर साल एस्टोनिया देश की आबादी के बराबर भारत के लोग सड़क हादसों में हताहत हो जाते हैं। चिंता इस बात की भी है कि हमारे देश में ऐसे हादसों में मौतों के बड़े कारण दुपहिया वाहनों की सवारी करते हुए हेलमेट न लगाना और कार में सीट बेल्ट लगाने के नियम की अवहेलना रहे हैं। नशे में वाहन चलाना, ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल और गलत दिशा में ड्राइविंग ऐसे हादसों के दूसरे कारण हैं। दिन खून से लाल होती सड़कों से कोई भी सबक लेने को तैयार नहीं। न वाहन चालक, न सड़क निर्माण करने वाली एजेंसियां और न ही यातायात नियमों की पालना के लिए जिम्मेदार तंत्र। एक तथ्य यह भी है कि पिछले सालों में हमारे देश में सड़कों का जाल जिस रफ्तार से बिछा है उससे भी ज्यादा रफ्तार से इन सड़कों पर वाहनों की रेलमपेल बढ़ी है। सड़कों पर तेज गति से वाहन चलाने का जुनून हादसों का ग्राफ बढ़ाता ही जा रहा है।





\- डॉ राजेन्द शर्मा

वैसे तो टमाटर की खेती समूचे देश में होती है पर आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा, गुजरात, पश्चिमी बंगाल आदि प्रमुख टमाटर उत्पादक प्रदेश हैं। दुनिया में टमाटर के उत्पादन में चीन शीर्ष पर है और एक मोटे अनुमान के अनुसार चीन में टमाटर का 5 करोड़ 64 लाख टन से अधिक सालाना उत्पादन होता है। चीन के बाद भारत टमाटर का सबसे अधिक यानी की दूसरे नंबर का प्रमुख उत्पादक प्रदेश है।

**लगभग** हर साल अन्नदाता को रुलाने वाले टमाटर ने इस बार आम नागरिकों खासकर गृहणियों को बुरी तरह से झकझोर के रख दिया है। अब तक अनुभव यही रहा है कि प्याज आम उपभोक्ताओं को रुलाता रहा है तो सरकार बनने-बनाने में भी प्याज की अहम भूमिका रही है। संभवतः यह पहला मौका होगा जब टमाटर ने भाव दिखाये हैं और यहां तक कि देश के अधिकांश हिस्सों में टमाटर के भाव डेढ़ सौ से दो सौ रुपये तक को छूने व कई स्थानों पर तो इससे अधिक आसमान छूने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हालात यहां तक देखने को मिले हैं कि मंडियों से टमाटर चोरी हुआ। सुरक्षा के लिए बॉक्सर्स की सेवाएं ली गईं। हालांकि अब टमाटर के भावों में उतार का दौर शुरू हो गया है। केन्द्र सरकार भी एनसीसीएफ और नैफेड के माध्यम से आगे आई है।

संभवतः अदरक के भाव भी चार सौ रुपये के आसपास जाने का यह पहला रिकार्ड होगा पर टमाटर ने सीधे-सीधे आम आदमी को प्रभावित किया है। पिछले दिनों ब्रिटेन में एकाएक भाव बढ़ने वाली वस्तुओं को कुछ समय तक नहीं खरीदने की सलाह सरकार द्वारा जारी की गई पर मजे की बात यह है कि हमारे देश में हालिया एक सर्वे के अनुसार टमाटर द्वारा लाल-नीली आंखें दिखाने के बावजूद केवल 15 प्रतिशत लोगों ने टमाटर को कुछ समय के लिए रसोई से बाहर रखने यानी की नहीं खरीदने का निर्णय किया, वहीं 82 फीसदी लोगों ने भले ही महंगा रहा हो पर टमाटर की खरीद से परहेज नहीं किया।

हालांकि करीब-करीब इस समय टमाटर के भाव बढ़ते हैं पर इतने अधिक भावों में तेजी पहले लगभग नहीं ही देखी गई है। वैसे तो टमाटर की खेती समूचे देश में होती है पर आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा, गुजरात, पश्चिमी बंगाल आदि प्रमुख टमाटर उत्पादक प्रदेश हैं। दुनिया में टमाटर के उत्पादन में चीन शीर्ष पर है और एक मोटे अनुमान के अनुसार चीन में टमाटर का 5 करोड़ 64 लाख टन से अधिक सालाना उत्पादन होता है। चीन के बाद भारत टमाटर का सबसे अधिक यानी की दूसरे नंबर का प्रमुख उत्पादक प्रदेश है। मोटे अनुमान के अनुसार देश में करीब चार लाख टन टमाटर का सालाना उत्पादन होता है। यदि कुछ दिनों को छोड़ दिया जाए तो टमाटर के भावों को लेकर इतनी मारामारी नहीं रहती है। पर इस साल तो टमाटर ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। टमाटर दक्षिण अमेरिका के एंडीज और मैक्सिको से स्पेनिस कॉलोनीज होते हुए दुनिया के देशों में पहुंचा है। बदलते समय में कम से कम हमारे देश में छाछ, केरी, अमचूर, काचरी आदि परंपरागत खटाई की जगह सभी सब्जियों में टमाटर ने बना ली है। टमाटर के बिना सब्जी के स्वाद की कल्पना लगभग नहीं के बराबर रह गई है तो दूसरी और टमाटर कैचअप, प्यूरी और शॉश का अपना बड़ा बाजार विकसित हो चुका हैं। दरअसल औषधीय गुण के कारण भी टमाटर की मांग बढ़ी हैं। टमाटर में विटामिन सी, बी, के के साथ ही कोलिन आदि प्रचुर मात्रा में हैं। इसलिए स्वास्थ्य की दृष्टि से भी टमाटर की अपनी अहमियत है।

ऐसी सरकारों की क्या बाध्यताएं होती हैं कि एकाएक भाव बढ़ने पर आम नागरिकों को भगवान के भरोसे छोड़कर किनारे हो जाती है। हालांकि लाख उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हो पर अभी भी देश में फसलोत्तर आधारभूत संरचनाओं की कमी बरकरार है। यही कारण है कि किसानों को मजबूरन अपने उत्पाद को सड़क के हवाले करना पड़ता है। हर हालात में फायदा होता है तो केवल और केवल बिचौलियों को होता है। पहले कृतिम अभाव पैदा किया जाता है और फिर कोल्ड स्टोरेज से थोड़ी मात्रा में बाजार में लाया जाता है ताकि ज्यों -ज्यों भाव बढ़ते जाएं त्यों-त्यों इनका मुनाफा बढ़ता जाए और आम आदमी पिसता चला जाए। आखिर ऐसा क्यों होता है? यह इसलिए भी जरूरी हो जाता है कि सरकार की बाजार पर निगरानी रखने वाली टीम आखिर क्या करती रहती है। सरकार के पास बुआई से लेकर उत्पादन तक के आंकड़े रहते ही हैं, इसके साथ ही कोल्ड स्टोरेज में जमा की भी जानकारी रहती है। फिर ऐसे कौन से कारण होते हैं कि एक समय खुदरा में दस से बीस रुपये किलो बिकने वाला टमाटर दो सौ के आंकड़े को छू जाता है। यह टमाटर ही नहीं आलू, प्याज, लहसुन आदि सभी पर लागू होता है। अब तो सरकार द्वारा बागवानी फसलों के लिए रेल भी चला दी गई है। इससे बागवानी फसलों को एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना आसान हुआ है। पर अभी इस दिशा में बहुत कुछ किया जाना है।टमाटर के भावों में तेजी के साथ ही एक बात साफ हो गई है कि सरकार का कहीं ना कहीं बाजार निगरानी तंत्र कमजोर है। पूरे देश में टमाटर के भावों को लेकर हाहाकार मचा तब जाकर नेफैड और एनसीसीएफ की नींद खुली, नहीं तो बाजार आकलन के अनुसार पहले ही इन्हें सतर्क हो जाना चाहिए था। बाजार हस्तक्षेप पहली आवश्यकता है। उत्पादक किसान और उपभोक्ता आम आदमी दोनों के ही हितों की रक्षा करना जरूरी हो जाता है। दूसरे ऐसी परिस्थितियों में सरकार की प्रजेंस मात्र से ही हालात में सुधार होने लगते हैं। साफ है सरकार के 80 रुपये किलो टमाटर उपलब्ध कराने के दूसरे दिन से ही कौन सा कमाल हो गया कि मंडियों में भाव नीचे आ गए। इसलिए समय रहते बाजार हस्तक्षेप जरूरी हो जाता है। अन्यथा कालाबाजारी और जमाखोरी को बढ़ावा मिलता है और उत्पादक और उपभोक्ता दोनों ही पिसते हैं। सरकार की बदनामी का कारण बनता है वह अलग। इसलिए एक प्रोएक्टिव टीम होनी चाहिए जो बाजार के हालातों पर नजर रखे और अप्रत्याशित होने से पहले ही बाजार के हालातों को नियंत्रण में ले सके ताकि आम नागरिक जमाखोरों के चंगुल में न आ सके। दरअसल मार्केट इंटरवेंशन के लिए सरकार समय पर सक्रिय हो जाए तो मुनाफाखोरों और जमाखोरों को आसानी से सबक सिखाया जा सकता है वहीं आम नागरिकों को भी समय पर राहत मिल सकती है। इसके लिए मार्केट इंटरवेंशन की सख्त नीति के साथ ही बाजार की मांग के अनुसार समय पर फैसले लेने होंगे ताकि बाजार पर मुनाफाखोरों और जमाखोरों का नियंत्रण नहीं हो सके।

### खास बात

## रक्तदान महादान

ट ऑफ आर्ट मॉडल ब्लड सेंटर, रिम्स का सम्मान समारोह आयोजित

*रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए वीभीडीए के तुषार कांति शीट को किया गया सम्मानित

रिम्स के स्टेट ऑफ आर्ट मॉडल ब्लड सेंटर के तत्वावधान में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स ऑर्गेनाइजेशन द्वारा शुक्रवार को रिम्स के सभागार में सम्मान



समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर शहर के प्रख्यात समाजसेवी व श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव एवं वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के सचिव तुषार कांति शीट को शहर में रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उन्हें यह सम्मान झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह के हाथों दिया गया। मौके पर रिम्स के निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रोफेसर डॉ.राजीव कुमार गुप्ता, ब्लड सेंटर के प्रभारी डॉ. सुषमा कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

श्री शीट को यह सम्मान प्राप्त होने पर आलोक मजमुदार, विवेक राय, तनय शीट, तन्मय मुखर्जी, डॉ. स्मिता डे सहित वोलंट्री ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के पदधारी एवं सदस्यगण, श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के पदधारी सहित शुभचिंतकों ने बधाई दी।

देश में रक्त की कमी के कारण हजारों लोगों की मौत हो जाती है। इस कारण स्वास्थ्य विभाग से जुड़ें हमारे प्राण रक्षक डॉक्टरगण समय-समय पर इस प्रकार का लोकहित से जुड़ें कार्यक्रम कर समाज में उदाहरण पेश करते हैं। जहां तक झारखंड का सवाल है राज्य में रक्त अल्पता एक बड़ी समस्या है। इस कारण भी इस प्रकार के कार्यक्रमों से इसकी भरपाई हो पाती है।

## पुरुषार्थ

### धर्म-प्रवाह

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**सुधारवादी** तत्त्वों की स्थिति और भी उपहासास्पद है। धर्म, अध्यात्म, समाज एवं राजनीतिक क्षेत्रों में सुधार एवं उत्थान के नारे जोर-शोर से लगाए जाते है। पर उन क्षेत्रों में जो हो रहा है, जो लोग कर रहे हैं, उसमें कथनी और करनी के बीच जमीन- आसमान जैसा अंतर देखा जा सकता है। ऐसी दशा में उज्ज्वल भविष्य की आशा धूमिल ही होती चली जा रही है।

क्या हम सब ऐसे ही समय की प्रतीक्षा में, ऐसे ही हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहें? अपने को असहाय, असमर्थ अनुभव करते रहें और स्थिति बदलने के लिए किसी दूसरे पर आशा लगाए बैठे रहें। मानवी पुरुषार्थ कहता है, ऐसा नहीं होना चाहिए।

आप भटकना मतलोभों के झोंके, मोहों के झोंके, नामवरी के झोंके, यश के झोंके, दबाव के झोंके ऐसे हैं कि आदमी को लंबी राह पर चलने के लिए मजबूर कर देते हैं और कहाँ से कहाँ घसीट ले जाते हैं। हमको भी घसीट ले गए होते। ये सामान्य आदमियों को घसीट ले जाते हैं। बहुत से व्यक्तियों में जो सिद्धान्तवाद की राह पर चले इन्हीं के कारण भटक कर कहाँ से कहाँ जा पहुँचे।

आप भटकना मत। आपको जब कभी भटकन आए तो आप अपने उस दिन की, उस समय की मनःस्थिति को याद कर लेना, जबकि आपके भीतर से श्रद्धा का एक अंकुर उगा था। उसी बात को याद रखना कि परिश्रम करने के प्रति जो हमारी उमंग और तरंग होनी चाहिए, उसमें कमी तो नहीं आ रही।

**नई दिल्ली** में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णवजी से मुलाकात किया। राँची लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न रेल परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा हुई। बहुत जल्द राँची से हावड़ा के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन शुरू होगा। यात्री सुविधाओं में भी विस्तार होगा।


**–संजय सेठ, सांसद रांची**

**राज्य** में विधि-व्यवस्था की स्थिति को लेकर आज वरीय पुलिस अधिकरियों के साथ बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया कि पुलिस को जब मैंने काम करने की पूरी छूट दे रखी है तो अपराध नियंत्रण में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**

### आपके ट्वीट





**अरण्य** अनेक सभ्यता संस्कृति व लोकोपकारी वृत्तियों के जनक हैं रामायणमहाभारत,वैदिक ऋचाओं और उपनिषदों का उद्गम अरण्यों में ही हुआ है! अतः जैव जगत के अभ्युत्थान हेतु वन-उपवनों का अभिरक्षण हो !

**–स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## मित्रता के आकाश पर राफेल की ऊंची उड़ान

### रक्षा

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**भारतीय** वायुसेना ने यूपीए सरकार के समय ही राफेल विमानों की खरीदा को अपरिहार्य बताया था। यह भी कहा गया था कि फ्रांस के साथ यह सौदा बिना समय गंवाए करना चाहिए। चीन की रक्षा तैयारियों के दृष्टिगत भारत को देर नहीं करनी चाहिए। लेकिन यूपीए सरकार इस पर कोई निर्णय नहीं कर सकी। नरेन्द्र मोदी सरकार ने वायुसेना और रक्षा विशेषज्ञों के सुझाव को गंभीरता से लिया। राफेल सौदे को पूरा किया गया। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस का हंगामा हैरान करने वाला रहा। कांग्रेस ने भी राफेल सौदे पर निशाना लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अब फिर राफेल की उड़ान आगे बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा सामरिक दृष्टि से भी बहुत उपयोगी रही। फ्रांस के साथ भारत के नब्बे हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदे हुए। चीन और पाकिस्तान पहले की तरह फिर परेशान हुए।

इस समझौते के अंतर्गत भारत को 26 राफेल लड़ाकू विमान मिलेंगे।इसके अलावा तीन स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों को भारत में बनाने पर सहमति बनी। इंडो-पैसेफिक क्षेत्र में चीन की गतिविधियों को देखते हुए भारत को भी रक्षा जरूरतों को पूरा करना था। भारतीय नौसेना ने आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमान खरीदने की सिफारिश की थी। नरेन्द्र मोदी की यात्रा से भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक और राजनीतिक सम्बन्ध सुदृढ़ हुए हैं। हिंद प्रशांत क्षेत्र और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और फ्रांस समान हित हैं। दोनों इस क्षेत्र में साझा रणनीति पर अमल के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रतिबद्धता के चलते भारत के विरोधी देशों को फ्रांस कोई हथियार नहीं देता है। इतना ही नहीं वह भारत विरोधियों के साथ मंच भी साझा नहीं करता है।

प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा और 26 राफेल की चर्चा ने पुराना प्रसंग ताजा कर दिया। तब कांग्रेस के रुख से साफ था कि वह राफेल सौदे को पूरा नहीं होने देगी। कांग्रेस लगातार बाधा पैदा कर रही थी। सरकार सभी का तथ्यों के आधार पर जबाव दे रही थी। लेकिन कांग्रेस का मकसद तो हंगामा करना था। तब राफेल डील में एचएएल से निर्मित होने वाले लड़ाकू विमान की गारंटी लेने से मना कर दिया था। इस ऑफसेट पार्टनर नीति को पूर्व की यूपीए सरकार ने 2013 में बनाया था। राहुल अपनी सरकार के निष्फल दाम बता कर बहुत खुश होते हैं। लेकिन खरीदने में नाकाम क्यों रहे, इस सवाल का कोई जबाब नहीं देते। कांग्रेस सरकार पहले ही दस वर्ष की देर कर चुकी थी, इसलिए नरेन्द्र मोदी सरकार को इन पर तेजी से कार्य करना पड़ा। वर्ष 2016 में जो सौदा हुआ, उसके आधार पर बेयर एयर क्राफ्ट अर्थात युद्धक प्रणालियों से विहीन विमान का दाम यूपीए की कीमत से नौ प्रतिशत कम था और हथियारों से युक्त विमान यूपीए की तुलना में भी बिल प्रतिशत सस्ता था। कहा गया कि कांग्रेस को आफसेट के बारे में भी पता नहीं है। आफसेट का मतलब है कि किसी विदेशी से सौदा करते हैं तो कुछ सामान अपने देश में खरीदना होता है। राफेल में तीस से पचास प्रतिशत सामान भारत में खरीदने की बात है। कुल आफसेट उनतीस हजार करोड़ रुपये का है जबकि, राहुल एक लाख तीस करोड़ होने का आरोप लगा रहे है। आफसेट तय करने का काम विमान तैयार करने वाली कंपनी का है। राहुल गांधी राफेल खरीद प्रक्रिया जानने को बेताब थे। उसका भी जवाब मिल चुका था राफेल की खरीद के दौरान पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया। अनुबंधन वार्ता समिति, कीमत वार्ता समिति आदि की चौहत्तर बार बैठकें हुई। सुप्रीम कोर्ट को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद यह रक्षा खरीद परिषद में गया और फिर सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडल समिति की मंजूरी ली गई।

### कार्टून वर्ल्ड

**युद्ध काल की आजादी**



साभार कार्टून मूववेंट

### लेटर टू एडीटर

#### रोकें भ्रमजाल

**चुनाव** का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं राजनीतिक पार्टियां सालों से अपनी रोटियां सेंकती आ रही हैं।

**– निशीकांत, रांची**

#### अन्न का संरक्षण

**समर्थन** मूल्य पर गेहूं जैसी उपज की सरकारी खरीद जारी है। खबरों के मुताबिक कई केंद्रों पर उपज को सुरक्षित रखने के माकूल इंतजाम नहीं हैं। पिछले वर्ष भी जब सरकारी खरीदी की गई और बेतरतीब मौसम की बेरुखी के चलते बेशकीमती गेहूं पानी में भीगने से सड़-गल गया था। कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए अभी से उचित उपाय करने चाहिए।

**– ममता यादव, रांची**

## सखी हे सावन के बून्द झिसी, पिया संग खेलव पचीसी

### उत्सव

**सखी हे सावन के बून्द झिसी, पिया संग खेलब पचीसी**

**सखी बहिनपा मैथिलानी समूह का सावन स्नेह मिलन**

सावन के महीने में वैसे तो भगवान की विशेष पूजा एवं आराधना होती ही है ,लेकिन बरसते बादल, काली घटाएँ , मिट्टी की सौंधी सौंधी खूशबू से वृक्षों की टहनियाँ का इठलाना, धूप एवं चारों तरफ हरियाली प्रकृति की सुंदरता में चार चाँद लगाती हैं । इसीलिए , व्रत, उपासना और प्यार के संग प्रकृति को समझने का नाम है सावन । उक्त विचार अंतर्राष्ट्रीय संस्था , सखी बहिनपा मैथिलानी समूह-रांची इकाई द्वारा हरमु अवस्थित पटेल भवन में आयोजित सावन स्नेह मिलन कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ सखी श्रीमती रीता झा ने व्यक्त की । नवागंतुक सखी शैल





ने भी विचार व्यक्त किया ।

यह महीना पशु-पक्षी को आनंदित तो करते ही हैं मनुष्य को भी झूमने एवं नाचने पर मजबूर कर देती है । ऐसा ही नजारा था जब मैथिली लोक गायिका श्रीमती बबीता झा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में सखी हे सावन के बून्द झिसी, पिया संग खेलब पचीसी की प्रस्तुति दी । महाकवि विद्यापति के चित्र पर माल्यार्पण एवं भगवती वंदना ह्लजय जय भैरवि असुर भयाविनह... से समारोह की शुरूवात हुई । इस अवसर पर महिलाओं के बीच सौन्दर्य झ्र श्रृंगार , मेहेंदी, मनोरंजक खेल सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनीता झा ने किया । धन्यवाद ज्ञापन सुनीता झा सखी ने किया । समस्त कार्यक्रम बिद्दू झा सखी की देख रेख में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम के बाद सभी सखियाँ विशेष रूप से तैयार किये गए अच्छे अच्छे पकवान खा कर विदा हुईं ।

बबिता झा द्वारा कजरी गीत और भोला बाबा भजन, नमिता सखी द्वारा लोक गीत, पम्मी द्वारा भजन को सबों ने काफी पसंद किया । अनिता सखी द्वारा सावन एक रानी और कई गेम्स प्रतियोगिता कराई गई तथा जूही सखी आकर्षक फूलों की डाली सजा कर लायी थी ।

पूनम, विनीता, नीलम, नमिता, सुनीता, बबिता, अनिता, इंदिरा, मधु, मीनू, सीमा, अंशु, पम्मी, अंशु, आराधना, अर्चना सहित 50 सखियां उपस्थित थीं ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708 48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## टेट पास विद्यार्थियों को अब तक नहीं मिली शिक्षक में नियुक्ति

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत अंतर्गत कई ऐसे गांव हैं जहाँ शिक्षक के पद पर कार्य करने हेतु युवकों ने टेट की परीक्षा बहुत मेहनत और आस लगा विगत वर्ष 2016 में पास किया। जो आज राज्य सरकार द्वारा निकाली गई सहायक आचार्य नियुक्ति की प्रक्रिया जो दिनांक 8 अगस्त 2023 से 7 सितंबर 2023 तक रेजिस्ट्रेशन ऑनलाइन किया जाना है।बताते चले की 2016 टेट पास विद्यार्थियों को आज तक शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया का एक भी अवसर नहीं मिला। वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में निकाली गई शिक्षक भर्ती प्रक्रिया से 2016टेट पास बहुत से विद्यायर्थी नियुक्ति प्रक्रिया में निर्धारित आयु से अधिक हो जाने के कारण सम्मलित हो जाने से वंचित हो जा रहें।क्षेत्र के टेट पास विद्यार्थियों में झरपो निवासी उमा शंकर राणा ने राज्य सरकार और महामहिम राज्यपाल से आग्रह किया की सभी आयु वर्ग के छात्रों को उम्र 7वर्षो की छुट दी जाय। चुकी यह नियुक्ति 7वर्ष बाद निकाली गई है।

## बर्तन दुकान में लाखों के सामान की चोरी

**हजारीबाग।** इंद्रलोक टावर के बगल स्थित ग्वाल टोली चौक स्थित बर्तन दूकान में रात को सेंधमारी कर चोरो ने लाखो के सामान उड़ा लिए। घटना रात के तकरीबन 1:30 बजे की है। बताया जाता है कि छत के रास्ते चोर दुकान में घुसे, गेट के ग्रिल को टेढ़ा किया और कई पीतल के बर्तन, सफेद लैपटॉप की चोरी कर ली। हालाकि सीसीटीवी फुटेज में चोरी की घटना कैद हो गई है। दुकान मालिक विनोद प्रसाद पिता जेतेश्वर प्रसाद ने सदर थाने को सीसी फुटेज का पेनड्राइव मुहैया करा दिया है। लिखित आवेदन भी सदर थाना को दे दी गई है। दुकान तकरीबन 10 सालों से चलाई जा रही है। होलसेल का काम बताया जा रहा है।

## चरही पुलिस ने अभियुक्त के घर में इश्तेहार तामिला कराया

**चरही।** चरही थाना कांड संख्या 60/15 दिनाक 01/07/18 के धारा 302/34 एवं आर्म्स एक्ट के अभियुक्त बुढ़मू रांची जिला,थाना चैनगड़ा के रेहरदाग निवासी संतोष गंझु पिता स्व.प्रसाद गंझु के घर चरही थाना प्रभारी विक्रम कुमार के नेतृत्व में इश्तेहार को तामिला कराया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त अभियुक्त पांच वर्षों से फरार चल रहा है।जिसको लेकर पुलिस के द्वारा उसके पहुंचकर इश्तेहार को तामिला किया गया है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर की बैठक

**चरही।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चुरचू बीडीओ इंदर कुमार के साथ मुख्यालय के सभागार में बैठक किया गया। इस बैठक में विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक में सभी को जानकारी दी गई।चुरचू प्रखंड में जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं है,जो 18 वर्ष के हो गए हैं, या होने वाले हैं उनका सूची में शामिल कराने के लिए अपने-अपने बूथों में अपने बीएलओ से मिलकर उनका नाम जुड़वाने का कार्य करेंगे साथ ही जो मतदाता की मृत्यु हो गई है या तो यहां से चले गए हैं उनका नाम कटवाने का कार्य करेंगे जिससे वोट का प्रतिशत बढ़ सके बीएलओ का लिस्ट सभी 54 बूथों का व्हाट्सएप के माध्यम से आपके पास भेज रहा हूं।

## बाइकसवार को बचाने के दौरान टैंकर अनियंत्रित होकर पलटा

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-02 करियातपुर चौक के पास बाइकसवार को बचाने के दौरान ऑयल टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। आस पास के कईलोग बाल बाल बच गए। बतातें चले कि कोलकाता की ओर से आ रहे ऑयल लदा टैंकर करियातपुर चौक के पास एक बाइकसवार को बचाने के दौरान ऑयल टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसारऑयल टैंकर मोटरसाइकिल को देखकर अचानक डिवाइडर से दूसरी ओर उतार दिया। जिससे ऑयल टैंकर पलट गया और सारा तेल सड़क पर ही गिर गया।

### मालो देवी की हुई हत्या या उसने की आत्महत्या! पिता ने कहा, दहेज के लिए ससुराल वालो ने की हत्या

# पति ने कहा, शादी के बाद भी थे आशिक से रिश्ते

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** कुसुम्बा ग्राम निवासी मालो कुमारी और पसई ग्राम निवासी विकाश यादव की शादी एक महीने पहले बहुत धूम धाम से हुयी थी। शादी के मात्र ३१ दिनों के बाद मालो की मौत उसके ससुराल में हो गयी। इस सम्बन्ध में पति यादव ने कहा कि शादी के दो दिनों के बाद ही उसे पता चल गया था कि मालो का अपने गांव के किसी लड़के के साथ अवैध सम्बन्ध है। उसने मोबाइल पर वीडियो कॉल करते अपनी बीबी को आपत्तिजनक



जानकारी देते पिता सुरेश गोप

स्थिति में देख लिया था जिसपर वो बहुत नाराज हुआ था और उसे बहुत समझाया। वो माफी भी मांग ली थी लेकिन उसका हरकत बंद नहीं हुआ। जब वो नहीं समझी तो मैंने उसके पिता सुरेश गोप को सारी बात बताई। उन्होंने बेटी को बहुत समझाया। वो पिता के डर से उनके सामने मान गयी की वो अपने आशिक को वीडियो कॉल वगैरह नहीं करेगी। लेकिन कुछ दिनों के बाद वो फिर अपने गंदे कार्य में लग गयी। बहुत समझाया बुझाया कोई फर्क नहीं पड़ा। शुक्रवार रात १२ बजे हमलोग सो गए। चार बजे जब मैं उठा तो उसे बेड पर नहीं देख उसे खोजने निकला। वो बाथरूम में थी। बाथरूम अंदर से बंद था। जब ज्यादा देर हुआ तो आशंकित हुआ। आवाज दी लेकिन कोई प्रतिउत्तर नहीं मिला। जिसके बाद अपने बड़े भाई के सहयोग से बाथरूम के दरवाजे को तोड़ दिया। अंदर देखा तो उसने फांसी लगा रखी थी। जिसके बाद थाने और उसके घर वालो को सुचना दी। वही मालो के पिता सुरेश गोपी का कहना है कि मेरा दामाद मनगढंड कहानी बता रहा है। इसे मैंने शादी में 6 लाख रुपये और कीमती सामान दिए थे। लेकिन उसके बावजूद बुलेट मोटरसाइकिल के लिए मेरी बेटी पर लगातार दबाव बना रहा था। इसको लेकर मारपीट करता रहता था। इनलोगो ने मिलकर मेरी बेटी की हत्या की है। पुलिस प्रशासन से मांग है कि इन दहेज के लोभियों को तत्काल गिरफ्तार कर उचित सजा दे।

## झारखंड शारीरिक शिक्षण प्रशिक्षित शिक्षक संघ ने सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन



सदर विधायक व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षित शिक्षक संघ, हजारीबाग इकाई के पदाधिकारियों और सदस्यों ने शुक्रवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल से उनके विधायक सेवा कार्यालय सभागार में मुलाकात कर अपनी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया। संघ के पदाधिकारियों ने इस संबंध में विधायक मनीष जायसवाल को एक ज्ञापन भी सौंपा जिसमें उन्होंने राज्य के सभी स्तर के विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा विषय के पद सृजन की स्वीकृति की मांग सरकार और विभाग के स्तर पर उठाने का आग्रह किया। विधायक मनीष जायसवाल ने संघ की मांगों को जायज बताते हुए सरकार के स्तर पर उनकी मांगों को रखने का आश्वासन संघ के पदाधिकारियों को दिया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल से मिलने पहुंचे झारखंड शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षित शिक्षक संघ के संरक्षक आदित्य कुमार, कार्यकारी सदस्य संजय कुमार सहित अन्य लोगों ने विधायक मनीष जायसवाल के प्रति सकारात्मक आश्वासन के लिए आभार जताया।

# पूर्व विधायक ने लगाया जनता दरबार लोगों की समस्या से हुए अवगत

### लोगों की समस्या का निष्पादन करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अपने आवास पर ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुनने हेतु जनता दरबार लगाया। पूर्व विधायक ने दूरस्थ गांव से पहुंचे ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुनकर सम्बंधित पदाधिकारियों से वार्ता कर मामले को निष्पादित करने का निर्देश दिया। बताते चलें कि पूर्व विधायक अपने व्यस्ततम समय के बावजूद जनता के बीच समय निकालकर जनता की समस्याओं को सुनकर उसका निदान करने को लेकर प्रयासरत रहते है। पूर्व विधायक श्री यादव बताते है कि जनता के बीच रहकर



जनता दरबार मे मौजूद पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव

उनकी सेवा करने के उद्देश्य से यह जनता दरबार लगातार लगाया जाता रहा है। उनका मानना है कि जनता की सेवा करने के लिए कोई पद की जरूरत नही है। जनता की सेवा निःस्वार्थ भाव से किया जा सकता है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, अशोक यादव, युगल यादव, सेवानिवृत्त रेंजर दिलीप एक्का, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, पंसस प्रतिनिधि विनोद यादव, रामदेव यादव, रुपेश राम, अमरेंद्र यादव, राजेश यादव, गुलेन्द्र यादव, कैलाश केशरी, पवन केशरी, चन्दन केशरी, बिरजू ठाकुर, संतोष प्रजापति सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

एक नजर में

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य : विजय यादव



प्रबंधन समिति गठन में शामिल मुखिया विजय यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बुंडू में संचालित मॉडल विद्यालय में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के निर्देश पर विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन हेतु विद्यालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सह संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने किया। बैठक में अध्यक्ष के रूप में रंजू देवी, उपाध्यक्ष संतोष कुमार यादव, सदस्यों में कौशल्या देवी, संजू देवी, सबीना प्रवीण, रेशमी देवी, किरण देवी, रंजू देवी, संयोजिका एवं उप संयोजक में कौशल्या देवी, संजू देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति के पदेन सदस्यों में प्रधानाध्यापिका टुनटुन देवी, शिक्षक संजय कुमार यादव, करण राम, राजेंद्र प्रसाद मेहता, स्थानीय मुखिया विजय कुमार यादव चुने गए।

## गौतम ने चलाया जनसम्पर्क अभियान



मौके पर उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के भावी यसस्वी युवा नेता गौतम कुमार टाटीझरिया प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न गाँव के आम जनता से रूबरू हुए।गौतम ने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी विगत पांच वर्षों से अड्डा जमाकर जनता से लूट मचाये हुए है। प्रखंड विकास पदाधिकारी का व्यवहार जनता के बीच निराशाजनक है। इससे जनता में काफी आक्रोश है। गौतम ने आम जनता के साथ दुर्व्यवहार, एवं भ्ष्टाचार की खबरे सबंधी मामले को संज्ञान में लेते हुवे विधान सभा क्षेत्र के झरपो, भराजो, खैरा आमनारी, बेडमक्का, महोवारी, सिझुआ,पुतो, सिमराढाव, लोधी, टट्टगांव, नारायणपुर, उच्चाबेडा इत्यादि दर्जनों गाँव के दर्जनों जनता से जन संपर्क करते हुए मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान झरपो मुखिया शिबुप्रसाद सोनी समेत अन्य दर्जनो लोग शामिल थे।

## श्रावणी मेले का हुआ उद्घाटन, ग्रामीणों में हर्ष

**भदानीनगर (रामगढ़)।** लक्ष्मी टॉकीज भुरकुंडा रामनवमी मैदान में गुरूवार की देर शाम श्रावणी मेला का उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी ने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान रोशन लाल चौधरी ने मेले का निरीक्षण कर मेले में झूलो के सुरक्षात्मक संचालन के बावत समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मेले का शुभारंभ से स्थानीय ग्रामीणों खासकर बच्चों में काफी उत्साह दिखा। श्री चौधरी ने कहा कि श्रावणी मेला उत्साह का प्रतीक है।

## करैत सांप के काटने से युवक की मौत

**कुजू।** विषैले सांप करैत के काटने से गुरूवार की रात्रि सांडी तिलैया निवासी बाबूलाल बेदिया के 16 वर्षीय पुत्र प्रीतम बेदिया ने की मौत हो गयी। बताया जाता है कि प्रीतम रात्रि में अपने घर पर खाना खाने के बाद बेड पर सो गया। इसी बीच रात्रि में सांप ने उसे काट लिया। परिजनों की इसकी जानकारी मिलते ही इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल ले गए। जहां युवक की बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया।

# भविष्य निधि त्रिपक्षीय समन्वय समिति की बैठक एवं पेंशन अदालत का हुआ आयोजन

### 132 आवेदनों में से 36 मामलों का हुआ निष्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित अफिसर क्लब में शुक्रवार को कोयला खान भविष्य निधि त्रिपक्षीय समन्वय समिति की बैठक एवं पेंशन अदालत शिविर का आयोजन हुआ। पेंशन अदालत में पेंशन एडिसनल डिप्टी कमिश्नर एसके सिन्हा, सहायक डिप्टी कमिश्नर एसके प्रसाद, अमित श्रीवास्तव, संतोष कुमार, ष्णा सुंडी, प्रणव झा, अजय श्रीवास्तव, यूनियन के तरफ से सीएमपीएफ व पेंशन कमेटी के सदस्य रमेंद्र कुमार और बरका-सयाल जीएम अजय कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद थें। पेंशन अदालत में ऐसे सेवानिवृत कर्मी जिनका पेंशन किसी कारणों से बंद हो गया था। उनका पेंशन जल्द चालू करने की बात कही गई। शिविर में ऐसे परिजन जिनके घर में सेवानिवृत कर्मी की मृत्यु के बाद पेंशन बंद हो गया है, उनसे सर्विस सीट में नामित परिजनों पेंशन का लाभ देने की भी बात कही गई। इस अवसर पर एटक



बैठक में शामिल अतिथि व अन्य

के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पेंशन कमेटी के सदस्य रमेन्द्र कुमार ने कहा की पेंशन का लाभ समाज के निचले वर्ग के लोगो को नही मिल पाता है। कानून और संविधान जनता के लाभ के लिए बना है। लेकिन प्रबंधन की ढुलमुल रवैया के कारण सेवानिवृति के बाद भी मजदूरों को पेंशन के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पडता है। उन्होंने कहा कि रिटायरमेंट के बाद पेंशन ही बुढ़ापे व जीवन जीने का एक मात्र सहारा होता है। शिविर में बरका-सयाल क्षेत्र से संबंधित सीएमपीएफ एवं पेंशन संबंधी मुद्दों का निपटारा किया गया। इस दौरान कुल 132 आवेदन जमा किए गए। जिसमें से 36 मामलो का निष्पादन किया गया। मौके पर एसओपी अजय कुमार, एरिया पर्सनल मनैजर विवेक कुमार, भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक, वंदना लाला, रश्मि हस्सा खालको, अपर्णा, विकाश रंजन, राजीव वर्मा, जनसन, सीएमपीएफ विभाग बरका सयाल प्रक्षेत्र के लखी राम बेदिया, सुनील कुमार, शैलेश, तुफेल अंसारी, सयाल यूनिट के विशु उरांव, लोकेश कुमार, जितेंद्र तिवारी, राहुल, रोशन, मुन्ना सिंह, हीराचंद, प्रकाश ठाकुर, आरडब्लूएस के पीके घोष, पूर्णिमा देवी, मिस मेरी, यूनियन की ओर से विंध्याचल बेदिया, संजय वर्मा, आरएन सिंह, संजय मिश्रा सहित सेवानिवृत दर्जनों कर्मी और परिजन मौजूद थे।

## राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन व विस्थापित संघर्ष मोर्चा की उरीमारी में हुई बैठक

**उरीमारी (रामगढ़)।** उरीमारी राकोमयू कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन व विस्थापित संघर्ष की मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राकोमयू के क्षेत्रीय अध्यक्ष राजू यादव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि वर्तमान में जहां महाप्रबंधक कार्यालय चल रहा है वहीं चलने दिया जाए इसे हस्तांतरण नहीं किया जाए। कहा गया कि बीटीटीआई बुधबाजार में बनाने की तैयारी की जा रही है। जिस स्थान पर कार्यालय चल रहा है वहीं पर बनना चाहिए।

### शोभा श्रीवास्तव ने नेता प्रदीप प्रसाद के साथ जमीन विवाद को लेकर की प्रेस वार्ता, कहा

# अधिकारों की लड़ाई में मेरा साथ दें

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के चर्चित नेता प्रदीप प्रसाद के साथ हुए जमीन व दूकान विवाद मामले को लेकर शोभा श्रीवास्तव पति स्व अरूण श्रीवास्तव ने शुक्रवार को झिंझरिया पूल स्थित अपने आवास श्रीवास्तव भवन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने इस मामले में उपायुक्त को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है।

साथ ही मैंने अपर मुख्य सचिव गृह कारा विभाग राँची , महानिदेशक राँची और सचिव झारखंड स्टेट बार काउंसिल से मुलाकात कर सारे मामले की जानकारी भी दे दी है। मैंने उनसे अनुरोध किया है कि यह मेरे हक की लड़ाई है। संवैधानिक अधिकारों की लड़ाई में मेरा साथ दें। मुझे मेरा हक दिलाएं। बताया कि इस मामले में मैंने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय को भी आवेदन दिया है। पत्र में लिखा है



प्रेस वार्ता करती शोभा श्रीवास्तव व अन्य

कि विगत 12 जुलाई को आनंदपुरी स्थित दुकान की शटर पर 'नॉट फॉर सेल' लिखने के दौरान उनके बेटों व उनपर प्रदीप प्रसाद ने हमला करवा दिया। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस हमले में प्रदीप प्रसाद के बेटे, भतीजे व उनके समर्थकों का हाथ होने का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। इस मामले को एसडीएम कोर्ट में भी चुनौती दी है। पत्र में इस बात का जिक्र है कि मंगलवार को उक्त दुकान पर फिर से कारोबार शुरू कर दिया गया है। दुकान में अज्ञात लोगों के आने-जाने से कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। आरोप लगाते हुआ लिखा है कि उन्हें व उनके परिवार को धमकियां दी जा रही है। ऐसे में उपायुक्त से कार्यवाई की मांग की है। शोभा श्रीवास्तव की बहु हेमा श्रीवास्तव ने कहा कि एफआईआर होने के बाद भी प्रशासन से कोई सहयोग नहीं मिल रहा। वे लोग डर के साए में जीने को मजबूर हैं। कहा कि उपायुक्त ने आश्वासन दिया है की न्याय होगा।

## संजीव बेदिया को झामुमो हजारीबाग जिला का मुख्य संयोजक बनाया गया



**बड़कागांव।** हजारीबाग जिला में आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडे ने पत्र जारी कर झामुमो की जिला, प्रखंड व पंचायत कमेटी को भंग करते हुए नए कमेटी गठन कराने को लेकर जिला संयोजक मंडली का गठन किया है। जिला संयोजक मंडली में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया को मुख्य संयोजक बनाया गया है।

कार्यालय :–प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र, हेहल, राँची
(E-mail ID – principaletcjharkhand@gmail.com)
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(कृषि प्रभाग)

**शुद्धि पत्र**

पी० आर० सं०–302522 Agriculture, Animal Husbandry and Co-operative Department (23-24).D दिनांक 18.07.2023 को प्रकाशित की गई है, निविदा सूचना सं० 02/2023–24 के स्थान पर टंकण त्रुटि वश निविदा सूचना सं० 02/2022–23 अंकित हो गई है। निविदा सूचना सं० 02/2022–23 को निविदा सूचना सं० 02/ 2023–24 पढ़ा जाए।

प्राचार्य
प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र
हेहल राँची

PR 302975 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 23-24 (D)

उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,रामगढ़
(नजारत शाखा)

उप विकास आयुक्त–सह–सचिव, DMFT, रामगढ़ के पत्रांक– 968/वि०, दिनांक 05.07.2023 के आलोक में अति अल्पकालीन निविदा।

रामगढ़ जिला अन्तर्गत व्यवहार न्यायालय परिसर कोर्ट हाजत के बगल में निर्मित भवन को ड्रग्स मालखाना (भण्डार गृह) को जीर्णोद्धार करने हेतु पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के ज्ञापांक–1146/हि०शा०, दिनांक 14.07.2023 से अधियाचित निम्नांकित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु एक अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| S.No | Item Wise Details | Qty (In Nos) |
|---|---|---|
| 1 | Almirah (Brand: Godreg, Size : 36"X78" Inches, gauge: 18 mm) | 08 |
| 2 | Almirah (Brand: Godreg, Size : 36"X60" Inches, gauge : 18 mm) | 03 |
| 3 | Trunk box with lock (size:36"x60" inches, depth, depth:42 inches, Make:metal sheet (Chadra) | 10 |
| 4 | Shelves with drawers (Brand : Nilkamal Magna 18 personal locker, size : 72.83"x35.62" inches, depth: 15.74" inches, door made of 0.8mm thick (22 gauge) powder coated CRCA sheet, body, back & shelves made of 0.6 mm thick (24 gauge) powder coated CRCA sheet, locking facility available with a duplicate key card holder provided at the door, total 18 numbers of individual lockers) | 04 |
| 5 | CCTV Cameras with stand and display (Brand: CP Pulse/Dahua, 08 Channel, 1 tb Storage, HD, 6 pcs day and night vision cameras and 02 cameras water proof bullet camera with day and night vision. | 08 |
| 6 | Bulb (Brand : Philips, LED , 24 W | 10 |
| 7 | Chair (Brand: Godrej, with arms | 06 |
| 8 | Chair (Plastic type with arms, Brand: Nilkamal, Cello, Weight bearing capacity : 125 kg) | 06 |
| 9 | Table (Size:30"X60" Inches, Brand: Godreg) | 01 |

वैसे निविदादाता जो निविदा शर्त के अनुरूप निविदा भरने के इच्छुक है, वे अपना भरा हुआ निविदा लिफाफा दिनांक 28.07.2023 के 2:00 बजे अपराह्न तक जिला नजारत कार्यालय, रामगढ़ में जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 28.07.2023 को 04:00 बजे अपराह्न खोला जायेगा। निविदा की विवरणी एवं शर्तें https://ramgarh.nic.in में Notice के अन्दर देखा जा सकता है।

ह०/–
नजारत उपसमाहर्त्ता,रामगढ़

PR 302912 District(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

ई० निविदा आमंत्रण सूचना
ई० निविदा संख्या– WRD/MIDIV GARHWA/ 06-F2/2023-24
पत्रांक – 596 गढ़वा/दिनांक – 19.07.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | मानपुर मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य, प्रखण्ड– रंका, जिला– गढ़वा |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 36,95,193.31/– (छत्तीस लाख पन्चानबे हजार एक सौ तिरान्बे रू० एकतीस पैसा) मात्र |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि | 5,000.00 (पांच हजार रू०) मात्र |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |
| 5 | ई० निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 27.07.2023 12:00 PM |
| 6 | ई० निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.08.2023 12:00 PM |
| 7 | ई० निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 12.08.2023 04:00 PM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.08.2023 01:00 PM |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं० | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। मो0– 9931162912 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई० निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय। | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। 2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। 3. कार्यलपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमण्डल, रांची। |
| 11 | ई० प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट:– केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR302930 (Minor Irrigation)23-24*D

स्पीड न्यूज

### 20 बिजली पोल से तार की चोरी

**चान्हो।** बीस पोल बिजली की तार की चोरी का मामल शुक्रवार को सामने आया है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के चोरेया पंचायत अंतर्गत डहु टोली गांव के निकट स्थित खेतों में सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन दिया गया था। यहां से लगभग बीस से भी अधिक बिजली पोल से तार गायब पाए गए। चोरी गए तारों की कीमत लगभग पांच लाख रुपए बताई जा रही है शुक्रवार की देर शाम बिजली विभाग द्वारा मामले को लेकर प्राथमिकी के लिए थाने में आवेदन दिया गया है।

### श्राद्धकर्म के लिए किया सहयोग

**सिकिदिरी।** नवागढ़ के पंचायत समिति सदस्य फाल्गुनी शाही व मुखिया भुवनेश्वर बेदिया ने ओबर गांव निवासी जागरण बेदिया के श्राद्धकर्म के लिए सहयोग किया है। दोनो जनप्रतिनिधियों ने मृतक के गांव जाकर खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया। विगत दिनों किसान जागरण बेदिया की पेड़ से गिरने से मौत हो गई थी। मौके पर संजय बेदिया, दिलीप मिर्धा, शानिचरवा बेदिया, कर्मदेव बेदिया, लालकु बेदिया आदि उपस्थित थे।

### इटकी प्रखंड मुख्यालय पर आजसू का धरना आज

**इटकी।** आजसू पार्टी का शनिवार को इटकी प्रखंड मुख्यालय के समीप एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर पार्टी के जिला सचिव मुर्तजा आलम ने प्रखंड के कुंदी, बारीडीह, महुआ टोली, खोरखा टोली व लोहरा कोचा सहित कई गांव का दौरा कर जन संपर्क अभियान चलाया।

### इटकी : हार्डवेयर दुकान से नगद और सामान की चोरी

**इटकी।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर सेमरा बस्ती के समीप स्थित वीणा सीमेंट एंड हार्डवेयर की दुकान में गुरुवार की रात चोरी हो गयी। चोरों ने पांच हजार रुपये नकद व करीब दो लाख रुपये की सामग्री चुरा लिया। चोरी की सूचना दुकान संचालक द्वारा इटकी थाना को दे दी गयी है। दुकानदार के मुताबिक चोर दुकान में लगे लोहे के शटर दरवाजा का ताला को तोड़कर अंदर प्रवेश किये व नकद के अलावा अन्य सामग्रियों को ले भागे।

### सोमा उरांव ने की थानों में चौकीदार बहाली की मांग

**कांके।** जिला रांची मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव ने मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर थानों में रिक्त पड़े चौकीदार की बहाली की मांग की है। कहा हैं कि कई थानों में अभी बगैर मानदेय के चौकीदार कई वर्षों से सेवा देते आ रहे हैं। वैसे चौकीदारों को चिन्हित कर शीघ्र ही स्थायीकरण करने की कृपा करें। विदित हो कि थानों में चौकीदारों की बहाली के लिए कोर्ट ने भी आदेश दे दिए हैं।

### मांडर में अंडर-17 सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**मांडर।** अंडर-17 बालक-बालिका प्रखंड स्तरीय प्री सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ शुक्रवार को किया गया। उद्घाटन मैच महुवाजारी बनाम एसएस जनता मुड़मा के बीच खेला खेला गया जिसमें मुड़मा ने महुआ जाड़ी को 2-1 से हराया। वहीं बालिका वर्ग अंडर-17 का मैच प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय टांगरबसली के बीच खेला गया जिसमें टाइ ब्रेकर में टांगरबसली 2-1 से विजयी रहा।

### बुंडू में सुब्रतो मुखर्जी कप प्रतियोगिता संपन्न


**बुंडू।** खेलों झारखंड के अंतर्गत 62वीं सुब्रतो मुखर्जी कप टूनार्मेंट 2023 का समापन शुक्रवार को झमाझम वारिस के बीच किया गया। जिसमें अंडर 14 बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला संत जेवियर हाई स्कूल बुंडू और राजकीयकृत मध्य विद्यालय रेलाडीह के बीच खेला गया, जिसमें संत जेवियर्स हाई स्कूल बुंडू की टीम विजय रही।

# बिरसा जैविक उद्यान के वृद्ध तेंदुआ की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी की तेंदुआ राधा की मौत शुक्रवार दिन में 11.30 बजे को हो गई है। 15 वर्षीय वृद्ध तेंदुआ पिछले कुछ दिन से बीमार थी। 10 जुलाई को अचानक तबियत खराब होने पर जैविक उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ ओपी साहू द्वारा उपचार शुरू किया गया था। साथ ही उसी दिन पशु चिकित्सालय महाविद्यालय कांके के विशेषज्ञ पशु चिकित्सक डॉ अंसार अहमद से भी दिखाया गया। उपचार में सुधार नहीं होता देख देहरादून के वाइल्ड लाईफ (एसओएस) के पशु चिकित्सक डॉ इलिराज से भी परामर्श लेकर उपचार शुरू किया गया था। बावजूद तेंदुआ राधा की मौत हो गई। शुरूआती जांच में मौत का कारण तेंदुआ का वृद्ध होना और हाईपेटिस व निमोनिया का लक्षण पाया गया है। इसकी पुष्टि के लिए सैंपल जांच के लिए बेटनरी कॉलेज कांके व वाइल्ड लाईफ इंस्टीच्यूट देहरादून भी भेजा जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए जैविक उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ ओपी साहू ने बताया कि तेंदुआ की एवरेज उम्र 14 से 16 वर्ष तक होती हैं। जैविक उद्यान में बेहतर रख-रखाव के कारण एक-दो वर्ष बढ़ जाती है। तेंदुआ राधा की मौत पर उद्यान प्रशासन के साथ सभी उद्यान कर्मी काफी दुखी हैं। वहीं तेंदुआ को देखने आने वाले सैलानियों को भी उसके नहीं रहने की कमी खलेगी।

### बोकारो जू से लाया गया दो तेंदुआ



तेंदुआ राधा की मौत के बाद जैविक उद्यान में तीन नर तेंदुआ प्रकाष, मिर्जा व हरि और दो मादा तेंदुआ ज्योति व रानी के साथ एक सावक वेहिदी हैं। वहीं दो माह पूर्व बोकारो-जू से भी दो मादा तेंदुआ लाया गया है। जिसका नामकरण भी अभी नही हुआ है। राधा तेंदुआ को दो मार्च 2017 को बाजित अलि चिड़ियांघर लखनऊ से जैविक उद्यान में लाया गया था। अभी बोकारो से लाए गए दोनो तेंदुआ सहित जैविक उद्यान में आठ तेंदुआ बचे हैं।

### अनगड़ा में हाथी के हमले से महिला घायल

**सिकिदिरी/अनगड़ा।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के टाटी पंचायत के अश्वाबेड़ा में शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे अपने घर के बगल में खुखड़ी चुनने गई वैशाखी देवी पति महेश मुण्डा को एक जंगली हाथी ने अपनी सूंढ़ से पटक दिया। इस हमले में वैशाखी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। जख्मी महिला को झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली विस प्रभारी टाटी मुखिया रामानंद बेदिया इलाज के लिए रिम्स ले गए । मिली जानकारी के अनुसार वैशाखी देवी सुबह में खुखड़ी चुनने घर के बगल में ही स्थित झाड़ी में गई हुई थी। झाड़ी में पहले से छिपा हुआ था। हाथी ने उसपर हमला कर दिया। जां बचाकर दौड़ते हुए वह अपने घर की ओर भागी। हाथी ने दौड़ाकर उसे घर के पास पकड़ा और सूंढ़ से पटक दिया। हाथी पटकने से उसके कमर, पैर व हाथ में गंभीर चोट आई है। ग्रामीणों का हो-हल्ला सुनकर हाथी जंगल की ओर भाग गया। वनविभाग की ओर से वनरक्षी कृष्णा महतो ने पीड़िता के पति को पांच हजार रुपए की मुआवजा राशि प्रदान किया है। ज्ञात हो कि इन दिनों क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक बढ़ गया है। हाथियों का झुंड क्षेत्र में विचरण करता रहता है और कभी-कभी ऐसी घटनाएं हो जाती हैं।

# टीएसपीसी उग्रवादियों पर कसेगा नकेल

### ग्रामीण एसपी ने किया खलारी थाना का औचक निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी कोयलांचल क्षेत्र में शुक्रवार को ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने खलारी थाना का औचक निरीक्षण किया। एसपी के निरीक्षण में थाना में अपराधी घटना की स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय थाना के अधिकारियों को एसपी ने निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाये। वही ग्रामीण एसपी ने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र में टीएसपीसी उग्रवादियों का प्रभाव रहा है। इसे रोकने के लिए रणनीति तैयार कर ली गयी है। संगठन से कुछ सफेदपोश प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मिले हुए है उसकी जांच चल रही है। सहायता करने वाले भी बक्से नही जाएंगे। वही थाना के पुलिस अधिकारियों की समस्याओं से भी अवगत हुए। जिसका निदान करने के लिए निर्देश भी दिए। इस दौरान खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी, थाना प्रभारी फरीद आलम, एसआई बाजो रजक, एएसआई सहदेव महतो आदि मौजूद थे।

### भूमि का लगान रसीद निर्गत करने की मांग

**खलारी।** भाजपा खलारी महिला मोर्चा मंडल अध्यक्षा सरोजनी देवी ने बिहार भूदान यज्ञ कमिटी से मिल भूमिदान दान भूमि को ऑनलाइन लगान राशिद निर्गत करने के संबध में खलारी अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। झारखंड भूदान यज्ञ कमिटी एवं बिहार भूदान यज्ञ कमिटी द्वारा लपरा पंचायत में भूमि प्राप्त है। यह भूमि हरखू भुईंया, किशुन भुइयां, धनेश्वर भुइयां, बीरपाल भुइयां, रामप्रसाद लोहरा को प्राप्त है। उपरयुक्त भूमि का लगान रसीद निर्गत करने का आग्रह किया गया।

## सावधान : बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के नाम पर ठगी कर रहे हैं एजेंट

### फर्जी एनजीओ बनाकर हो रही है ठगी

खबर मन्त्र संवाददाता

> ऐसी कोई योजना भारत सरकार के गाइडलाइंस में नहीं है। संबंधित मामले की जांच की जाएगी। ग्रामीण बिना सोचे-समझे इन बहरूपियों के भरोसे में पैसा न लगायें।
> **खलारी सीओ।**

**खलारी।** खलारी प्रखंड अतर्गत फर्जी एनजीओ व फर्जी बैंक बनाकर टोला मुहल्ला में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के नाम पर ठगने का कार्य बड़े ही जोर शोर के साथ किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित व्यक्ति भी शामिल है। इन फर्जी कार्य की आशंका लगते हुए खलारी प्रखंड के समीम अंसारी ने खलारी अंचलाधिकारी को संबधित फर्जी कार्य का जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। समीम ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में कई एजेंट के रूप में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नाम पर कार्य कर रहे है। जिमसें एक पासबुक दिया जाता, जिसमे लिखा हुआ है कि आस्था भारत फाउंडेशन। पासबुक के अंदर एक्यूस्टा बैंक लिखा हुआ है, जिसमें हर माह 2000 रुपया आया है। इसके लिए एजेंट घर में छोटी बच्चियों का फोटो, आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र की मांग की जाती है। इसके एवज में 1100 रुपये परिवार वालों से लिया जाता है। शक के आधर पर मो समीम ने अंचलाधिकारी को शिकायत की।

## एक नजर में

### सेंट्रल मुहर्रम कमेटी की बैठक में चर्चा



**कांके।** सेंट्रल मोहर्रम कमेटी कांके क्षेत्र की बैठक मो समनूर मंसूरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कांके क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा के खलीफा सदर सेक्रेटरी एवं क्षेत्र के सामाजिक एवं राजनीतिक लोग शामिल होकर मोहर्रम का जुलूस निकालने को लेकर अपने विचार रखे। मौके पर अंजुमन के सदर हाजी अब्दुल रहमान, हाजी हैदर अली, हाजी साहिल, समीम मनोव्वर बाबा, मो मोबीन, हिफजूल रहमान, मो सहजाद, जिब्राइल अंसारी, मो सरफराज, मो मेराज शेर खान सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर मिला प्रशिक्षण



**खलारी।** खलारी प्रखंड सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी लेख राज नाग के अध्यक्षता में खलारी प्रखंड के सभी बीएलओ पर्यवेक्षक एवं बीएलओ को घर-घर सर्वे का प्रशिक्षण दिया गया। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत दिनांक 21 जुलाई से 28 जुलाई तक सभी बीएलओ अपने अपने मतदान केंद्र क्षेत्र में करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अंचल अधिकारी खलारी शिशुपाल आर्य, विनय कुमार गुप्ता, असित कुमार, रमेश कुमार गुप्ता, प्रेमचंद मुर्मू, प्रवीण उरांव, आदित्य नाथ झा, मन्ना टाना भगत आदि मौजूद थे।

### दुकान आवंटन के लिए उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड कार्यालय परिसर में पंचायत समिति फंड द्वारा निर्मित दुकानों के आवंटन में देरी को लेकर भाजपा की तरफ से लगातार ज्ञापन दिया जा रहा है। वही प्रशासन द्वारा अभी तक दुकान का आवंटन नहीं किया जा सका है। प्रचार प्रसार के अभाव में लोगों को इसकी जानकारी नहीं हो पाई। जिसके कारण जरूरतमंद व बेरोजगार लोग आवेदन जमा नहीं कर पाएं। पूर्व विधायक ने दोनों दुकानों के आवंटन निष्पक्ष व पारदर्शिता के लिए लोगों को जानकारी देकर व प्रचार प्रसार करके आवंटन की प्रकिया कराये जाने की मांग की है।

### चोरेया गांव से अमरनाथ यात्रियों का जत्था रवाना



**चान्हो।** अमरनाथ यात्रा के लिए प्रखंड के चोरेया गांव से बारह यात्रियों का जत्था शुक्रवार को रवाना हुआ। इस यात्रा में डॉ अनिल साहूए बिनोद साहूए पप्पू साहूए पंकज साहूए रवि गुप्ताए सतन साहूए बंधु साहूए सुनील साहूए अजय साहूए मोना राजए संदीप साहू और मुकेश साहू शामिल हैं। गुटूवा में पंचमूखी गणेश मंदिर में दर्शन और पूजा अर्चना करने से बाद सभी जयकारा लगाते हुए यात्रा पर रवाना हुए। यात्रा की अगुवाई कर रहे डा अनिल साहू ने बताया कि जम्मू से निजी वाहन से बालटाल या पहलगाम के रास्ते बाबा बफार्नी के दर्शन के बाद वापसी में माता वैष्णोदेवी का दर्शन भी करना है। चान्हो पूर्वी से जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने सभी भक्तों को यात्रा की शुभकामना देते हुए रवाना किया। मौके पर मुन्ना पाण्डे, चंदन दुबे, रामदयाल साहू, प्रेम साहू, अनुज मिश्रा, रमेश साहू, बबलू महतो सहित मंदिर के मुख्य पुजारी अरबिंद शर्मा और अनिल मिश्रा उपस्थित थे।

## सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब के गठन की प्रक्रिया तेज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर प्रखंड में सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब बनाने की प्रक्रिया तेज हो गयी है। इसका गठन प्रत्येक राजस्व गांव में ग्राम सभा के जरिये की जा रही है। बीडीओ हरिशंकर बारिक ने टीम का गठन किया है। बीसीईईओ देवेंद्र नाथ पांडेय पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये हैं। इसकी शुरूआत लहना पंचायत से की गयी। क्लब के जरिये प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहन मिलेगा। पंचायत के विकास में भी उनकी भूमिका तय होगी।

**क्लब के होंगे चार स्तर**

गांव के बाद जिले में क्लब का गठन होगा। प्रमंडलीय स्तर पर भी चुनाव कराये जायेंगे। इसके बाद राज्य स्तरीय कमेटी बनेगी। बैंक में ज्वाइंट एकाउंट खोले जायेंगे। टीम में अर्चना सिंहा, डॉ विजय कुमार, मुकेश प्रसाद, तैयब अंसारी, समसुल हक, अल्बर्ट एंथोनी मिंज, लाल उदयनाथ शाहदेव, देवरत्न राम तिवारी, गुरु उरांव और महेन्द्र ठाकुर आदि शामिल हैं।

## इंजीनियरिंग के छात्रों ने किया रक्तदान

खबर मन्त्र संवाददाता



रक्तदान कार्यक्रम में उपस्थित छात्र व अतिथि।

**ओरमांझी।** आरटीसी आईटी ओरमांझी में शुक्रवार को सदर हॉस्पिटल रांची व आकांक्षा सोशल, एजुकेशन एंड स्किल डेवलपमेंट सोसायटी के द्वारा ब्लड डोनेड कार्यक्रम का अयोजन हुआ। जिसमें कॉलेज के छात्रों ने रक्तदान किया। वहीं विकेक चांद द्वारा छात्रों को अंगदान के प्रति जागरूक भी किया गया। जागरूकता शिविर का आयोजन काफी सफल रहा और सभी लोगों को अंगदान के बारे में जागरूक भी किया गया। आकांक्षा के अध्यक्ष कौशिक चांद ने लोगों को रक्तदान और मरणोपरांत अंगदान के बारे में मिथकों को तोड़ते हुए उनके लाभ के बारे में बताया। सचिव विवेक चांद ने बताया की गरीब व जरूरत मंद लोगों की मदद पहुंचाने के उदेष्य से रक्तदान सह अंगदान शिविर लगाया गया है। मौके पर कौशिक चांद, अरुण देव कुमार, शमीर्ला गोश्वामी, विवेक चांद, सौभिक गोश्वामी, सत्यजीत रॉय, आशीष कुमार और राजीव रंजन व ब्लड बैंक, सदर अस्पताल, रांची के कर्मचारियों उपस्थित थे।

# धर्म परिवर्तन करने वालों को डीलिस्टिंग नहीं किया गया तो पूरे भारत में होगा सड़क जाम

### धर्मांतरण कराने वाले मिशनरियों में हड़कंप



कार्यक्रम में बोलते छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री गणेश राम भगत।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के पिस्का हाई स्कूल ओरमांझी में शुक्रवार को जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले आदिवासी समाज की एक सभा हुई। वहीं आदिवासी समाज को जगाने पहुंचे मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री सह मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत ने कहा केंद्र सरकार से जनजाति समाज के विकास के लिए आने वाली 80 प्रतिशत लाभ धर्म परिवर्तन करने वाले उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों को हर हाल में अनुसूचित जनजाति के लाभ से वंचित व सूचि से डीलिस्टिंग कराना जरूरी है। उन्होंने 24 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में होने वाले डीलिस्टिंग उलगुलान महारैली को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि महारैली के माध्यम से सरकार से धर्मांतरण करने वालों को डीलिस्टंग की मांग की जाएगी। बताया कि देशभर में लगभग 700 जनजाति समाज के लगभग 12 करोड़ लोग रहते हैं। सरकार हमारी मांगें नहीं मानी तो झारखंड सहित पूरे भारत में अनिश्चितकालीन सड़क जाम किया जाएगा। आदिवासी संस्कृति व परंपरा के संबंध में कहा कि मुर्गे की बलि के बगैर हमारी पूजा अधूरी है। धर्म परिवर्तन किए लोग यह सभी परंपरा को छोड़ चुके हैं। अपने पुरखों के बताए रास्ते पर चलकर ही हम अपनी संस्कृति, रीति-रिवाज को सुरक्षित रख पाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से ईसाई मिशनरियों में हड़कंप मची हुई है। वहीं क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव ने कहा कि शहीद जीतराम बेदिया व बिरसा मुंडा की तरह हमें उलगुलान के लिए तैयार रहना होगा। कार्यक्रम को मेघा उरांव, कुमुदिनी लकड़ा, भीम मुंडा आदि ने भी संबोधित किया।

**कार्यक्रम में थे मौजूद**

मौके पर जनजाति सुरक्षा मंच के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सन्नी उरांव, जिला संयोजक जगरनाथ भगत, प्रखंड संयोजक सुनील उरांव, साईनाथ बेदिया, भीम मुंडा, हिन्दुवा उरांव, सन्नी उरांव चमनलाल भोगता, अमित मुंडा, अर्जुन बेदिया, अमरनाथ भोगता, बालकिषोर मुंडा, नरेश मुंडा, प्रवेश भोगता, मीना देवी, फुलासो देवी, सालखो देवी, मैरचो देवी, मानसी देवी, शीला देवी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व छत्तीसगढ़ से आए कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधायक ने स्कूल को दिये बेंच-डेस्क

**सोनाहातू।** विधायक सुदेश महतो ने लांदुपडीह प्लस टू स्कूल में बच्चों के लिये बेंच डेक्स उपलब्ध कराये ।लांदुपडीह प्लस टू स्कूल में स्मार्ट क्लास शुरू किया जाना है। इसके पूर्व स्कूल को स्मार्ट बनाया जा रहा है। गूंज के सचिव सह विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, पूर्व जिप सदस्य वीणा मुंडा, रमेश सिंह मुंडा ने स्कूल के प्राधानाध्यपक रुबेल लकड़ा को बेंच डेक्स को सौपा।

### सताकी में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

**राहे।** प्रखंड के सताकी स्थित एसएसबी 26 वी बटालियन ए कंपनी के जवानों ने कमांडेंट एसडी शेरखाने के आदेशानुसार पंचायत जिन्तुपीड़ी गांव में ग्रामीणों के बीच नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। ग्रामीणों को नशीले पदार्थ से दूर रहने, स्वास्थ्य रहने के लिये योगा करने, मेडिसिन की महत्व को समझने की जानकारी दिया गया। मौके पर इंस्पेक्टर मंटू कुमार, एएसआई चेवांग नॉर्बो, हरदीप सिंह सहित कई जवान और ग्रामीण मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड व अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ शुक्रवार को आजसू पार्टी द्वारा हल्ला बोला कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय के आगे धरना प्रदर्शन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर महतो के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा क्षेत्र की जनता प्रखंड में फैली भ्रष्टाचार से त्रस्त हैं। प्रखंड मुख्यालय में दलालों का अड्डा बन गया है और सुदूरवर्ती गांव से आने वाले गरीब व वृद्ध को चक्कर लगाना पड़ता है। वहीं भी पूर्व प्रत्याशी रामधन बेदिया, जिप सदस्य सरिता देवी, जिला प्रवक्ता रोशनलाल मुंडा, रीना केरकेट्टा व पार्वती देवी सहित कई कार्यकर्ताओं ने अपने संबोधन में सीओ व अंचल कर्मियों के द्वारा भारतमाला प्रोजेक्ट में किसानों की अधिग्रहण भूमि की राशि हड़पने का आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी दी। बाद में एक प्रतिनिधि द्वारा 14 सूत्री मांग पत्र सीओ के नाम अंचल कर्मी को सौंप गया। जिसमें मांगों पर जल्द कार्रवायी नही होने पर आजसू पार्टी द्वारा अंचल कार्यालय में तालाबंदी करने की चेतावनी दी गई।



धरना प्रदर्शन करते आजसू के कार्यकर्ता।

**कार्यक्रम में थे शामिल**

कार्यक्रम में जिला छात्र संघ अध्यक्ष राजकिशोर महतो, पारसनाथ उरांव, लक्ष्मीनारायण महतो, बबली देवी, प्रकाश चैधरी, संजय तिर्की विनोद कुमार महतो, रामनंदन महतो, सुनील उरांव, कुमार सौरभ, संजय महतो, राजेश महतो, खिलेश्वर महतो, दिपक साहू, आनन्द महतो, राजेश पहान, जितेन्द्र करमाली, आर्यन कुमार, ललित सिंह, सूरज महतो, पप्पु सिंह, दीपक कुमार, पारसनाथ महतो, महावीर महतो, जगरनाथ महतो, शंकर करमाली, नवीन मुंडा व सुनील महतो सहित कई कर्याकर्ता उपस्थित थे।

## खेती से सुधरेगा ग्रामीणों का जीवन स्तर : बंधु तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने शुक्रवार को बेड़ो प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में धान रोपाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अपेक्षित वर्षा न होने से निराश महिला-पुरुष किसानों से मुलाकात किया। श्री तिर्की ने आज विशेष रूप से बेड़ो प्रखण्ड के करगे, पतराटोली, बेड़ो बैरटोली व जामटोली आदि गांवों में खेतों का भ्रमण कर खेती की हालचाल को जाना। उन्होंने किसानों को सांत्वना भी दिया। उन्होंने कहा कि खेती किसानी ही हमारा आधार है। भले ही झारखण्ड की खनिज या वन संसाधन इसकी प्रचुरता के लिये जाना जाता हो। लेकिन खेती की उपेक्षा का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। इसीलिए सबसे बड़ी जरूरत यही है कि हम कभी भी खेती किसानी को उपेक्षा की दृष्टि से ना देखें। उन्होंने बेड़ो प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में किसानों से मुलाकात के दौरान लोगों की मूलभूत समस्याओं की जानकारी लिया।



**तेजी से बढ़ रही जनसंख्या और महानगरों की ओर हो रहे पलायन दोनों कई बड़ी समस्याओं की जड़ है। देश के महानगर लगातार डूब रहें हैं। ट्राफिक, कूड़ा और जल जमाव के शिकार शहर सालों पर समस्या से लड़ते रहते हैं। लेकिन दिल्ली जैसे महानगरों में बढता प्रदूषण और आनुपातिक रूप से सार्वजनिक परिवहन साधनों की कमी तो समस्या का प्रत्यक्ष रूप है। दरअसल, दिल्ली जैसे शहरों में क्षमता से कई गुना ज्यादा लोग रह रहे हैं। इससे ना तो दिल्ली खुश है ना अपना घर-परिवार छोड़कर यहां आने वाले लोग खुश हैं। इससे प्रदूषण बढ़ रहा है, जीवनयापन महंगा और गुणवत्ताविहीन हो रहा है, अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहें है, भीड़भाड़ के चलते बदलती जीवनशैली कई बीमारियों का कारण बन रही है, ना पीने को साफ पानी उपलब्ध है ना खाने को शुद्ध-स्वच्छ खाना। करोड़ों लोग खुले में बिकने वाला धूल से सना खाना खाने को मजबूर हैं। इन तमाम समस्याओं का मूल कारण यह है कि हम समस्या के मूल तक जाना ही नहीं चाहते। यदि महानगरों का बोझ कम करना है और छोटे शहरों का भी समान रूप से विकास करना है तो कुछ बेहद जरूरी कदम उठाने पर ध्यान देना चाहिये।**

# स्मार्ट सिटी से कितना स्मार्ट हो पाएगा देश



**मनोज शर्मा**

**पहला कदम : छोटे शहरों की ओर ले जाएं उद्योग**

सबसे पहला कदम औद्योगिक विकास का विकेंद्रीकरण (डीआईडी-डिसेंट्रलाइजेशन ऑफ इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट) हो सकता है। जब हम डीआईडी की बात करते हैं तो पहली व्यावहारिक समस्या आती है कि कोई भी निर्माण कंपनी उसी जगह अपना कारखाना स्थापित करना चाहती हैं जहां उसे कच्ची सामग्री (रॉ मटेरियल) आसानी से उपलब्ध हो सके और प्रोडक्ट बनने के बाद उसे कम खर्चे में उपभोक्ता तक पहुंचाया जा सके। फिलहाल बेहतर आधारभूत संरचना और ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी की जरूरत के चलते छोटे शहर इसके लिये ज्यादा अनुकूल नहीं माने जाते हैं। ऐसे में डीआईडी की शुरुआत उन उद्योगों से की जा सकती है जिनमें प्रोडक्ट को लाने-ले जाने के लिये ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी की जरूरत नहीं होती। ऐसे उद्योगों को अपेक्षाकृत कम विकसित इन्फ्रास्ट्रक्चर वाले स्थानों पर शिफ्ट किया जा सकता है। इनमें टेलिकॉम, बीपीओ आदि जैसे सिर्वस सेक्टर को महानगरों से दूर करने में प्राथमिकता दी जानी चाहिये, क्योंकि इनका संचालन छोटे शहरों में भी किया जा सकता है। साथ ही ये उद्योग उन शहरों के राजस्व में भी वृद्धि करेंगे, जिससे वहां भी वे तमाम सुविधाएं और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में मदद मिलेगी जो आज नहीं हैं।

## पलायन रोकने में मिलेगी मदद

औद्योगिक विकास के विकेंद्रीकरण से दो फायदे होंगे। पहला महानगरों का बोझ घटाने के लिये इन उद्योगों के छोटे शहरों में जाने से स्थानीय लोगों के लिये रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी, उन्हें अपना घर-परिवार छोड़कर ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ेगा और संपूर्ण देश का विकास समान गति से करने में मदद मिलेगी। गांवों से सब्जियां, फल आदि जैसे प्राथमिक क्षेत्र के उत्पादों को शहरों तक लाने का खर्च और श्रम भी बचेगा क्योंकि उनकी ज्यादा खपत छोटे क्षेत्रों में ही होने लगेगी। उद्योगों के स्थानांतरण के इस कदम के लिये प्रशासनिक तौर पर भी कदम उठाए जा सकते हैं। जैसे छोटे शहरों में उद्योग लगाने पर टैक्स में छूट देना, बड़े शहरों में उद्योग लगाने पर ज्यादा टैक्स वसूलना आदि कारगर हो सकते हैं। वैसे सरकार इस क्षेत्र में मुद्रा बैंक जैसे तमाम नुस्खे आजमा रही है, उम्मीद है आगे भी इस दिशा में प्रयास किए जाते रहेंगे। अब जरूरत है कि उद्यमी वर्ग और आम आदमी इस दिशा में कदम बढाने के प्रयास करें।

## शहरी जनसंख्या नियंत्रित हो

इसके बाद लगातार बढ़ रही जनसंख्या भी तमाम समस्याओं की जननी है। इस महासमस्या से निपटने के लिये क्या अब ये जरूरी नहीं कि भारत में भी 'हम दो, हमारे दो' के नारे को कानूनी रूप दे देना चाहिये, ताकि संभवतः करीब 20 साल बाद हमारे पास देश की जनसंख्या के अनुपात में संसाधन भी उपलब्ध होंगे। बेतहाशा बढती जनसंख्या कई समस्याओं की जड़ है; चाहे वो सड़कों पर दौड़ती भीड़ हो या भयानक जाम हो या एक नौकरी के लिये हजारों आवेदन जैसी गंभीर समस्या हो। जनसंख्या नियंत्रण के नुस्खे में हम चीन से काफी कुछ सीख सकते हैं। चीन ने अपने यहां 'वन चाइल्ड पॉलिसी' लागू की थी, जिसे 30 साल बाद हाल ही में 'टू चिल्ड्रन पॉलिसी' में तब्दील किया गया है। व्यावहारिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो दो लोग मिलकर बच्चे को जन्म देते हैं, इसलिये एक की बजाय दो बच्चों की नीति ज्यादा कारगर साबित हो सकती है इससे जन्म-मृत्यु दर का अंतर संतुलित होगा अचानक आबादी में युवाओं का अनुपात कम होने की समस्या का सामना भी नहीं करना पड़ेगा।



## मुश्किलों के जाल में युवा आबादी

भले ही हम सीना तानकर आज यह बात कह रहे हैं कि हम विश्व के सबसे युवा देश के निवासी हैं और युवा हमारी ताकत हैं। लेकिन देश की स्थिति देखकर हम यह बात बेहद अच्छे से जानते हैं कि यही युवा जब बेकार बैठता है तो देश की सबसे बड़ी समस्या को जन्म देता है और कई असामाजिक गतिविधियों को अंजाम देता है। दूसरी तरफ हम भले ही श्रम शक्ति की उपलब्धता का दावा करते हैं, लेकिन ज्यादातर विकसित देश भारतीयों को मजदूरों की तरह ही देखते हैं। दो जून की रोटी की तलाश में विदेशों का रुख करने वाले लोगों को वहां कई तरह की यातनाओं का सामना भी करना पड़ता है। बेहतर होगा कि हम इतने आत्मनिर्भर बनें कि हमें 'भारतवंशियों' की सफलता का श्रेय लेने के बजाय 'भारतीयों' की सफलता पर गर्व करने का मौका मिले। यदि हमारे पास जनसंख्या के मुकाबले सही अनुपात में संसाधन उपलब्ध होते तो हमें नासा में भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान पर गर्व करने की बजाय नासा जैसी संस्था के भारत में होने का गर्व करने का मौका मिलता।

## जाम और बाढ़ से आज भी त्रस्त है शहर

अगस्त के आखिर में मूसलाधार बारिश के कारण दिल्ली में कई स्थानों पर जलजमाव हुआ और यातायात ठप हो गया जिसमें भारत के दौरे पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री जॉन केरी और उनका काफिला भी फंस गया। भारत-अमेरिका सामरिक एवं वाणिज्यिक संवाद में भाग लेने के लिए आए केरी दक्षिणी दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित एक होटल जा रहे थे लेकिन सत्य मार्ग पर उनका काफिला जाम में अटक गया। हालांकि दिल्ली पुलिस और यातायात अधिकारियों ने अपनी ओर से 'तेजी' दिखाते हुए उन्हें आगे जाने में मदद की। 'स्वच्छ भारत' अभियान से प्रभावित हो कर गूगल ने दिसंबर में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और मध्य प्रदेश में हजारों सार्वजनिक शौचालयों की जानकारियां गूगल मैप्स पर उपलब्ध करा दी ताकि राहगीरों को रास्ते में 'नेचर कॉल' के लिए सुविधा मिल सके। भारत में लोगों तक आसान जानकारी पहुंचाने और स्वच्छता में सुधार करने के उद्देश्य से गूगल ने शहरी विकास मंत्रालय के साथ करीबी से काम करते हुए चार हजार से अधिक सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों के स्थान, पते और खुलने का समय मैप्स में डाल दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 जून 2016 को पुणे में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स लॉन्च किया। इसके तहत 'स्मार्ट सिटी चैलेंज कॉम्पिटीशन' के पहले फेज के लिए चुने गए 20 शहरों में इस योजना की शुरुआत कर दी गई। इस योजना में 48 हजार करोड़ का निवेश होगा। हालांकि पूरा खर्च 96 हजार करोड़ रुपये होगा। आधा पैसा राज्य सरकार को देना होगा।

## आइए जानते हैं क्या है स्मार्ट सिटी और इससे जुड़ी खास बातें

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में एक योजनाओं में से है। भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी इसका जिक्र किया था। बाद में जब पीएम मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से अपना पहला भाषण दिया था, तब भी इस योजना का एलान किया गया था। प्रधानमंत्री अपने हर भाषण में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर जोर देते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 जून 2016 को पुणे में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स लॉन्च किया। इसके तहत 'स्मार्ट सिटी चैलेंज कॉम्पिटीशन' के पहले फेज के लिए चुने गए 20 शहरों में इस योजना की शुरुआत कर दी गई। इस योजना में 48 हजार करोड़ का निवेश होगा। हालांकि पूरा खर्च एक लाख करोड़ रुपये होगा। आधा पैसा राज्य सरकार को देना होगा।

**आइए जानते हैं क्या है स्मार्ट सिटी और इससे जुड़ी खास बातें :** स्मार्ट सिटी की सबसे खास बात होगी बाधारहित जीवन। इसमें इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी प्रमुख आधार होगी यानि इसके जरिए काम में तेजी आएगी और लोगों के जरूरत की चीजें उन्हें आसानी से मिल जाएगी। सरकार का कहना है कि स्मार्ट सिटी में सप्लाई और डिमांड पूरी तरह से मार्केट पर आधारित होगी। इससे जनता, कारोबारी और सरकार सबको फायदा होगा। जानिए कहां से आया स्मार्ट सिटी का कांसेप्टः स्मार्ट सिटी का कांसेप्ट आर्थिक मंदी के समय सामने आया। 2008 में आईबीएम ने स्मार्टर सिटीज कांसेप्ट पर काम करना शुरू किया। 2009 में कई देशों ने इसे अपना लिया। दक्षिण कोरिया, यूएई और चीन ने इस पर काम शुरू किया और रिसर्च पर काफी पैसा खर्च किया। वर्तमान में वियना, एम्सटर्डम, लियोन,वेरोन और सिओल के पास सोंगदो ऐसे ही शहर हैं।

देश की पहली नई स्मार्ट सिटी गुजरात में बनाई जा रही है। इसका नाम गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी(गिफ्ट) है। यहां पर 886 एकड़ जमीन पर 110 टावर बनाए जा रहे हैं। यह शहर साबरमती नदी के किनारे बसाया जा रहा है। इस सिटी में डिस्ट्रिक्ट कूलिंग सिस्टम से सभी घर एयर कंडीशन युक्त होंगे। पानी की सप्लाई भी इसी तरह से की जाएगी। घरों से कचरा इकट्ठा करने के लिए भी ऑटोमेटिक सुविधा होगी। इस सिटी की अन्य खासियतों में इंटेलिजेंट बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम( आईबीएमएस) , सीसीटीवी कैमरे और सिर्विलांस सिस्टम शामिल है। इस शहर में प्रवेश स्मार्ट कार्ड के जरिए ही हो पाएगा। आईबीएमएस के जरिए सभी घरों को लाइटिंग, वेंटीलेशन, और फिल्म की टिकट बुक करने जैसी सुविधा भी मिलेगी। यहां पर इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। साथ ही मेट्रो और बीआरटीएस सुविधा भी होगी।

स्मार्ट सिटी के अलग-अलग पैमाने होते हैं। मार्च 2015 में फॉब्र्स ने टॉप पांच स्मार्ट शहरों की लिस्ट जारी की थी। इनमें स्पेन का बार्सिलोना टॉप पर था। यह शहर पर्यावरण और पार्किंग के मामले में टॉप पर है। अमेरिका का न्यूयॉर्क स्मार्ट ट्रेफिक मैनेजमेंट, लंदन टेक्नोलॉजी व ओपन डाटा, फ्रांस का नाइस शहर पर्यावरण और सिंगापुर टेक्नोलॉजी के प्रयोग व ट्रेफिक मैनेजमेंट में अव्वल रहा।

## रांची का चयन भी स्मार्ट सिटी के लिए

राजधानी रांची का चयन भी स्मार्ट सिटी के लिए किया गया है। रांची के एचईसी परिसर में निर्माण कार्य चल रहा है।

## दुनिया के स्मार्ट सिटी

चमचमाती, चौड़ी-चौड़ी सड़कें, साफ-सुथरी गलियां, कायदे से बनी इमारतें, ये है स्मार्ट सिटी। लेकिन एक शहर का स्मार्ट सिटी बनना इतना आसान भी नहीं है। सिर्फ साफ-सफाई के दम पर कोई सिटी स्मार्ट सिटी नहीं बनती। बल्कि स्मार्ट बनने के लिए उसे कई कसौटियों पर खरा उतरना पड़ता है। इन कसौटियों के बारे में बताने से पहले आपको बताते हैं दुनिया की पांच बेहतरीन स्मार्ट सिटी-

**स्मार्ट सिटी की लिस्ट में पहले पायदान पर है बार्सिलोना :** स्पेन का शहर जिसकी आबादी 16 लाख से ज्यादा है। मशहूर यूरोपियन फुटबॉल क्लब एफसी बार्सिलोना का शहर।

**स्मार्ट सिटी की लिस्ट में दूसरी पायदान पर है न्यूयॉर्कः** अमेरिका का सबसे ज्यादा आबादी वाला शहर, स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी का शहर। यहीं पर संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय भी है।

**तीसरी स्मार्ट सिटी है लंदनः** ब्रिटेन की राजधानी। यूरोप का दूसरा सबसे ज्यादा आबादी वाला शहर। ब्रिटिश राजशाही और यूरोपियन शैली की शानदार इमारतों का शहर।

**चौथे नंबर पर है फ्रांस का शहर नीसः** पहाड़ों के साये में बसे इस शहर की खूबसूरती के चलते ही इसे नीस कहा जाता है।

**पांचवी स्मार्ट सिटी है सिंगापुरः** पांच स्मार्ट सिटी की लिस्ट में एशिया का इकलौता शहर, दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी शहरों में सिंगापुर की गिनती होती है। आखिर इन शहरों में ऐसा क्या खास है जो इन्हें दुनिया के हजारों शहर से अलग बनाता है। वो क्या खूबियां हैं जिनके आधार पर इन शहरों को दुनिया की बेस्ट सिटी का दर्जा दिया गया है। सिर्फ आर्थिक विकास और आसमान छूती इमारतों की वजह से कोई शहर स्मार्ट नहीं बनता, बल्कि कई कसौटियों पर खरा उतरने के बाद इन शहरों को स्मार्ट सिटी का दर्जा मिला।

## कसौटी स्मार्ट सिटी की

**टेक्नोलॉजी :** यानी शहर में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किस हद तक और किसके लिए किया जा रहा है।
**बिल्डिग :** शहर की इमारतें नियम के तहत बनी हैं या नहीं, उनमें जरूरी सुविधाएं सुलभ हैं या नहीं।
**सार्वजनिक सुविधाएं :** शहर में जनता के लिए सार्वजनिक सुविधाएं हैं या नहीं, और हैं तो उनका स्तर कैसा है।
**सड़क और परिवहन :** शहर में सड़कों का स्तर कितना अच्छा है। सार्वजनिक परिवहन कितना असरदार है और गाड़ियों की आवाजाही के इंतजाम कितने अच्छे हैं।
**रोजगार :** शहर में रोजगार के कितने अवसर मौजूद हैं।
**जीवन स्तर :** शहर में रहने वाले लोगों का जीवन स्तर कैसा है। जाहिर है इन तमाम कसौटियों पर परखे जाने के बाद ही एक शहर को स्मार्ट सिटी का दर्जा मिलता है। स्मार्ट का मतलब किसी शहर की आर्थिक तरक्की या तकनीकी तरक्की कतई नहीं है। बल्कि निवासियों के रहन-सहन का स्तर, उन्हें मिलने वाली सुविधाएं, टेक्नोलॉजी का बेहतर इस्तेमाल जैसी कई चीजें मिलकर एक शहर को स्मार्ट बनाती हैं। ऐसे में सवाल ये कि क्या नरेंद्र मोदी सरकार की स्मार्ट सिटी योजना में शामिल शहरों को इन कसौटियों पर कसा जाएगा। अगर मोदी सरकार दुनिया की इन स्मार्ट सिटी को आधार बनाते हुए स्मार्ट सिटी बनाएगी तो हमारी शहर भी दुनिया के बेहतरीन शहरों को टक्कर देंगे।

## लाइट हाउस की गुणवत्ता को लेकर पीएमओ को चिट्ठी

राजधानी रांची के धुर्वा में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाइट हाउस प्रोजेक्ट धुर्वा के निमार्णाधीन भवन की गुणवत्ता मानकों को लेकर कुछ उपभोक्तओं ने प्रधानमंत्री कार्यालय को चिट्ठी लिखकर शिकायत दर्ज करायी है। उन्होंने लिखा है कि

महोदय,

उपरोक्त विषयक निम्नवत अवगत करना है कि

दिनांक 10.07.2023 को लाइट हाउस प्रोजेक्ट धुर्वा रांची झारखंड का निमाणार्धीन भवन का खंड ई का एक हिस्सा मध्य रात्रि में पूर्णतः जमींदोज हो गया। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार मध्य रात्रि में जोरदार आवाज के साथ यह घटना हुई।

उपरोक्त वर्णित बिंदु से हम सभी लाभुकों में संशय की स्थिति बनी हुई है की निमाणार्धीन भवन में प्रयोग किया जाने वाला सामग्री उच्च मानक का नहीं है और भविष्य में हम लाभुक को किसी अनहोनी का शिकार हो सकते हैं।

महोदय मकान की गुणवत्ता को 15 दिन के अंदर सार्वजनिक किया जाए ताकि हम सभी लाभुकों को विश्वास हो।

जब तक हम सभी लाभुकों को घर नहीं मिल रहा है तब तक बैंक से ब्याज बंद करवाया जाये।

हम सभी लाभुक जिसका बैंक से लोन नहीं हुआ उसका नाम नहीं काटा जाये।

लाइट हाउस में इस तरह की घटना हुई है उसको देखने के बाद लग रहा है भविष्य में किसी प्रकार घटना दुर्घटना होगी तो इसकी जिम्मेवारी तय की जाये।

लाइट हाउस प्रोजेक्ट रांची के जो भी लाभुक हैं जिन्होंने लोन लिया है उनका ब्याज दर न्यूनतम किया जाये जो अभी बाजार दर पर है।

अभी हम लोग जहां भी रह रहे हैं वहां का भाड़ा भी लग रहा है और जो लोन लिये हैं, उसकी किस्त भी लग रही है। घर परिवार को भी देखना है जिसके वजह से हम सभी परेशान हैं, तो जल्द से जल्द हैंड ओवर किया जाये ताकि हमारी परेशानी कम हो सके।

हम सभी लाभुकों को मूलभूत सुविधा जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाये।

हम सभी लाभुकों जिनका बैंक से गृह ऋण है उनके खाते से अनावश्यक राशि अलग-अलग समय में काटी जा रही है, जो गलत है।

कृपया हम सभी लाभुकों का जान माल एवं सुरक्षित जिंदगी हेतु संबद्ध अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देकर अनुग्रहित करें। लाभुकों ने रांची नगर निगम का घेराव भी किया।

# दूसरे दिन लंच तक भारत 373/6 विराट कोहली ने बनाये 121 रन



**नयी दिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल मैदान पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। पहले दिन भारत ने चार विकेट गंवाकर 288 रन बनाए थे। आज टीम इंडिया उससे आगे खेल रही है। कोहली का यह 500वां अंतरराष्ट्रीय मैच है और उन्होंने इस मैच में शतक लगाकर इसे खास बना दिया है।

दूसरे दिन लंच ब्रेक तक भारत ने छह विकेट गंवाकर 373 रन बना लिए हैं। फिलहाल ईशान किशन 18 रन और रविचंद्रन अश्विन छह रन बनाकर क्रीज पर हैं। आज विराट और जडेजा ने चार विकेट पर 288 रन से आगे खेलना शुरू किया। विराट ने 29वां टेस्ट शतक जड़ा। वह 121 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, जडेजा ने 61 रन की पारी खेली। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 159 रन की साझेदारी हुई। इससे पहले गुरुवार को यशस्वी जायसवाल 57 रन, रोहित शर्मा 80 रन, शुभमन गिल 10 रन और अजिंक्य रहाणे आठ रन बनाकर आउट हुए थे। भारत को 360 के स्कोर पर छठा झटका लगा। रवींद्र जडेजा 152 गेंदों में पांच चौके की मदद से 61 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें केमार रोच ने विकेटकीपर जोशुआ के हाथों कैच कराया। फिलहाल ईशान किशन और रविचंद्रन अश्विन क्रीज पर हैं। इससे पहले विराट कोहली 121 रन बनाकर रन आउट हुए थे। विराट और जडेजा के बीच पांचवें विकेट के लिए 159 रन की साझेदारी हुई थी।

# बीसीसीआइ ने जारी किया बयान, ऋषभ पंत समेत पांच खिलाड़ियों की होगी वापसी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को बड़ा बयान जारी किया है। घुटने के चोट से ऊभर रहे ऋषभ पंत ने विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी की प्रैक्टिस शुरू कर दी है। कुल मिलाकर पंत समेत 5 खिलाड़ी टीम में लौटने के लिए तैयार हैं। पिछले साल 30 दिसंबर को एक भयानक कार दुर्घटना में शामिल होने के बाद से विकेटकीपर-बल्लेबाज एक्शन से बाहर हैं, जिसके कारण उन्हें अपने पैर की सर्जरी करानी पड़ी। बीसीसीआई के बयान में कहा कि पंत ने बल्लेबाजी के साथ-साथ



नेट्स में कीपिंग भी शुरू कर दी है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बयान में कहा, वह (पंत) वर्तमान में उनके लिए तैयार किए गए फिटनेस कार्यक्रम का पालन कर रहे हैं जिसमें ताकत, लचीलापन और दौड़ शामिल है। बीसीसीआई ने वर्तमान में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में पुनर्वास के दौर से गुजर रहे अन्य चार खिलाड़ियों की फिटनेस पर भी अपडेट भी जारी किया, जिसमें जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर और प्रसिद्ध कृष्णा शामिल हैं।

अपडेट में कहा गया है कि राहुल और श्रेयस ने नेट्स पर बल्लेबाजी फिर से शुरू कर दी है और वर्तमान में ताकत और फिटनेस अभ्यास से गुजर रहे हैं। इस बीच, बुमराह और कृष्णा पर बयान में कहा गया, दोनों तेज गेंदबाज अपने रिहैब के अंतिम चरण में हैं और नेट्स पर पूरी तीव्रता के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं। यह जोड़ी अब कुछ अभ्यास मैच खेलेगी, जिसका आयोजन एनसीए करेगा। बीसीसीआई मेडिकल टीम उनकी प्रगति से खुश है और प्रैक्टिस मैचों के बाद उनका आकलन करने के बाद अंतिम निर्णय लेगी।

# भारत ए ने बांग्लादेश ए को 51 रन से हराया

## फाइनल में पहुंचा, पाकिस्तान से होगा खिताबी मुकाबला



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश को 51 रन से हरा दिया है और फाइनल में जगह बना ली है। मानव सूथर ने रिपोन मोंडल को आउट करने के साथ ही बांग्लादेश की पारी 160 रन पर समेट दी। मोंडल ने पांच रन बनाए। भारतीय कप्तान यश ढुल ने उनका कैच पकड़ा और टीम इंडिया की जीत पक्की की। टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच में भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.1 ओवर में 211 रन बनाए थे। भारत के लिए सबसे ज्यादा 66 रन कप्तान यश ढुल ने बनाए थे। बांग्लादेश के लिए महेद, तंजिम और रकिबुल ने दो-दो विकेट लिए। 212 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने शानदार शुरूआत की और पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। इसके बाद भारतीय स्पिन गेंदबाजों ने विकेट निकालने शुरू किए और 90 रन बनाने में पूरी टीम ऑलआउट हो गई। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा 51 रन सलामी बल्लेबाज तंजिद हसन ने बनाए। वहीं, भारत के लिए निशांत सिंधू ने पांच विकेट लिए। मानव सुथर को तीन विकेट मिले। पहले सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने श्रीलंका को 60 रन से हराया था और इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी थी। अब भारत ने भी दूसरा सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में जगह बना ली है। फाइनल मैच 23 जुलाई को भारत और पाकिस्तान के बीच होगा। भारतीय टीम इसी टूर्नामेंट में पाकिस्तान को आठ विकेट से हरा चुकी है। सेमीफाइनल मैच से ठीक पहले भारत ने पाकिस्तान को हराया था। ऐसे में टीम इंडिया चैंपियन बनने की प्रबल दावेदार है।

## महिला विश्व कप : स्पेन ने कोस्टा रिका को 3-0 से हराया

**वेलिंगटन।** स्पेन ने पहले हाफ में चार मिनट के अंदर तीन गोल करके महिला फुटबॉल विश्व कप मुकाबले में कोस्टा रिका पर 3-0 से जीत हासिल की। स्पेन की दो बार की बलोन डि ओर विजेता एलेक्सिस पुतेलास 77वें मिनट में मैदान में उतरी लेकिन तब तक टीम की जीत सुनिश्चित हो चुकी थी। स्पेन ने वालेरिया डे कैम्पो के 21वें मिनट में आत्मघाती गोल की मदद से बढ़त हासिल की। फिर ऐताना बोनमाटी ने 23वें और ईस्थर गोंजालेज ने 27वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया और यह बढ़त अंत तक बरकरार रही।

## पेरिस ओलंपिक की तैयारी में महत्वपूर्ण होगी प्रो लीग : सविता

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया ने शुक्रवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारी के लिये एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन-5 में बड़ी टीमों से भिड़ने का अनुभव महत्वपूर्ण होगा। भारत की महिला और पुरुष टीम प्रो लीग में अपना अभियान अगले साल भुवनेश्वर में शुरू करेगी। एफआईएच नेशन्स लीग की चैंपियन बनने के बाद एफआईएच प्रो लीग के इस संस्करण में पदोन्नत होने वाली महिला टीम छह फरवरी 2024 को कलिंगा स्टेडियम में चीन के खिलाफ सबसे पहले मैदान में उतरेगी। इसके बाद भारत का सामना नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से होगा।

## कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में सात्विक-चिराग

**योसु।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को जापान के युगो कोबायाशी और ताकुरो होकी को हराकर टूनामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सात्विक-चिराग ने अपने जापानी प्रतिद्वंदियों को 21-14, 21-17 से हराने के लिए सिर्फ 40 मिनट का समय लिया। सेमीफाइनल में विश्व नंबर तीन भारतीय जोड़ी विश्व नंबर दो चीन के लियांग वेंग किंग और वांग चैंग से भिड़ेगी।

## विनेश, बजरंग को एशियाड ट्रायल में छूट पर शनिवार को फैसला देगी अदालत

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया को एशियाई खेलों के लिये चयन ट्रायल से मिली छूट को चुनौती देने वाली याचिका पर 22 जुलाई को फैसला सुनाया जायेगा। न्यायाधीश सुब्रहमण्यम प्रसाद ने अंडर 20 विश्व चैम्पियन अंतिम पंघाल और अंडर 23 एशियाई चैम्पियन सुजीत कलकल की याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुरक्षित रखा।

# प्रो पंजा लीग का पहला सीजन 28 जुलाई से




एजेंसी


**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह शुक्रवार से शुरू होने वाले प्रो पंजा लीग के उद्घाटन सीजन के साथ देश में आर्म रेसलिंग का बुखार पूरी तरह चढ़ गया है। पहला सीजन 28 जुलाई से 13 अगस्त के बीच दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होगा। सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 एसडी और सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 एचडी पर इसका लाइव प्रसारण होगा और साथ ही साथ फैनकोड पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। उद्घाटन सीजन के लिए देश के 180 शीर्ष आर्म-रेसलर्स को छह टीमों - किराक हैदराबाद, मुंबई मसल, रोहतक राउडीज, लुधियाना लायंस, बड़ौदा बादशाह्स और कोच्चि केडीज ने अपने साथ जोड़ा है।

पहले सीजन के लॉन्च से पहले प्रो पंजा लीग के सह-संस्थापक परवीन डबास ने पहले सीजन की विजेता टीम को 20 लाख रुपये व उपविजेता को 5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि देने का फैसला किया है।

प्रो पंजा लीग में हिस्सा लेने वाले एथलीट वास्तव में भारत का खेल का प्रतिनिधित्व करते हैं। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, बिहार, ओडिशा, हैदराबाद, असम, मणिपुर, मेघालय, महाराष्ट्र और गुजरात सहित देश के सभी हिस्सों से पहलवानों का चयन किया गया है।

सह-संस्थापक परवीन डबास ने कह की खिलाड़ियों को अपनी क्षमता और प्रतिभा दिखाने के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क जैसा बड़ा मंच मिलेगा। उनके सपने पूरे हो रहे हैं। अपनी ओर से, हम उन्हें प्रोत्साहित कर रहे हैं और उन्हें जीतने और दर्शकों के लिए सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस करने की इच्छा रखने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20: खिलाड़ियों की नीलामी आज




**बेंगलुरु।** फैनकोड द्वारा संचालित बहुप्रतीक्षित श्रीराम कैपिटल महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 के दूसरे संस्करण की शुरूआत 13 अगस्त से हो रही है। इस साल टूनामेंट के फ्रेंचाइजी-आधारित मॉडल पर लौटने के साथ ही खिलाड़ियों की नीलामी 22 जुलाई को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।

प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा में गत चैंपियन गुलबर्गा मिस्टिक्स, पिछले साल की उपविजेता बेंगलुरु ब्लास्टर्स, मैसूर वॉरियर्स और हुबली टाइगर्स होंगे। इस वर्ष दो नई फ्रेंचाइजी भी शामिल होंगी, जिनका नाम मंगलुरु ड्रैगन्स और शिवमोग्गा लायंस है।

खिलाड़ियों को चार श्रेणियों में बांटा जाएगा। श्रेणी ए में भारत और आईपीएल के खिलाड़ी शामिल होंगे, श्रेणी बी में सभी वरिष्ठ खिलाड़ी शामिल होंगे जिन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी, रणजी ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जैसे बीसीसीआई राज्य टूनामेंट खेले हैं, जबकि श्रेणी सी में अन्य सभी बीसीसीआई टूनामेंट के खिलाड़ी शामिल होंगे। श्रेणी डी केएससीए के सभी पंजीकृत खिलाड़ियों के लिए आरक्षित है।

नीलामी में यह निर्धारित किया गया है कि प्रत्येक टीम में अपने संबंधित क्षेत्र के दो खिलाड़ियों के अलावा कम से कम 16 खिलाड़ी और 18 से अधिक खिलाड़ी नहीं होने चाहिए।

## एक नजर में

### अदिति और पजारी की टीम ने ग्रेट लेक्स आमंत्रण टूनार्मेंट में कट हासिल किया

**मिडलैंड (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और उनकी जोड़ीदार पजारी अन्नारूकर्ण ने एलपीजीए के एकमात्र टीम टूनामेंट ग्रेट लेक्स आमंत्रण में कट में प्रवेश किया। अदिति और पजारी दोनों ने मिलकर 70-66 के कार्ड खेले जिससे वे संयुक्त 29वें स्थान पर चल रही हैं। शीर्ष 34 टीमें कट में जगह बनायेंगी।

### अदालत में व्हीलचेयर बैडमिंटन खिलाड़ियों को चयन से बाहर करने के खिलाफ याचिका

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एशियाई पैरा खेलों के लिए चयन ट्रायल से कथित रूप से व्हीलचेयर खिलाड़ियों को बाहर करने के खिलाफ याचिका पर शुक्रवार को भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) और भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने इन दो खेल संस्थाओं और केंद्र को अल्फिया जेम्स की याचिका पर नोटिस जारी किया और उनसे जवाब देने को कहा है।

### आयरलैंड सीरीज के लिए भारत को मिलेगा नया टी20 कप्तान

**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम 18 अगस्त से शुरू होने वाली तीन मैचों की ळ20क श्रृंखला के लिए आयरलैंड का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आयरलैंड का दौरा करने के लिए भारत की दूसरी पंक्ति की टीम उतारने की उम्मीद है। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को तीन मैचों की श्रृंखला के लिए टीम का नेतृत्व करने की उम्मीद थी। हालांकि हालिया रिपोर्टों से पता चला है कि पांड्या को आराम दिया जा सकता है, इसके पीछे उनका कार्यभार मुख्य कारण है। पांड्या का कार्यभार प्रबंधन भारतीय टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है, क्योंकि वह आगामी विश्व कप टीम और एशिया कप 2023 का भी अभिन्न हिस्सा हो सकते हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है और सब कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के बाद पांड्या कैसा महसूस कर रहे हैं। रिपोर्ट में बीसीसीआई सूत्र के हवाले से कहा गया, 'अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है और यह इस बात पर भी निर्भर करेगा कि वेस्टइंडीज में वनडे और टी20 के बाद हार्दिक कैसा महसूस कर रहे हैं। इसमें यात्रा शामिल है और फ्लोरिडा से डबलिन के लिए उड़ान भरने से पहले केवल तीन दिनों का एक छोटा सा बदलाव होगा। विश्व कप प्राथमिक महत्व का है, इसलिए किसी को अपने कार्यभार को ध्यान में रखना होगा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वह विश्व कप में रोहित के उप-कप्तान होंगे।'

### बुमराह, प्रसिद्ध पूर्ण फिटनेस के करीब

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा अपनी रिहैब प्रक्रिया के आखिरी चरण में हैं और नेट्स में पूरी तेजी के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं। शाह ने बीसीसीआई की ओर से जारी 'मेडिकल अप्डेट' में कहा,दोनों तेज गेंदबाज अपने रिहैब के अंतिम चरण में हैं और नेट्स में पूरी तेजी के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं। यह जोड़ी अब कुछ अभ्यास मैच खेलेगी, जिनका आयोजन राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) द्वारा होगा। बीसीसीआई मेडिकल टीम उनकी प्रगति से खुश है और अभ्यास मैचों के बाद उनका आकलन कर अंतिम निर्णय लेगी। बुमराह ने लगभग एक साल से भारत के लिये कोई मैच नहीं खेला है। राष्ट्रीय टीम के लिये वह आखिरी बार सितंबर 2022 में मैदान पर उतरे थे। दूसरी ओर, प्रसिद्ध इस साल स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण आईपीएल से बाहर हो गये थे। इस बीच, शाह ने कहा कि केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने अभ्यास सत्रों में बल्लेबाजी शुरू कर दी है जबकि ऋषभ पंत ने 'उल्लेखनीय प्रगति' करते हुए बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग का अभ्यास शुरू कर दिया है। शाह ने कहा, उन्होंने (पंत) अपनी रिहैब प्रक्रिया में उल्लेखनीय प्रगति की है और नेट्स पर बल्लेबाजी के साथ-साथ कीपिंग भी शुरू कर दी है। वह वर्तमान में उनके लिये तैयार किये गये एक फिटनेस कार्यक्रम का पालन कर रहे हैं जिसमें ताकत, लचीलापन और दौड़ शामिल है।

### मुख्य कोच के नहीं होने पर मंधाना ने कहा, कभी कभार यह फायदेमंद होता है

**मीरपुर।** पिछले छह महीनों से मुख्य कोच के बिना खेल रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने इसके अच्छे पहलू को देखने पर तरजीह देते हुए कहा कि कोचिंग स्टाफ में अलग अलग सदस्यों से गुर सीखना फायदेमंद होगा। पिछले साल दिसंबर में रमेश पोवार को बर्खास्त किये जाने के बाद से महिला क्रिकेट टीम बिना मुख्य कोच के खेल रही है। टीम ने कोचिंग स्टाफ के प्रमुख के बिना ही फरवरी में टी20 विश्व कप में हिस्सा लिया था।

### पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता बनने की दौड़ में मोहम्मद हफीज आगे

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और आल राउंडर मोहम्मद हफीज राष्ट्रीय टीम के मुख्य चयनकर्ता बनने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। श्रीलंका के मौजूदा दौरे के समाप्त होने के बाद उन्हें मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया जा सकता है।

# बिहार की खबरें

## 7.79 लाख भारतीय मुद्रा के साथ दो भारतीय नेपाल पुलिस के हिरासत में

**अररिया।** जोगबनी से नेपाल सीमा में प्रवेश किये एक भारतीय नम्बर की गाड़ी से नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के द्वारा भारी मात्रा मे भारतीय मुद्रा के साथ दो भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल सशस्त्र पुलिस बल बराह वाहिनी पकली के डीआईजी अन्जनी पोखरेल के द्वारा दी गयी।जानकारी के अनुसार विराटनगर भन्सार कार्यलय के 2 नम्बर गेट से इन दोनों को शुक्रवार के दोपहर गिरफ़्तारी हुई है।

## बिहार राज्य पंचायत सचिव संघ ने मांगों के समर्थन में समाहरणालय पर दिया धरना

**सहरसा।** बिहार राज्य पंचायत सचिव संघ की राज्य स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार शुक्रवार को तीन सूत्री मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। साथ ही मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने कहा कि मुख्य मांगों में नवनियुक्त पंचायत सचिवों को गृह जिला या गृह प्रमंडल में पदस्थापित करने, ग्रेड पे 2000 के बदले 2800 रुपये किए जाने तथा कार्यरत सेवानिवृत्त एवं मृत पंचायत सचिवों को एसीपी एमएएसपी का लाभ देने की मांग शामिल है। इस मौके पर राज्य स्तरीय संघर्ष समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने 34 अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को बिहार अग्निशमन सेवा के सुदृढ़ीकरण के लिए 34 अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि बिहार की जनता के लिए आपातकालीन सेवा के रूप में बिहार अग्निशमन सेवा द्वारा अपने उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से अग्नि से सुरक्षा एवं बचाव के कार्य लगातार किये जा रहे है। प्रभावी अग्निशमन कार्य को और बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने के लिए आज 34 अग्निशमन वाहनों को रवाना किया गया। शामिल किए गए अग्निशमन वाहन 5 हजार लीटर वाटर टैंक क्षमता के हैं। इन वाहनों में 72 प्रकार के उपकरण लगे हैं, जिनका आवश्यकतानुसार अग्निशमन कर्मी अग्निकांड की स्थिति में उपयोग करेंगे। इन अग्निशमन वाहनों को बिहार अग्निशमन सेवा में सम्मिलित किये जाने से कार्य क्षमता में और वृद्धि होगी।

## जीतन राम मांझी ने राजकीय अंबेडकर विद्यालय का किया निरीक्षण

**फारबिसगंज।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण समिति के जीतन राम मांझी ने फारबिसगंज के रामपुर उत्तर स्थित प्लस टू स्तरीय राजकीय आवासीय विद्यालय का शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम जिला कल्याण पदाधिकारी समेत स्कूल प्रबंधन को व्यवस्था में सुधार को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवासीय विद्यालय में रहने वाले बच्चों को आउटसोर्सिंग से मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण खाना नहीं दिया जा रहा है। स्कूल में शिक्षा में कमी का उल्लेख करते हुए स्कूल में गणित, संस्कृत, अंग्रेजी और विज्ञान के शिक्षक नहीं होने को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी को इसकी कमी शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया।

# हीरागज यादव की पुलिस हिरासत में मौत मामले की होगी मजिस्ट्रियल जांच : एसपी

एजेंसी

**बेगूसराय।** बखरी थाना क्षेत्र के बदिया गांव निवासी 50 वर्षीय कुख्यात अपराधी हीरागज यादव के पुलिस हिरासत में मौत मामले की मजिस्ट्रियल जांच कराया जाएगा। मौत के कारण की जानकारी के लिए डॉक्टरों की टीम द्वारा शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया है।

शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि गुरुवार को बखरी थानाध्यक्ष को शिकायत मिली कि बदिया में हीरागज यादव द्वारा अपने पड़ोसी के घर में आग लगा दिया गया एवं फायरिंग की गई है। सूचना मिलते ही थाना की गश्ती टीम



घटनास्थल पर पहुंची तो झोपड़ी में आग लगा था।

पुलिस ने आग लगाने वाले संदिग्ध व्यक्ति हीरागज यादव को हिरासत में ले लिया। उस पर आर्म्स एक्ट, शांति भंग करने एवं बवाल करने के कारण धारा-341, 323, 354-बी, 379, 385, 387, 427, 435, 506, 34 एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया। थाना में देर शाम अचानक वह गिरकर बेहोश हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, तो चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही बखरी डीएसपी चंदन कुमार द्वारा अविलंब घटना स्थल पर पहुंच कर जांच की गई, जिसमें पाया गया कि हीरागज यादव तबियत अचानक खराब होने से गिर पड़े थे। मृतक हीरागज यादव का मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट दंडाधिकारी के द्वारा तैयार कर तथा तीन सदस्यीय चिकित्सकीय टीम द्वारा वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराया गया है।

एसपी ने बताया कि ऐसे मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की गाइडलाइन के अनुसार पोस्टमार्टम कराया गया है। इसके साथ ही मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारण का खुलासा हो जाएगा। परिजनों को सभी तथ्यों से अवगत करा दिया गया है।

एसपी ने बताया कि उन्होंने खुद थाना पहुंचकर एक-एक पहलुओं की गहनता से जांच की है। मृतक हीरागज यादव का लंबा आपराधिक इतिहास है। बेगूसराय एवं खगड़िया जिला में हत्या के मामले दर्ज हैं। हत्या के मामले में 12 साल जेल में रहकर कुछ दिन पहले निकला है। परिजन अगर किसी प्रकार का आरोप लगाते हैं तो हम उनकी भी बात सुनेंगे और मामले की जांच करेंगे।

## नशेड़ी ने स्कूल में घुसकर बरसाया मासूमों पर डंडे, कई बच्चे जख्मी

**मुजफ़्फ़रपुर।** शराबबंदी वाले बिहार के मुजफ्फरपुर में एक नशेड़ी ने एक स्कूल में घुसकर कोहराम मचा दिया। यहां सकरा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय खेमाईपट्टी में एक नशेड़ी ने कक्षा में घुसकर पढ़ाई कर रहे बच्चों की बेरहमी से पिटाई कर दी। डंडा लेकर आए गांव के ही नशेड़ी संतोष पासवान के सामने जो भी बच्चे पड़े उसकी पिटाई की। बच्चों के रोने- चिल्लाने की आवाज पर जब क्लासरूम में टीचर पहुंची तो नशेड़ी भाग निकला। घटना में पहली, दूसरी व तीसरी कक्षा के 11 बच्चे जख्मी हो गए। करीब पांच दर्जन छात्र कक्षा में थे।

विद्यालय के प्रधान शिक्षिका नीतू कुमारी ने संतोष पासवान के खिलाफ लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई है। शिक्षिका की माने तो हाजिरी बनाने के बाद ऑनलाइन करने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए रजिस्टर ऑफिस में जमा करने गए थे तभी शराबी कक्षा रूम में घुसकर अचानक बच्चों को पीटने लगा जिससे चीख-पुकार मच गई और करीब 11 बच्चे जख्मी हुए है ।

**पुलिस नशेड़ी को गिरफ्तार कर पूछताछ में जुटी** : सकरा थानेदार राजू कुमार पाल ने बताया कि एक संजय पासवान नाम का व्यक्ति नशे की हालत में पकड़ा गया है। उसके खिलाफ स्थानीय स्कूल से प्रधान शिक्षिका ने यह शिकायत की है कि क्लास रूम में घुसकर बच्चों की पिटाई किया है और खदेड़ने पर भागा है जिसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया है।

## एसटीईटी परीक्षा से वंचित संगीत शिक्षक अभ्यर्थी का आवेदन लेने का उच्च न्यायालय ने दिया आदेश

**सहरसा।** रघुनंदन ठाकुर एवं अन्य की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई के बाद गुरुवार को पटना हाईकोर्ट ने बीपीएससी सहायक शिक्षक बहाली में संगीत विषय के अभ्यर्थी का ऑनलाइन-ऑफलाइन आवेदन मंजूर करने का आदेश दिया है।इस फैसले का जिला कलाकार संघ के संरक्षक सह मीडिया प्रभारी मुकेश मिलन ने रघुनंदन ठाकुर एवं अन्य को साधुवाद दिया है। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि आयोग ने सहायक शिक्षक बहाली के लिए जो विज्ञापन प्रकाशित की है।उसमें एसटीईटी पास छात्र ही आवेदन कर सकते हैं। जबकि 2011 के बाद संगीत विषय के लिए एसटीईटी परीक्षा हुआ ही नहीं। ऐसे में संगीत विषय के अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित थे। परंतु कोर्ट ने आयोग को ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों में से किसी तरह से आवेदन लेने का आदेश दिया। साथ ही 3 माह के भीतर परीक्षा लेने को कहा कोर्ट का यह निर्णय स्वागत योग्य है।श्री मिलन ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बावजूद इतने अल्प समय में आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करना अन्य कागजात के साथ आवेदन की तैयारी, नेटवर्क की समस्या साथ ही आज भी बीपीएससी द्वारा इस आदेश के तहत सिस्टम को अपडेट नहीं किए जाने के कारण अभ्यर्थी हताश और निराश होकर सभी काम को छोड़कर दौड़-भाग कर पूरे दिन परेशान रहे। परंतु फॉर्म भरने में सफलता नहीं मिल पा रही है। जिला कलाकार संघ के सभी सदस्यों ने आयोग एवं सरकार से आग्रह किया कि आवेदन की तारीख को पुनः विस्तारित किया जाए ताकि संगीत के अभ्यर्थी भी इस फॉर्म को भर सके।

# तनाव के बाद इटखोरी की स्थिति अब नियंत्रण में

## एसपी के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक, दोनों पक्ष सदभाव बनाये रखने पर सहमत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** इटखोरी थाना क्षेत्र के परसौनी में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के बाद शुक्रवार को इटखोरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में एसपी राकेश रंजन के अलावा एसडीओ मुमताज अंसारी, एसडीपीओ अविनाश कुमार, डीएसपी केदार राम, डीटीओ संतोष कुमार सिंह, बीडीओ अन्वेषा ओना, सीओ राम विनय शर्मा, थाना प्रभारी बिनोद कुमार यादव समेत इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के दोनों समुदाय की ओर से कई प्रबुद्ध लोग मौजूद थे। बैठक में मौजूद लोगों ने सबसे पहले परसौनी में हुई घटना की जमकर निंदा की। कहा गया कि समाज में अशांति फैलाने वाले शरारती तत्वों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं कहा गया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अशांति फैलाने वालों लोगों को चिह्नित किया जा रहा है। वैसे लोगों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा थाना क्षेत्र में आगे भी आपसी भाईचारा बनाए रखने की बात कही गई। साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई। वहीं कहा गया कि यदि क्षेत्र में कोई किसी तरह की अफवाह फैलाते है। उसकी प्रशासन को सूचना दे। मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। परसौनी गांव में दो समुदाय के बीच व्याप्त तनाव को लेकर पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारियों और दोनों पक्ष के लोगों की बैठक परसौनी गांव में आयोजित हुई। बैठक में आपसी सहमति बनी कि गांव के लोग प्रेम और भाईचारे के साथ रहेंगे। मारपीट जैसी घटना फिर कभी नहीं घटे इस पर सहमति जताई। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसडीओ मुमताज अंसारी ने कहा कि प्रेम व भाईचारे के साथ जीयें। अगर , कोई भी व्यक्ति अपराध करेगा उसके ऊपर पुलिस कार्रवाई करेगा। अपराध करें ही नहीं, तो पुलिस क्यों आएगी। पुलिस के काम में कोई भी व्यक्ति बाधा न डालें। अपराध से दूर रहें और अच्छा समाज का निर्माण करें।



निश्चित तौर पर पुलिस आपकी सहयोग करेगी। नियम कानून से चलें । अच्छा काम के लिए प्रशासन आपका सहयोग करेगा। साम्प्रदायिक विवाद को देखते हुए अप्रिय घटना से निपटने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन चतरा पूरी तरह तैयार है। इटखोरी सहित जिले के प्रमुख संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल और मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है। घटना स्थल और इसके आसपास के क्षेत्रों में भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। वहां आने-जाने वाले हर लोगों पर पुलिस अपनी पैनी नजर रख रही है। हालांकि स्थिति पूरी तरह से पुलिस के नियंत्रण में है।

उपायुक्त अबु इमरान व पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने इटखोरी में साम्प्रदायिक घटना के आलोक में वहां विधि व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु शान्ति समिति के साथ बीते देर रात ऑनलाइन बैठक किया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार से क्षेत्र की शांति व्यवस्था की जानकारी लेते हुए उन्होंने साम्प्रदायिक घटना को रोकने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने उक्त घटना को लेकर जिले के सभी प्रखण्डों को हाई अलर्ट में रहने का निर्देश दिया तथा कहा कि इस तरह की घटना को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं। उन्होंने दोषियों को चिन्हित कर उनको अविलंब ग्रिफ्तार करने का निर्देश दिया तथा कहा कि नामजद और प्राथमिक अभियुक्त अभिलंब सरेंडर करें अन्यथा उनके खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

**कंट्रोल रूम का गठन:** दो गुटों के मध्य तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सजग और मुस्तैद है। इस निमित जिले में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जहां प्रशासनिक पदाधिकारी ड्यूटी कर रहे हैं और क्षेत्र में होनेवाली गतिविधियों की जानकारी ले रहे हैं। आमजन से अपील है की वे तनिक भी विचलित न हों, प्रशासन उनको मदद के लिए हमेसा से तत्पर है।

## स्पीड न्यूज

### पंचायत समिति सदस्यों ने वित्त मंत्री को समस्याओं से कराया अवगत

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मारंगलोईया पंचायत समिति सदस्य राजकुमारी ने झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से मुलाकात कर क्षेत्र में पुल-पुलिया के अभाव में ग्रामीणों की समस्या को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। दिए ज्ञापन में राजकुमारी ने बताया है की बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मारंगलोइया पंचायत के विभिन्न गांव में काफी वर्षों से कई सड़क एवं पुल अत्यंत खराब अवस्था में है। बरसात के दिनों में एंबुलेंस सहित बड़े छोटे वाहन का आवागमण बंद हो जाता है। उन्होंने बिशनपुर मेन रोड से सोमनाथ भगत के घर होते हुए बलबल गांव तक एवं पुल निर्माण (3 .5 किलोमीटर), मध्य विद्यालय जिलंगा नवाटोली होते हुए इटके तक पथ एवं पुल निर्माण (एक किलोमीटर) बारा मेन रोड से कर्मदेव भगत के घर होते हुए करमटांड़ तक पथ निर्माण (डेढ़ किलोमीटर), मारंगलोइया में ईश्वर उरांव के घर से नहर होते हुए कोलपटिया गांव तक पथ निर्माण (1.5किलोमीटर), हेबना मंदिर से महूडार तक सड़क निर्माण (एक किलोमीटर), हेबना चरकु भुईँया के घर से नवाटोली तक सड़क निर्माण, धांधु पंचायत भवन से विशनपुर टोला-पिपराही तक पथ एवं पुल निर्माण, प्राथमिक विद्यालय विशनपुर से अखरा होते हुए संजय उराँव के घर तक पीसीसी निर्माण, मारंगलोइया सरहुल गंझु के घर से सुखेंद्रर महली के घर होते हुए काले उराँव के घर तक पीसीसी निर्माण, मध्य विद्यालय जिलंगा से बम बाजार तक पीसीसी निर्माण योजनाओं को स्वीकृति देने की मांग वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से की है। जिस पर वित्त मंत्री ने मदद का पूरा भरोसा जताया।

### ग्राम सभा का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड के टोंटी पंचायत सचिवालय परिसर में मुखिया शांति देवी व साल्वे पंचायत सचिवालय परिसर में ग्राम प्रधान शाहदेव गंझु की अध्यक्षता में सरकार की महत्वपूर्ण व पशुपालको को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना वर्ष 2023-24 में आवंटित लक्ष्य के अनुरूप प्रचार-प्रसार के उपरांत गुरूवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में पंचायत सचिव उमाशंकर कुमार सिंह ने बताया की पशुधन योजना से पंचायत के इच्छुक किसान पशुपालक बकरा, बकरी विकास योजन, बतख चुज्जा सुकर विकास योजना व ब्रायलर कुक्कुट लाभ सरकार 75 व 90 प्रतिशत अनुदान पर दे रही है। पशुधन योजना का लाभ लेने के लिए लाभुक आवेदन फॉर्म मे अपना नाम आवेदक की श्रेणी बैंक आधार सहित सभी प्रपत्र को भरकर पंचायत सचिवालय मे जमा करें। आगे बताया की यह योजना सरकार पशुपालन, कृषि को बढ़ावा देने के लिए लाई है।

### परिवार नियोजन पखवाड़ा के तहत 5 महिलाओं का किया गया बंध्याकरण

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को परिवार नियोजन पखवाड़ा के तहत पांच महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुरेश राम ने बताया कि अभी तक तीन दिन ऑपरेशन किया गया। जिसमें कुल 18 महिलाओं का बंध्याकरण किया जा चुका है। महिलाओं का बंध्याकरण लातेहार के महिला चिकित्सक डॉ. सीमा रानी, ओंटी असिस्टेंट मोहम्मद मजहर, एनएम विमला कुमारी, रीता कुमारी, समेत कई स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

### जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात घर के अनाज खाये, फसल रौंदा

**बारियातू।** प्रखण्ड अंतर्गत शिबला पंचायत के ग्राम झिरमतकोमा स्थित चपरी टोला में बीते रात जंगली हाथियों ने उत्पात मचाते हुए नरेश ठाकुर पिता देवकी ठाकुर के घर का दरवाजा तोड़कर घर मे रखे चावल को खाया। वहीं घर के आंगन की चार दिवारी को तोड़ फोड़ करते हुए कई किसानों का खेत मे धान रोपाई के लिए लगाए गए धान का विचड़ा खाकर रौंद दिया। पीड़ित नरेश ठाकुर ने बताया कि हम सभी परिवार प्रत्येक दिन के भांति बीते रात को भोजन के बाद सोए हुए थे की अचानक जंगली हाथियों ने अर्धरात्रि में आ धमके। आते ही मेरा घर का आंगन का चारदीवारी को तोड़ते हुए घर का दरवाजा तोड़कर घर में रखे अनाज को खाकर चट कर दिए। जब घर का दरवाजा टूटते हुए सभी परिवार को सुनाई दिया, तो गाँव वाले को फोन कर जानकारी दिए। किसी तरह सभी परिवार हाथी को घर के अंदर देखते ही डर से भयभीत हो गए, और उसके बाद हाथी ने घर से बाहर निकला और घर के आसपास में लगे कई किसानों का धान का बिचड़ा को खाकर नष्ट कर दिया। ग्रामीण ने वन विभाग से मुआवजा दिलाने के साथ जंगली हाथियों को इस क्षेत्र से अविलंब हटाने का मांग की।

### मोटरसाइकिल व टेंपो की भिड़ंत, दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ- चतरा एनएच 22 मुख्य पथ पर टमटम टोला पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार की रात्रि लगभग 9:30 बजे मोटरसाइकिल व टेंपो की हुई आमने सामने टक्कर में मनोज लोहरा 28 वर्ष पिता कोलेश्वर लोहरा एवं छटू लोहरा 30 वर्ष पिता मोहन लोहरा दोनों ग्राम रहिया थाना बरियातू घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ. अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक ईलाज की गई। बताया जाता है कि मनोज लोहरा एवं कोलेश्वर लोहरा दोनों अपना निजी कार्य से लातेहार गया हुआ था और वह वापस मोटरसाइकिल से अपने घर रहिया जा रहा था। इसी बीच टमटम पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रहा टेंपो एकाएक पेट्रोल पंप की तरफ मुड़ जाने के कारण दोनों की आमने सामने टक्कर हो गई। घटना के बाद बालूमाथ पुलिस टेम्पो को जप्त कर लिया है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में 14 वीं क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार में 14 वीं क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। उपायुक्त भोर सिंह यादव ने दीप प्रज्वलित कर कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस दौरान उपायुक्त भोर सिंह यादव ने कहा कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी ध्यान देना चाहिए स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से प्रतिभागियों की प्रतिभा में निखार आता है। उन्होंने प्रतिभागियों को को प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामना दिया। बताते चलें कि इस कुश्ती प्रतियोगिता में झारखण्ड, बिहार एवं पश्चिम बंगाल राज्य के 7 विद्यालयों के कुल 46 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। उपायुक्त श्री यादव ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। कुश्ती प्रतियोगिता के शुभारम्भ कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी लातेहार रोशन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सिंह, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह, जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार के प्रचार्य डॉ. प्रदीप कुमार सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।



दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते डीसी भोर सिंह यादव

## दवना हत्याकांड मामले में नक्सली कमांडर छोटू खरवार समेत 12 नक्सलियों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार/महुआडांड़।** नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत दवना गांव में बुधवार की रात नक्सलियों के द्वारा ग्रामीण की पीट-पीटकर की गई हत्या के मामले में पुलिस ने 12 नक्सलियों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। इन नक्सलियों में माओवादी रीजनल कमांडर छोटू खरवार, जोनल कमांडर मनीष, सब जोनल कमांडर उज्जवल सब जोनल कमांडर प्रदीप आदि के नाम शामिल है। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस के द्वारा सघन छापामारी अभियान चलाई जा रही है। इधर घटना के बाद शुक्रवार को आईजी राजकुमार लकड़ा और एसपी अंजनी अंजन दवना गांव पहुंचे और ग्रामीणों से मिले। हालांकि पुलिस अधिकारियों के गांव में पहुंचने के बाद पहले तो ग्रामीणों के द्वारा नाराजगी जताई गई। परंतु बाद में पुलिस के अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पुलिस हर कदम पर उनके साथ है। पुलिस के अधिकारियों ने ग्रामीणों को कहा कि नक्सलियों का मात्र एक ही उद्देश्य है कि गांव का विकास ना हो और ग्रामीण हमेशा विकास से वंचित रहे। एसपी अंजनी अंजन ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पुलिस हर सुख दुख में ग्रामीणों के साथ है। मौके पर ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं से भी पुलिस अधिकारियों को रूबरू कराया। जिस पर अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांव की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर महुआडांड़ डीएसपी राजेश कुजूर, महुआडांड़ थाना प्रभारी रतन टुडू, बारेसाढ़ थाना प्रभारी रंजीत यादव सहित जिला बल के जवान उपस्थित थे।



शुक्रवार को ग्रामीणों से मिलने पहुंचे आईजी और एसपी

## व्हील लोडर और एक्सकेवेटर की कमीशनिंग



**बोकारो।** टाटा हिताची निर्मित 02 नए व्हील लोडर और 01 हुंडई निर्मित डोजर ब्लेड वाले एक्सकेवेटर ओजी एंड सीबीआरएस विभाग के एमईएस .1 अनुभाग में ईडी ;संकार्यद्ध बीके तिवारी की उपस्थिति में कमीशनिंग की गई ।इन उपकरणों का उपयोग निर्बाध उत्पादन गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए संयंत्र में विभिन्न सामग्री प्रबंधन और हाउसकीपिंग कार्यों के लिए किया जाएगा। उपकरणों की विशेषताओं और अन्य विवरणों के बारे में विभाग के सीजीएम वीके सिंहए एजीएम सी सेठी और प्रबंधक प्रशांत किशोर ने जानकारी दी। कार्यक्रम में अनुरक्षणए सेवाएंए तकनीकी सेलए सीईडीए सिंटर प्लांटए सामग्री प्रबंधन विभाग के सीजीएमएटाटा हिताची प्रतिनिधिए ओजी और सीबीआरएस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी की उपस्थिति रही।

### स्कूल में कंप्यूटर शिक्षा का शुभारंभ

**बोकारो।** महिला समिति बोकारो द्वारा संचालित दोनों विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा का शुभारंभ हुआ।



बालमंदिरए कॉपरेटिव कॉलोनी में समिति की उपाध्यक्ष महोदया इति रथ तथा सौरभ शिशु मंदिरएसेक्टर 2 में प्रीति शरण के द्वारा कंप्यूटर कक्ष का अनावरण किया गया।


कार्यक्रम में बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा के महत्व और उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में बच्चों को उनकी शैक्षिक उपलब्धियों के लिए उपहार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में महिला समिति बोकारो की विद्यालय प्रभारी ऋचा प्रियदर्शिनीए सचिव वंदना झाए कोषाध्यक्ष रीता रानी तथा समिति की अन्य सदस्या तथा शिक्षकगण उपस्थित थे।

## कोल कर्मियों को बंधक बना कर केबुल लूटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल में लगातार आपराधिक वारदात को अंजाम देने में अपराधी जुटे हैं। कोयलांचल के धरती पर ही नहीं बल्कि पताल में भी अपराधी दस्तक दे रहे हैं ।अपराधी पाताल में जाकर के भी चोरी करने से नहीं चूक रहे है। ताजा मामला कतरास के रामकनाली ओपी क्षेत्र का है। रामकनाली बीसीसीएल की रामकनाली कोलियरी अंडरग्राउंड माइन्स के अंदर के तीन नंबर सिम में अपराधियों ने धावा बोला। ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को बंधक बनाकर केबल लूट की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार बीती रात रामकनाली कोलियरी के अंडरग्राउंड माइन्स के तीन नंबर सिम में अपराधी घुस गए। यहां काम करने वाले मजदूरों को अपराधियों ने बंधक बना लिया। माइंस के अंदर के केबल को काट कर अपराधी फरार हो गए। अपराधियों के चले जाने के बाद मजदूर बंधक से मुक्त हुए। जिसके बाद मजदूरों के द्वारा घटना की सूचना बीसीसीएल प्रबंधन को दी गई। सूचना मिलने के बाद बीसीसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि वेंटिलेशन को लगातार अपराधियों के द्वारा क्षतिग्रस्त कर खुदाई कर दी जा रही है। वेंटीलेशन को फिर से दुरुस्त कर दिया गया है। वहीं घटना को लेकर रामकनाली ओपी प्रभारी बीके चेतन ने कहा कि घटना



शिकायत बीसीसीएल के द्वारा अबतक नही की गई है।मामले की शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**वेंटिलेटर तोड़ कर खदान में घुसे थे अपराधी :** बीसीसीएल के परियोजना पदाधिकारी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि जितने भी अंडरग्राउंड माइन्स चलते हैं। उन सभी माइंस से गैस की निकासी के लिए अन्य स्थानों पर वेंटीलेशन लगाई जाती है। रामकनाली कोलियरी के अंडरग्राउंड माइन्स में गैस निकासी के लिए भी वेंटीलेशन लगाई गई थी। इस वेंटीलेशन की खुदाई कर अपराधी अंडर ग्राउंड माइंस के तीन नंबर सिम तक चले गए। जहां उनके द्वारा कर्मियों को बंधक बनाकर केबल लूट की घटना को अंजाम दिया गया है।

## पेज 3 का शेष

### वजूखाने का हिस्सा छोड़...

जिसके वैज्ञानिक विधि से जांच और कार्बन डेटिंग की भी मांग की गयी थी। इसका मामला सुप्रीम और हाईकोर्ट दोनों जगह पेंडिंग है। फिलहाल, इस मामले में वजू खाने के बाद पूरे परिसर के सर्वे की मांग की गयी थी। जिस पर कोर्ट ने अनुमति दे दी है।

### मनरेगा की लंबित योजनाएं...

इस योजना के तहत ग्रामीण युवक-युवतियों के अंदर की खेल प्रतिभा को निखारने का कार्य राज्य सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के 10 हजार विभिन्न ग्रामों में वीर शहीद पोटो हो योजना के तहत खेल मैदान बनाये जायेंगे। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत नवंबर माह 2024 तक राज्य में एक लाख सिंचाई कूप निर्माण किये जाने का लक्ष्य अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य में फूलो-झानो आशीर्वाद योजना शुरू की गयी है। इसके तहत वैसी महिलाएं जो जीविका के लिए सड़क पर हड़िया-दारू बेचती थीं, उन्हें रोजगार दिया जा रहा है। ऐसे में अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी महिला अब सड़क किनारे हड़िया-दारू बेचती न दिखे। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी दीदी बाड़ी योजना, पलाश मार्ट, मनरेगा अंतर्गत संचालित अन्य योजना सहित ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की एवं अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिये। मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर, मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### गड्ढे में डूबने से एलकेजी की...

इस विद्यालय का अपना पांच एकड़ जमीन जो स्वतंत्रता सेनानी भागीरथ सिंह के पुत्र दिग्विजय सिंह ने राज्यपाल के नाम से दान की थी। विद्यालय को कहीं से किसी प्रकार का सरकारी सुविधा का लाभ नहीं मिलता है। स्कूल का रखरखाव एवं शिक्षकों का वेतन ग्रामीणों के सहयोग से या पढ़ने वाले बच्चों के द्वारा दी जाने वाली फीस से होती है। स्कूल के प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश सोनी ने बताया कि रोज की भांति चारों बच्चियां छुट्टी के बाद घर के लिए निकल गयी थीं।

### फैजान के लैपटॉप से खुले...

आईएसआईएस की ओर से मिले असाइनमेंट को लेकर सक्रिय था। वह कोई बड़ी आतंकी साजिश रच रहा था। केंद्रीय जांच एजेंसियों ने जब फैजान अंसारी के आईएसआईएस के स्लीपर सेल होने की पुख्ता जानकारी हासिल की, तब उसे गिरफ्तार किया गया। उसके लैपटॉप की तलाशी ली गई तो उसमें से कई आपत्तिजनक डॉक्यूमेंट्स बरामद किये गये। **युवाओं का ब्रेनवॉश कर संगठन से जोड़ता था :** झारखंड के कई युवाओं के साथ ऑनलाइन चैटिंग के दौरान मजहबी दलील देकर उन्हें लगातार भड़काता रहता था। वह युवाओं का ब्रेनवॉश कर उन्हें संगठन से जोड़ रहा था। इस सिलसिले में आने वाले दिनों में कुछ और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

### 50 लाख कैश के साथ...

पैसे लेने के लिए गैंग के दो कुख्यात अपराधी एजाज और सिंह रांची आयेंगे। इसकी जानकारी मिलने के बाद एटीएस की टीम ने दोनों अपराधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी। आखिरकार रांची के गुप्त स्थान पर दोनों अपराधी रांची के बड़े कारोबारी से पैसा लेने पहुंचे और उनसे पैसा लेकर वे कार से कांके रोड होते हुए पिठोरिया की तरफ जाने लगे। कांके-पिठोरिया सड़क पर एक जगह एटीएस ने एक कत्रिम जाम लगाकर अपराधियों को पकड़ लिया। **चुनौती बना हुआ था अमन श्रीवास्तव :** छह जिलों की पुलिस के लिए चुनौती बना गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को झारखंड एटीएस ने बीते 16 मई को मुंबई से गिरफ्तार किया था। अमन श्रीवास्तव गिरोह जहां व्यवसायियों से रंगदारी वसूलता है। नहीं देने पर वाहनों में आगजनी और जान से मारने की धमकी भी देता है। अमन श्रीवास्तव के खिलाफ रांची, रामगढ़, लोहरदगा, हजारीबाग और लातेहार जिले के अलग-अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं।

# पंचायत क्षेत्रों के विकास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन कर योजनाओं का चयन करें : बैद्यनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह की उपस्थिति में उपायुक्त सह अध्यक्ष भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) न्यास परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान न्यास परिषद के सदस्यों के समक्ष बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने अपने संबोधन में कहा कि यह बैठक जिले के पंचायतों के विकास के लिए है। अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों के विकास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन कर योजनाओं का चयन करें।

### जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) न्यास परिषद की बैठक संपन्न

क्रमवार सभी योजनाओं को लिया जाएगा। आप सभी विकास में सहयोग करें। राज्य सरकार सभी क्षेत्र में विकास को लेकर अग्रसर है। इस दौरान उपायुक्त ने न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु विभिन्न योजनाओं के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में डीएमएफटी अंतर्गत लगभग 203 करोड़ रूपया की राशि उपलब्ध है। जिसे कल्याणकारी योजनाओं में खर्च किया जाना है एवं पूर्व में डीएमएफटी के तहत जो योजनाएं चल रही हैं उसमें खर्च किया जाना है।

### चिल्ड्रन पार्क, ओपन जिम, पार्किंग स्थल जीर्णोद्धार समेत कई योजना है प्रस्तावित

आगे उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च प्राथमिकताओं में धर्मपुर के पुराना पुलिस लाईन में डिजिटल लाइब्रेरी, चाहरदीवारी, मॉर्निंग वॉक पथ का निर्माण, चिल्ड्रन पार्क, ओपन जिम, बहुउद्देशीय भवन का जीर्णोद्धार एवं उसे इनडोर स्टेडियम के रूप में विकसित करना, पार्किंग स्थल, लातेहार जिला में बाजार टांड़ में बाजार शेड का निर्माण, झरिया डैम का जीर्णोद्धार एवं कीनामाड में मॉर्निंग वॉकर पथ का निर्माण, कीनामाड़ में प्रस्तावित क्रिटिकल केयर यूनिट सेंटर का चाहरदीवारी एवं मॉर्निंग वॉकर पथ का निर्माण, आयुष्मान हॉस्पिटल, लातेहार शहरी क्षेत्र में बस स्टैंड एवं ऑटो स्टैंड का नवनिर्माण, महुआडांड़ के अक्सी पंचायत में हॉकी स्टेडिम एवं लातेहार के भुसुर पंचायत में खेल मैदान निर्माण प्रस्तावित है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 24 करोड़ कि योजना ली गई है। जिसमे सरकारी विद्यालय की चहारदीवारी, आंगनबाड़ी केंद्र और एसीआर का निर्माण किया जाना है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों को डीएमएफटी के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका सहित सभी क्षेत्रों से योजनाओं को चयन कर एवं उन्हें अनुशंसा हेतु भेजने की अपील की गई। साथ ही उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान जो पीसीसी से कनेक्ट कर रहे हो उसका प्रस्ताव भेंजे, अगले बैठक में पीसीसी, पुलिया निर्माण योजनाएं ली जाएंगी। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं पंचायतों के प्रमुख उप प्रमुख, मुखिया उपस्थित थे।

# मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित

### जिला न्यायाधीश स्तर पर एआइजेएस गठन के प्रस्ताव पर फिलहाल सहमति नहीं : सरकार

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को संसद में बताया कि जिला न्यायाधीशों के स्तर पर नियुक्ति के लिए एक भर्ती तंत्र, अखिल भारतीय न्यायिक सेवा (एआइजेएस) स्थापित करने के प्रस्ताव पर फिलहाल कोई सहमति नहीं है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संविधान (42वां संशोधन) अधिनियम, 1976 ने संविधान में अनुच्छेद 312 अंत:स्थापित किया, जो अखिल भारतीय न्यायिक सेवाओं (एआइजेएस) के सृजन का उपबंध करता है। संवैधानिक उपबंध एआइजेएस के जिला न्यायाधीश स्तर पर सृजन को समर्थ करता है, जिसमें जिला न्यायाधीश से निम्न कोई पद सम्मिलित नहीं है। सरकार के दृष्टिकोण में उचित ढंग से तैयार अखिल भारतीय न्यायिक सेवा संपूर्ण न्याय परिदान प्रणाली को मजबूत करने के लिए आवश्यक है।

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के चलते पहले 12 बजे तक और फिर बाद में सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी। लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे दोबारा शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। सदन के आवश्यक कामकाज के बाद शून्यकाल की कार्यवाही शुरू हुई। पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने सदस्यों से सहयोग की अपील की। इसी बीच, संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मणिपुर संवेदनशील मुद्दा है। सरकार इस पर चर्चा के लिए तैयार है और



इससे पहले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी सरकार की ओर से आश्वासन दिया है। इसके बाद भी हंगामा जारी रहने पर कार्यवाही को सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इससे पहले राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कहा कि विपक्षी दल मणिपुर को केवल राजनीतिक मुद्दा बनाना चाहते हैं और इस पर चर्चा नहीं चाहते। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर मणिपुर मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए विपक्ष ने प्रश्नकाल स्थगित करने की मांग की। अध्यक्ष ओम बिरला के कहने पर सरकार की ओर से राजनाथ सिंह ने आश्वासन दिया कि सरकार मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मणिपुर की घटना बेहद संवेदनशील है और प्रधानमंत्री ने स्वयं इसकी निंदा करते हुए कठोर कारवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के कुछ दल मणिपुर पर चर्चा करना ही नहीं चाहते। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय है। सरकार चर्चा के लिए तैयार है, ऐसे में विपक्ष को सहयोग देना चाहिए।

### अभी और कम होंगे टमाटर के दाम : अश्विनी चौबे

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता और सार्वजनिक वितरण मामलों के राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि महाराष्ट्र के शहर नासिक, नारायणगांव, औरंगाबाद क्षेत्र सहित मध्य प्रदेश में टमाटर की नयी फसल आने के बाद अब इसके मूल्य में गिरावट आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम और कोलार (कर्नाटक) में सफेद मक्खी की बीमारी के कारण टमाटर की उपज प्रभावित हो गयी थी। इसके कारण इसके भाव चढ़ गये थे। फिलहाल आम लोगों के लिए सरकार 70 रुपये प्रति किलों में टमाटर उपलब्ध करवा रही है। श्री चौबे ने शुक्रवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ और राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ रियायती दरों में लोगों को टमाटर उपलब्ध करवा रहे हैं। अभी दिल्ली-एनसीआर सहित अन्य जगहों पर 70 रुपये प्रति किलो में टमाटर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

## स्पीड न्यूज

### विहिप नेता के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने का आदेश निरस्त

**नयी दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली हाइकोर्ट ने आलोक कुमार के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को निरस्त कर दिया है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने कहा कि इस मामले में शिकायतकर्ता हर्ष मांदर ने याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया है।

### सीमा हैदर ने नागरिकता दिलाने की राष्ट्रपति से लगायी गुहार

**नयी दिल्ली।** पबजी खेलते-खेलते भारत के सचिन के प्यार में आयी पाकिस्तान की सीमा हैदर ने भारत की नागरिकता दिलाने की गुहार लगायी है। सीमा हैदर ने वकील एपी सिंह के जरिये राष्ट्रपति को अर्जी दाखिल कर भारत की नागरिकता देने की मांग की है।

### ई-सिगरेट पर प्रतिबंध के उल्लंघन की जानकारी मांगी

**नयी दिल्ली।** ई-सिगरेट की बिक्री और इसके विज्ञापन को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सख्ती शुरू कर दी है। इसे बेचने वाले 15 वेबसाइटों को नोटिस भेजने के बाद मंत्रालय ने शुक्रवार को सभी राज्यों को पत्र लिखकर ई-सिगरेट पर प्रतिबंध के उल्लंघन की जानकारी मांगी है।

### बंगाल में आदिवासी महिलाओं को मल-मूत्र खिलाया

**दुगार्पुर।** मणिपुर में दो महिलाओं पर क्रूर अत्याचार के वीडियो की देशभर में हो रही निंदा के बीच पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान में दो आदिवासी महिलाओं पर राक्षसी अत्याचार का वीडियो सामने आया है। जानकारी के अनुसार, इन महिलाओं के साथ डायन होने के संदेह में अत्याचार किया गया। इस मामले में एक 60 वर्षीय वृद्धा और उसकी बेटी पीड़िता है। आरोप है कि महिलाओं को मल-मूत्र खाने के लिए मजबूर किया गया। भारत जकात माझी परगना महल की मदद से आदिवासी बुजुर्ग गुरुवार को न्याय की गुहार लगाने फरीदपुर थाने पहुंचे। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि शिकायत साबित होने पर कार्रवाई की जायेगी।

### टाइटलर के खिलाफ चार्जशीट पर 26 को आयेगा फैसला

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 84 के सिख विरोधी दंगों को लेकर कांग्रेस के पूर्व नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर फैसला टाल दिया है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने 26 जुलाई को फैसला सुनाने का आदेश दिया।

## भारतीय शोधकर्ताओं ने की अनोखी खोज, बाजार में लायेगा एमिल फार्मास्युटिकल

# आइवीआरआइ ने बनाया दुधारू पशुओं का पोषक आहार, किसानों की बढ़ेगी आय

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान (आइवीआरआइ) बरेली ने दुधारू पशुओं के लिए एक ऐसा पोषक आहार तैयार किया है, जो उन्हें पोषण तो प्रदान करेगा ही, साथ ही उन्हें संक्रामक बीमारियों से भी बचायेगा। इतना ही नहीं, इससे दूध की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। यह आहार जल्द ही बाजार में भी आने वाला है। केंद्रीय पशुपालन एवं मत्स्य पालन मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला की मौजूदगी में यह तकनीक एमिल फार्मास्युटिकल को हस्तांतरित की गयी है।

आइवीआरआइ के अनुसार, बाजार में वैसे तो पशुओं के लिए कई पोषक खाद्य पदार्थ मौजूद हैं,



लेकिन यह सामग्री बिल्कुल नयी किस्म की है। यह पशुओं के लिए पौष्टिक आहार की जरूरत को पूरा करती है तथा उनके प्रजनन स्वास्थ्य में भी सुधार करती है, जिससे उनकी नयी नस्ल भी तंदुरुस्त रहती है। इसमें प्रचुर मात्रा में खनिज एवं प्रोटीन मौजूद हैं। यह प्रचुर मात्रा में फाइटो-न्यूट्रिएंट्स युक्त हैं। फाइटो-न्यूट्रिएंट्स पौधों में पाए जाते हैं जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता में इजाफा करते हैं तथा संक्रमणों से बचाते हैं।

आइवीआरआइ ने इस आहार को लेकर उत्तर-पश्चिम भारत खासकर गंगा के मैदानी क्षेत्र में दुधारू पशुओं पर गहन परीक्षण किये, जिसमें पाया कि यह आहार गर्मी और बरसात में होने वाली कई संक्रामक बीमारियों से पशुओं का बचाव भी करता है। आइवीआरआइ का दावा है कि यह आहार मौजूदा उपलब्ध आहारों की तुलना में ज्यादा प्रभावी और कम लागत वाला साबित होगा।

एमिल फार्मास्यूटिकल्स के निदेशक डॉ इक्षित शर्मा ने कहा कि यह आहार दानेदार सामग्री के रूप में तैयार किया जायेगा, जिसे चारे में मिलाकर पशुओं को खिलाया जायेगा। यह इससे पशुपालक किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी, क्योंकि उन्हें ज्यादा और अच्छी गुणवत्ता का दूध मिलेगा और पशुओं की बीमारी पर होने वाले खर्च की भी बचत होगी।

दरअसल, एमिल सरकारी शोध संस्थानों द्वारा विकसित की गयी दवाओं जैसे सीएसआइआर द्वारा विकसित मधुमेह की दवा बीजीआर-34 तथा डीआरडीओ द्वारा विकसित सफेद दाग की दवा ल्यूकोस्किन को बाजार में सफलतापूर्वक उतार चुका है। अब उसका एनिमल हेल्थकेयर संभाग इस उत्पाद को भी बाजार में लाने जा रहा है।

## पीएम मोदी और श्रीलंकाई राष्ट्रपति के बीच सहयोग के कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भारत की सुरक्षा चिंताओं से उन्हें अवगत कराया और श्रीलंकाई तमिलों के प्रति देश की प्रतिबद्धता पूरा करने आग्रह किया।

श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे गुरुवार को भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नयी दिल्ली पहुंचे थे। शुक्रवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका हैदराबाद हाउस में स्वागत किया। यहां दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं की मौजूदगी में कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। भारत, श्रीलंका ने नवीकरणीय ऊर्जा, त्रिंकोमाली जिले में परियोजनाओं के आर्थिक विकास और यूपीआई उपयोग पर समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त बयान दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने श्रीलंकाई तमिलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्रीलंका सरकार तमिलों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। समानता, न्याय और शांति के लिए पुनर्निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ायेगी। साथ ही, उन्होंने मछुआरों के मुद्दे को मानवीय नजरिये से देखने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और श्रीलंका के सुरक्षा और विकास हित एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। इन मुद्दों पर श्रीलंका सरकार को भारत की संवेदनशीलता का ध्यान रखना चाहिए।

### हिंदू और मुस्लिम पक्ष दोनों ज्ञानवापी परिसर को अपना बताते हैं

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर को लेकर विवाद यह है कि इसे हिंदू पक्ष अपना और मुस्लिम पक्ष अपना हिस्सा बताता है। ऐसा विवाद है कि काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण करीब 2050 साल पहले महाराजा विक्रमादित्य ने कराया था। लेकिन, मुगल सम्राट औरंगजेब ने 1664 में इस मंदिर को तोड़वा दिया था और दावा किया कि मस्जिद का निर्माण मंदिर को तोड़कर उसी स्थान पर किया गया है। जहां पर आदि विशेश्वर का मंदिर हुआ करता था, उसी स्थान पर ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण किया गया है। इसे इस समय मुस्लिम अपना हिस्सा बताते हैं. याचिकाकताओं ने ज्ञानवापी परिसर का पुरातात्विक सर्वेक्षण करते हुए यह स्पष्ट करने की अपील की थी कि जो मस्जिद मौजूद है, वह किसी मंदिर को तोड़कर बनायी गयी है या फिर नए ढांचे पर इसे खड़ा किया गया है। हिंदू पक्ष यह भी अपील कर चुका है कि विवादित ढांचे का फर्श तोड़ कर यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि 100 फीट ऊंचा ज्योतिर्लिंग जो स्वयंभू विश्वेश्वरनाथ का है, वह इस स्थान पर मौजूद है भी या नहीं। इसके लिए कोर्ट ने कमिश्नर नियुक्त करते हुए एएसआई सर्वे कराये जाने की अनुमति शुक्रवार को दी है।

## राहुल की याचिका पर गुजरात सरकार को नोटिस, अब 4 अगस्त को सुनवाई

**मोदी सरनेम मामला**

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरनेम पर मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त को करने का आदेश दिया।

बेंच ने इस मामले में ट्रायल कोर्ट में शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी की ओर से पेश वकील महेश जेठमलानी को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। राहुल गांधी ने गुजरात हाइकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

गुजरात हाइकोर्ट ने मोदी सरनेम मामले में निचली अदालत द्वारा दोषी करार देने के आदेश को चुनौती देने वाली राहुल गांधी की याचिका को खारिज कर दिया था। सूरत कोर्ट ने राहुल गांधी को दो साल की सजा दी है। फिलहाल वह जमानत पर हैं। दोषी होने के चलते सांसद होने के अयोग्य हैं।

राहुल गांधी के खिलाफ सूरत कोर्ट में मानहानि की शिकायत दर्ज कराने वाले पूर्णेश मोदी ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल की है। पूर्णेश मोदी ने कोर्ट से मांग की है कि अगर दोषी ठहराए जाने वाले फैसले पर रोक की मांग को लेकर राहुल गांधी सुप्रीम का रुख करते हैं, तो कोर्ट बिना उनका पक्ष सुने कोई एकतरफा आदेश पास न करे।

### प्रधानमंत्री आज रोजगार मेले में 70 हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दिन में 10:30 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 70,000 से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री इन व्यक्तियों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि रोजगार मेला देशभर में 44 स्थानों पर आयोजित किया जायेगा। इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों व केंद्रशासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं।

### फिल्म 'अक्षरा' के लीड रोल में होंगी अक्षरा सिंह




रियल नाम का किरदार कई कलाकारों को उनको उनकी फिल्म में निभाते देखा गया है, लेकिन किसी कलाकार के नाम पर बनी फिल्म और उसमें लीड रोल निभाते देखना दुर्लभ ही रहा है। इस दुर्लभ को सुलभ बना रहे हैं फिल्मकार और वर्ल्ड वाइड के ओनर रत्नाकर कुमार। रत्नाकर कुमार इन दिनों भोजपुरी में फिल्म 'अक्षरा' लेकर आ रहे हैं, जिसकी मुख्य भूमिका में अक्षरा सिंह हैं। फिल्म का मुहूर्त हो चुका है, जहां खुद अक्षरा सिंह फिल्म के निमार्ता रत्नाकर कुमार और कुलदीप श्रीवास्तव के साथ मौजूद रहीं। ताजा खबर ये है कि फिल्म की शूटिंग भी गोरखपुर में शुरू हो गयी है और यह फिल्म इसी साल बॉक्स ऑफिस पर भी आने वाली है। अक्षरा सिंह ने फिल्म को लेकर कहा कि यह एक सम्मान की बात है कि मेरे नाम से कोई फिल्म बन रही है और उस फिल्म का हिस्सा मैं भी हूं।

# भीड़ ने मुख्य आरोपी का घर जलाया

## मणिपुर कांड : चारों आरोपी 11 दिन की पुलिस हिरासत में भेजे गये

### दो पीड़िताओं में से एक का पति भारतीय सेना में

**एजेंसी**

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में चार मई को लोगों के एक समूह द्वारा दो निर्वस्त्र महिलाओं की परेड कराने के मामले में महिलाओं की भीड़ ने मुख्य आरोपी के घर को जला दिया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इंफाल में महिलाओं की भीड़ ने गुरुवार देर शाम थौबल जिले के याइरीपोक गांव में हुइरेम हेरोदास सिंह (मैतेई) के घर में आग लगा दी। मणिपुर पुलिस ने गुरुवार रात कहा कि महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने के चौंकाने वाले मामले में सिंह (मैतेई) समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, सभी चार आरोपियों को 11 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

मुख्यमंत्री एनबीरेन सिंह, जिनके पास गृह विभाग भी है, ने मीडिया को बताया कि गिरफ्तार किये गये लोगों से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा पूछताछ की जा रही है। इस बीच, राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने मीडिया को बताया कि पीड़ित महिलाएं अब सुरक्षित हैं। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि 4 मई की घटना में शामिल अपराधियों का पता लगाने के लिए व्यापक तलाशी की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में कई पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इस बीच, दो पीड़िताओं में से एक के पति ने असम रेजिमेंट के सूबेदार के रूप में भारतीय सेना में सेवा की है। भारतीय शांति सेना के हिस्से के रूप में श्रीलंका में तैनात और कारगिल युद्ध के अनुभवी पूर्व सेना सूबेदार ने एक स्थानीय टेलीविजन चैनल से बात करते हुए अफसोस जताया कि हालांकि उन्होंने देश की रक्षा की, लेकिन वह अपनी पत्नी को भीड़ द्वारा अपमानित होने से नहीं बचा सके। व्यथित पूर्व सैन्यकर्मी ने दुख व्यक्त करते हुए कहा, मैंने कारगिल में देश के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन मैं इस बात से बहुत दुखी हूं कि मैं साथी ग्रामीणों को मेरी पत्नी को अपमानित करने और छेड़छाड़ करने से नहीं रोक सका।



### घटना ने पूरे देश को शर्मसार किया : निर्मला सीतारमण

**गुवाहाटी (हि .स .)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर की घटना से आज पूरा देश शर्मसार है। मणिपुर संवेदनशील और गंभीर परिस्थितियों से जूझ रहा है और साथ ही इस तरह की घटना ने सभी को आहत किया है। गुवाहाटी में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के अलंकरण समारोह में भाग लेते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने मणिपुर में हाल की घटना के बारे में संवाददाताओं से बात करते हुए यह टिप्पणी की।

# शेयर बाजार की तेजी पर ब्रेक सेंसेक्स-निफ्टी में बड़ी गिरावट

**निवेशकों को एक दिन में लगा 1.61 लाख करोड़ का चूना**

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार में लगातार छह कारोबारी दिन से जारी तेजी का सिलसिला शुक्रवार को जबरदस्त गिरावट के साथ थम गया। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक आज एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। दिन के कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,000 अंक से ज्यादा लुढ़का। इसी तरह, निफ्टी में भी 275 अंक से अधिक की गिरावट आयी। हालांकि, बाद में खरीदारी के सपोर्ट से इन दोनों सूचकांकों की स्थिति में कुछ सुधार जरूर हुआ। इसके बावजूद दोनों ही सूचकांक बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स ने 1.31 प्रतिशत और निफ्टी ने 1.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आयी गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति करीब 1.61 लाख करोड़ रुपये घट गयी। बीएसइ में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 302.43 लाख करोड़ रुपये (अस्थायी) हो गया। जबकि, पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 304.04 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.61 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। बीएसइ का सेंसेक्स आज 664.83 अंक की कमजोरी के साथ 66,907.07 अंक के स्तर पर खुला। अंतिम समय में इंट्रा-डे सेटेलमेंट की वजह से हुई खरीदारी के कारण सेंसेक्स निचले स्तर से मामूली रिकवरी करके 887.64 अंक की कमजोरी के साथ 66,684.26 अंक के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी ने भी आज 178.70 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 19,800.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। अंतिम समय में हुई खरीदारी के कारण निफ्टी ने निचले स्तर से मामूली सुधार करके 234.15 अंक की कमजोरी के साथ 19,745 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# सीबीएसइ ने 12वीं तक भारतीय भाषाओं में शिक्षा के लिए स्कूलों को भेजा परिपत्र

**बेहतर आउटकम की दिशा में यह एक अच्छी शुरुआत : प्रधान**

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) ने अपने सभी विद्यालय प्रमुखों को बालवाटिका से 12वीं कक्षा तक भारतीय भाषाओं में शिक्षा का विकल्प उपलब्ध कराने के लिए परिपत्र भेजा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसके लिए सीबीएसइ को बधाई दी है।

केंद्रीय मंत्री ने सीबीएसइ के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अपने सभी विद्यालयों में बालवाटिका से कक्षा 12वीं तक भारतीय भाषाओं में शिक्षा का विकल्प उपलब्ध कराने के लिए सीबीएसइ को बधाई देता हूं। उन्होंने आगे लिखा, एनइपी की परिकल्पना के अनुरूप यह विद्यालयों में भारतीय भाषा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देगा। शिक्षा में बेहतर आउटकम की दिशा में यह एक अच्छी शुरुआत है।

सीबीएसइ के निदेशक (शैक्षणिक) डॉ जोसफ इमानुवल ने शुक्रवार को बोर्ड से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुखों को भेजे गये परिपत्र में कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुच्छेद 412 में युवा शिक्षार्थियों के लिए बहुभाषिकता के महत्त्वपूर्ण संज्ञानात्मक लाभ पर बल दिया गया है। नीति में दृढ़ता से समर्थन किया गया है कि जहां तक संभव हो कम से कम कक्षा 5 तक, लेकिन अधिमानतः कक्षा 8 तथा अग्रिम कक्षाओं में मूल भाषा मातृभाषा, स्थानीय भाषा या क्षेत्रीय भाषा को शिक्षा के माध्यम के रूप में उपयोग किया जाये।

परिपत्र में आगे कहा गया है कि सीबीएसइ से संबद्ध सभी विद्यालयों को भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा प्रदान करके इस महान प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आवश्यकता है। भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा की सुविधा प्रदान करने की दिशा में की गयी उपरोक्त पहलों को ध्यान में रखते हुए, सीबीएसइ से संबद्ध विद्यालय, भारतीय संविधान की अनुसूची 8 में उल्लिखित भारतीय भाषाओं का उपयोग करने पर विचार कर सकते हैं। इससे प्राथमिक स्तर से लेकर माध्यमिक स्तर तक अर्थात पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं से लेकर 12वीं कक्षा तक भारतीय भाषाओं को वैकल्पिक माध्यम के रूप में उपयोग किया जा सकता है, जो अन्य उपलब्ध विकल्पों के साथ एक विकल्प हो सकता है।

VERMA PRESS®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !